सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 23 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 78, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## कंपनियों की पूंजी 1.02 लाख करोड़ घटी


सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। } 10

## राष्ट्रपति ने बिहार स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को बिहार स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि वे अपनी प्रतिभा तथा कड़ी मेहनत से बिहार और पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। } 12



### पंचम-स्कंदमाता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया। शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥ शंकर भगवान से विवाह होने के बाद इनको जो पुत्र हुआ उसका नाम स्कंद है। इनकी माता होने से ये स्कंद माता के नाम से जानी जाती हैं। पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता का नवरात्रि में पांचवें दिन पूजा-अर्चना की जाती है।

## जंग झेल रहे ओमान में आयी बाढ़ दो भारतीयों समेत 18 की हुई मौत

एजेंसी

ओमान। जंग झेल रहे ओमान में आफत की बारिश ने हाल बेहाल कर दिया है। अचानक आई बाढ़ की वजह से अब तक 18 लोगों ने अपनी जान गंवा दी है। इनमें केरल के रहने वाले दंपती भी शामिल हैं। वहीं, एक महिला अब भी लापता बताई जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को ओमान के अल बतिनाह गवर्नर के पास एक वाहन अचानक आए मूसलाधार पानी की चपेट में आ गया। चश्मदीदों के मुताबिक, पानी का बहाव इतना तेज था कि वाहन में सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस त्रासदी में यूसुफ और शामला नामक दंपती की जान चली गई। वहीं, रामला नाम की एक महिला अभी भी लापता हैं। हालांकि, ओमान पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है। ओमान से दुखद खबर सामने आने के बाद केरल के कांग्रेस नेता वी.डी. सतीशन ने पीएम मोदी से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ओमान के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समन्वय स्थापित करे, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाई जा सके। सतीशन ने अपने पत्र में कहा कि लापता महिला रामला की तलाश के लिए चलाए जा रहे 'सर्च ऑपरेशन' को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उनका कहना है कि क्षेत्र में भारी बारिश का सिलसिला थमा नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की है कि प्रभावित ...शेष पृष्ठ 10 पर

## देश में सबसे अधिक समय तक सरकार चलाने वाले नेता बने मोदी

### अमित शाह ने की सार्वजनिक जीवन में बिताये रिकॉर्ड 8,931 दिनों की सराहना

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र देश में सबसे अधिक समय तक सरकार चलाने वाले नेता बन गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में बिताए गए रिकॉर्ड 8,931 दिनों की रविवार को सराहना की और कहा कि यह सेवा, कड़ी मेहनत एवं अटूट प्रतिबद्धता पर आधारित एक मील का पत्थर है।

उन्होंने कहा कि पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और अब प्रधानमंत्री के रूप में मोदी द्वारा सार्वजनिक जीवन में 8,931 दिनों का रिकॉर्ड बनाया जाना राष्ट्र-प्रथम, शासन, कार्यों में ईमानदारी और प्रत्येक नागरिक की अथक सेवा के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शाह ने एक्स पर एक संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी रविवार को सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए भारत में सर्वाधिक समय तक सरकार के



प्रमुख रहने वाले व्यक्ति बन गए। गृह मंत्री ने कहा, 'मोदी जी की दशकों की सेवा ने एक नए युग को जन्म दिया है। चाहे गरीबों को उनके अधिकार दिलाना हो, विकास में नए मुकाम हासिल करना हो या वैश्विक मंचों पर देश का गौरव बढ़ाना हो, मोदी युग ने भारत को पूरी तरह से बदल दिया है। उन्होंने कहा कि इस नए भारत के निर्माण के लिए जीवन भर के प्रयास की आवश्यकता थी, और प्रधानमंत्री मोदी ने वह प्रयास किया। शाह ने कहा कि 24 वर्षों से अधिक समय तक बिना छुट्टी लिए राष्ट्र और उसकी जनता की सेवा करना उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यही कारण है कि उन्हें गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में तीन बार और भारत के प्रधानमंत्री के रूप ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मध्य पूर्व एशिया संकट पर पीएम मोदी ने बुलायी उच्च स्तरीय बैठक

नयी दिल्ली। मिडिल ईस्ट में गहराते युद्ध के संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बड़ी आपात बैठक बुलायी। पीएम आवास पर करीब साढ़े तीन घंटे चली इस हाई-लेवल मीटिंग में सीनियर कैबिनेट मंत्रियों के साथ कच्चे तेल, गैस और फर्टिलाइजर की सप्लाई चेन की समीक्षा की गई। सरकार का मुख्य फोकस युद्ध के बीच देश में ईंधन और बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इस उच्च स्तरीय बैठक में गृह मंत्री, वित्त मंत्री, विदेश मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री सहित कई वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री और शीर्ष अधिकारी शामिल रहे। पीएम हाउस पर हुई इस हाई लेवल मीटिंग में 13 कैबिनेट मंत्री भी मौजूद थे। इसमें गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन, विदेश मंत्री एस जयशंकर, पीयूष गोयल, हरदीप सिंह पुरी, प्रह्लाद जोशी, अश्विनी वैष्णव, के राम मोहन नायडू, जे पी नड्डा, सवार्नंद सोनोवाल, मनोहर लाल खट्टर और शिवराज सिंह चौहान शामिल थे। इसके अलावा बैठक में एनएसए अजीत डोभाल और पीएम के दोनों प्रिंसिपल सेक्रेटरी भी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश भर में निर्बाध आपूर्ति और कुशल वितरण सुनिश्चित करना है तथा सरकार इस दिशा में सक्रिय कदम उठा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 12 मार्च को कहा था कि पश्चिम एशिया में ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

#### धर्म ध्वजा फहराने की तैयारियां शुरू

अयोध्या। उत्तरप्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर और राम जन्मभूमि परिसर में मौजूद अन्य मुख्य मंदिरों पर धर्म ध्वजा फहराये जाने के बाद बाकी बचे छह उप-मंदिरों में भी ऐसी ही रस्में निभाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शनिवार को हुई एक बैठक के बाद बताया कि जिन मंदिरों में ध्वज फहराया जाएगा, उनमें सूर्य, भगवती, शिवलिंग, गणपति और हनुमान को समर्पित मंदिर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराने की रस्म आगामी दो अप्रैल को हनुमान जयंती के मौके पर की जाएगी। राय ने बताया कि बाकी पांच उप-मंदिरों के लिए रस्में 22, 23, 24, 25, 29, 30 और 31 मार्च को आठ दिनों तक अलग-अलग चरणों में पूरी की जायेंगी।

#### माता वैष्णो देवी यात्रा फिर शुरू

जम्मू। जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी के गुफा मंदिर की यात्रा अस्थायी स्थगन के बाद रविवार को फिर से शुरू कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने भवन क्षेत्र में भारी भीड़ के मद्देनजर यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी थी। दोपहर बाद तक करीब 39,000 श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे, जिसके चलते एहतियातन यह कदम उठाया गया। चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू हुई है और 27 मार्च को समाप्त होगी। अत्यधिक भीड़ के कारण यात्रा अस्थायी रूप से स्थगित की गई थी।

#### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह की मौत

काहिरा। कतर ने रविवार को कहा कि फारस की खाड़ी में उसके जल क्षेत्र में हुए एक हेलीकॉप्टर हादसे में छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। गृह मंत्रालय ने बताया कि इस हादसे में एक व्यक्ति अब भी लापता है। यह दुर्घटना एक दिन पहले हुई थी। रक्षा मंत्रालय ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना के लिए तकनीकी खराबी को जिम्मेदार ठहराया। गृह मंत्रालय के बयान में मृतकों की राष्ट्रीयता या यह स्पष्ट नहीं किया गया कि वे आम नागरिक थे या सैन्य कर्मी।

# सुपर स्पेशलिटी संस्थानों ने बढ़ायी प्रदेश की पहचान : सीएम

### नर्सिंग के साथ भाषा कौशल से मिलेगा वैश्विक अवसर, मुख्यमंत्री ने नव चयनित 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को दिया नियुक्ति पत्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आज नर्सिंग प्रोफेशनल्स की मांग केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में है। जापान और जर्मनी यात्रा के दौरान भी नर्सिंग प्रोफेशनल्स की डिमांड की गई। वहां भारत के नर्सिंग प्रोफेशनल्स के बारे में लोगों के मन में आदर का भाव है। यह सौभाग्य हमारे नर्सिंग प्रोफेशनल्स को प्राप्त है। ऐसे में नर्सिंग कोर्स के साथ एक भाषा में डिप्लोमा कर अपना भविष्य को और बेहतर बना सकते हैं।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कही। लोकभवन के सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया से चयनित नव चयनित नर्सिंग ऑफिसर्स को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इससे पहले नव चयनित नर्सिंग ऑफिसर्स ने मुख्यमंत्री के सामने अपने विचार साझा किए और उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में 1097 महिलाओं



और 131 पुरूष नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी पूर्वी उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति के लिए जाना जाता था। हालात इतने खराब थे कि हजारों लोगों की मौतें होती थीं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। इंसेफेलाइटिस और डेंगू जैसी बीमारियां हर साल बड़ी संख्या में लोगों की जान ले लेतीं थीं। यह क्षेत्र स्वास्थ्य संकट का केंद्र बना हुआ था। इन चुनौतियों के बीच प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर सुधारात्मक कदम उठाए गए। वर्षों से बंद पड़े एएनएम और जेएनएम प्रशिक्षण संस्थानों को फिर से शुरू किया गया। प्रदेश में 35 ...शेष पृष्ठ 10 पर

### सीएम ने देखी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारी

गौतमबुद्धनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का रविवार को स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध और मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 28 मार्च को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर एवं कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण करेंगे। साथ ही एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) परियोजना का शिलान्यास भी करेंगे। इसी को लेकर कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के संभावित ...शेष पृष्ठ 10 पर

### सीसीटीवी की निगरानी में होंगी सभी गोशालाएं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गो-रक्षा एवं गो-आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि गोसेवा भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है और इस क्षेत्र में समर्पित लोगों का सार्वजनिक सम्मान किया जाना चाहिए। शनिवार को गोसेवा आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री ने निराश्रित गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रत्येक गोशाला में 'भूसा बैंक' की स्थापना पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्थानीय किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों को गो-आश्रय स्थलों से जोड़ने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी गो-आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और इसके लिए सीएसआर फंड के प्रभावी उपयोग की संभावनाओं पर बल दिया। पारदर्शिता और तकनीक आधारित निगरानी से व्यवस्थाएं और सुदृढ़ होंगी। मुख्यमंत्री ने गोसेवा आयोग के पदाधिकारियों एवं पशुधन विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आयोग के पदाधिकारियों को 2-2 के समूह में मंडलवार भ्रमण कर 'भूसा बैंक' की स्थापना और गोचर भूमि के विस्तार कार्य को गति देने को कहा गया है। प्रत्येक भ्रमण की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। आयोग के भ्रमण में वरिष्ठ विभागीय अधिकारी भी होंगे। साथ ही, विभागीय मंत्री के नेतृत्व में राज्यव्यापी निरीक्षण और मुख्यालय स्तर से निदेशक द्वारा मासिक औचक निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गो-संरक्षण केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक खेती और सतत विकास का मजबूत आधार है। इस दृष्टि से गो-आश्रय स्थलों के संचालन में पारदर्शिता, तकनीक और जनसहभागिता को प्राथमिकता दी जाए।

## धामी कैबिनेट में विभागों का हुआ बंटवारा

### गृह, वित्त, सूचना रहेंगे सीएम के पास, सुबोध को स्वास्थ्य, मदन कौशिक को पंचायती राज

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में कैबिनेट विस्तार के बाद अब विभागों के नए बंटवारे ने शासन की दिशा और प्राथमिकताओं को स्पष्ट कर दिया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महत्वपूर्ण और संवेदनशील मंत्रालय अपने पास रखते हुए बाकी विभागों को मंत्रियों के बीच विभाजित कर प्रशासनिक ढांचे को पुनर्संतुलित किया है। नई व्यवस्था में मुख्यमंत्री ने सामान्य प्रशासन, गृह, वित्त, कार्मिक, सतर्कता, नियुक्ति एवं प्रशिक्षण और सूचना एवं जनसंपर्क जैसे अहम विभाग अपने पास ही रखे हैं। ये विभाग सरकार की नीतियों के संचालन और कानून-व्यवस्था पर सीधा प्रभाव डालते हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री लगभग





18 विभागों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इस फेरबदल में स्वास्थ्य विभाग सबसे महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में सामने आया है। धन सिंह रावत से स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा का प्रभार लेकर सुबोध उनियाल को सौंपा गया है। वहीं गणेश जोशी से ग्राम्य विकास विभाग हटाकर भरत सिंह चौधरी को दिया गया है। शहरी क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देते हुए राम सिंह कैड़ा को शहरी विकास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्ञातव्य है कि मंत्रिमंडल में पांच पद लंबे समय से खाली थे। इनमें एक पद पूर्व मंत्री चंदन राम दास के निधन और एक पद प्रेम चंद अग्रवाल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## होर्मुज स्ट्रेट नहीं खुला तो नष्ट करेंगे ईरान के विद्युत संयंत्र : ट्रंप

### पश्चिम एशिया संकट में कूदे जी 7 देश, खाड़ी देशों पर हमलों के लिए ईरान को दी चेतावनी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर उसने 48 घंटों के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग नहीं खोला तो अमेरिका उसके विद्युत संयंत्रों पर हमले करेगा। उन्हें नष्ट कर देगा, जिसकी शुरुआत सबसे बड़े संयंत्र से होगी। वहीं, जी7 देशों ने रविवार को मिडिल ईस्ट के कई देशों में आम लोगों और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की।

साथ ही, जी7 देशों ने ईरान के हमलों का शिकार हो रहे खाड़ी देशों के प्रति अपना समर्थन जताया है और ईरान को चेतावनी दी है। एक संयुक्त बयान में, जी7 देशों के विदेश मंत्रियों ने यूरोपीय यूनियन के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ मिलकर, इस बढ़ते तनाव से प्रभावित देशों के साथ एकजुटता दिखाई। ईरानी हमले की आलोचना करने वाले देशों में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि जी7 समूह



ईरान और उसके प्रॉक्सी के गलत हमलों के सामने इस इलाके में अपने साझेदारों का समर्थन करता है। बयान में कहा गया, 'हम यूएनएससी प्रस्ताव 2817 के मुताबिक, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन और इराक में आम लोगों और बुनियादी ढांचों, जिसमें ऊर्जा ढांचे भी शामिल है, पर बिना सोचे-समझे किए गए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।' जी7 देशों ने चेतावनी दी कि ईरान की हरकतें न सिर्फ निशाना बनाए गए देशों को खतरे में डालती हैं, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा पैदा करती हैं। उन्होंने तेहरान से अपनी सैन्य ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 27.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 14.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- दशैडो ऐप बेटियों की करेगा सुरक्षा (पृष्ठ-02)
- सीएम करेंगे एआई-आधारित निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ (पृष्ठ-02)
- एफपीआई ने शेयर बाजार से 88180 करोड़ निकाले (पृष्ठ-10)
- पश्चिम एशिया संघर्ष से तय होगी शेयर बाजार की चाल (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** सोशल मीडिया के उपयोग से खान-पान संबंधी विकार से लड़कियां होती है दोगुना पीड़ित : यूनेस्को

# आधी दुनिया ने स्कूलों में फोन के इस्तेमाल पर लगायी रोक

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूनेस्को के वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) दल ने बताया कि कक्षाओं में ध्यान केंद्रित करने में कमी और ऑनलाइन माध्यम से धमकाए जाने (साइबरबुलिंग) के मामलों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आधे से अधिक देशों ने स्कूलों में फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है।

दल ने पाया कि सोशल मीडिया के उपयोग से खान-पान संबंधी विकार से पीड़ित होने की संभावना लड़कों की तुलना में लड़कियों में दोगुना होती है। फेसबुक के एक शोध के अनुसार, इंस्टाग्राम के उपयोग के बाद 32 प्रतिशत किशोरियों में अपने शरीर को लेकर असंतोष की भावना बढ़ गई। रिपोर्ट में टिकटॉक के एल्गोरिदम को लेकर चिंताजनक रुझानों का जिक्र करते हुए कहा गया



है कि यह किशोरों को हर 39 सेकंड में शारीरिक छवि से जुड़ी सामग्री दिखाता है और हर आठ मिनट में खान-पान से जुड़े विकारों से संबंधित सामग्री दिखाता है। जीईएम के एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि हालिया वैश्विक निगरानी से पता चलता है कि फिलहाल 114 शिक्षा प्रणालियों में स्कूलों में मोबाइल फोन पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लागू है, जो दुनिया के 58 प्रतिशत देशों का प्रतिनिधित्व करता है। यह विस्तार काफी तेज रहा है। जून 2023 में, जब 2023 की जीईएम रिपोर्ट में पहली बार इसका आकलन किया गया था, तब 24 प्रतिशत से भी कम देशों में ऐसे प्रतिबंध थे। वर्ष 2025 की शुरुआत तक यह बढ़कर 40 प्रतिशत हो गया और मार्च 2026 तक इस आंकड़े में लगभग 20 प्रतिशत और बढ़ोतरी हो गई। स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाए जाने के मामलों में बढ़ोतरी कक्षाओं में बच्चों के ध्यान में कमी, ऑनलाइन माध्यम से धमकाए जाने (साइबरबुलिंग) और बच्चों पर डिजिटल माहौल के व्यापक प्रभाव को लेकर बढ़ती चिंताओं को दर्शाती है। हालांकि, वैश्विक परिदृश्य केवल प्रतिबंध की ओर साधारण बदलाव से कहीं अधिक जटिल है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## फरसा वाले बाबा की मौत के विरोध में हंगामा, 19 गिरफ्तार

जिला संवाददाता

मथुरा। मथुरा जिले में शुक्रवार की रात फरसा वाले बाबा के नाम से विख्यात गौसेवक बाबा चंद्रशेखर दास की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हंगामा करने और रास्ता जाम करने के आरोप में पुलिस ने एक शातिर अपराधी समेत 19 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि शनिवार की सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जब मथुरा के तीन दिवसीय दौरे के बीच गोवर्धन में दर्शन-पूजन व परिक्रमा कर रही थीं, तभी बड़ी संख्या में बाबा चंद्रशेखर के समर्थक एवं शिष्य दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकत्र हो गये और रास्ता जाम कर हंगामा किया था। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपियों ने न केवल अनावश्यक तौर पर राजमार्ग जाम किया, बल्कि पुलिस जब उन्हें वहां से हटाने पहुंची तो उन्होंने पथराव कर दिया जिसमें कई पुलिसकर्मी जख्मी हो गये और करीब 25 अन्य लोगों को भी चोटें आयीं। सूत्रों के मुताबिक उपद्रवियों ने पुलिस चौकी और सरकारी गाड़ियों पर भी पथराव करके उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में शनिवार देर शाम तक आरोपी दक्ष चौधरी व उसके साथियों के खिलाफ कोसीकलां थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया और ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# खेल अनुशासन, समन्वय और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने का माध्यम : सीएम

## प्रदेश के सभी 18 मंडलों में स्पोर्ट्स कॉलेज और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की होगी स्थापना, उत्तर प्रदेश को मिला स्टेट ऑफ द इयर का पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पोर्ट्स अवार्ड समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के इस सम्मान समारोह में शामिल होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है और इससे भी अधिक प्रसन्नता इस बात की है कि इस सम्मान समारोह का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान समारोह के कारण देश के इन प्रतिभावान खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश की धरती पर आगमन हुआ है। यह हम सबके लिए सम्मान का विषय तो है ही, साथ ही यह प्रदेश की नई पीढ़ी को खेल के क्षेत्र में अचीवमेंट्स हासिल करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगा। स्पोर्ट्स अवार्ड समारोह का आयोजन एक निजी मीडिया समूह ने किया था, जिसमें देशभर के दिग्गज खिलाड़ियों और खेल हस्तियों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, समन्वय और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने का माध्यम है। खेल भावना व्यक्ति को मजबूत बनाती है, विपरीत परिस्थितियों का सामना करने का साहस देती है और नई पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश में खेलों के विकास के लिए कई सार्थक प्रयास किए हैं।

उन्होंने बताया कि 2017 के बाद से हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शुरू किए गए खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहल को मुहिम की तरह आगे बढ़ाया। यही नहीं, वर्तमान में हमारी सरकार प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में एक खेल मैदान, हर ब्लॉक में एक मिनी स्टेडियम और हर जिले में एक स्टेडियम विकसित कर रही है। वाराणसी में बीसीसीआई के एक इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण हुआ है, गोरखपुर में भी इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही पिछले वर्ष मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय की शुरूआत की गई है। साथ ही हमारी सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के सभी 18 मंडलों में स्पोर्ट्स कॉलेज और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाए, जहां हमारे खेल क्षेत्र के दिग्गज खिलाड़ियों और अनुभवी प्रशिक्षकों के माध्यम से स्थानीय युवकों को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पधाओं के लिए ट्रेनिंग दी जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों को सम्मान और जॉब सिक्योरिटी देने के लिए हमारी सरकार ने खेल पॉलिसी में बदलाव लाकर खिलाड़ियों को राज्य में सरकारी नौकरियां देने की नीति लागू की है, जिससे वे निश्चिंत होकर अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने कहा कि मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमारी सरकार ने 500 से अधिक प्रतिभावान खिलाड़ियों को विभिन्न पदों पर सरकारी नौकरी प्रदान की है। इनमें से कई वरिष्ठ अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। समारोह के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को सम्मान देने के साथ-साथ युवाओं को प्रेरित करने का मंच प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी. टी. उषा सहित कार्यक्रम में शामिल हुई खेल जगत की हस्तियों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर देश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टेनिस जगत में देश का नाम रोशन करने वाले लिएंडर पेस को मेंटॉर ऑफ द इयर के पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया, जबकि हॉकी के दिग्गज पी. आर. श्रीजेश को भी उनके योगदान के लिए सराहा गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश को राज्य में विकसित हो रहे खेल ढांचे और नीतियों के लिए स्टेट ऑफ द इयर का पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में टीम ऑफ द इयर का पुरस्कार भारत की महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम को दिया गया, जबकि फेडरेशन ऑफ द इयर का पुरस्कार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को मिला। समारोह में बताया गया कि इस वर्ष मीडिया समूह की ओर से खेल की 45 श्रेणियों में 100 से अधिक प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया है, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और लगन से देश का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पधाओं में ऊंचा किया है। कार्यक्रम में फुटबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया, बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला, क्रिकेटर कुलदीप यादव, महिला क्रिकेट खिलाड़ी हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा, हरलीन देवल आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## प्रकृति को मां मानकर करें संरक्षण, 9 वर्षों में 242 करोड़ पौधे लगाये

**लखनऊ।** आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण असंतुलन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है, तब वनों का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में प्रकृति के साथ हुए खिलवाड़ के दुष्परिणामों को झेल रहा है। यह स्थिति हमें आत्ममंथन के लिए मजबूर करती है कि आखिर हमारे प्रयासों में कहां कमी रह गई। भारतीय वैदिक परंपरा में प्रकृति को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। हमारे ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले ही यह संदेश दिया था कि धरती हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं, माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः। ऐसे में हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि अपनी मां यानी धरती की रक्षा करे, उसके सम्मान और संरक्षण के लिए कार्य करे और उसके साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न होने दे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वानिकी संवाद के उद्घाटन समारोह में कहीं। इस दौरान सीएम ने कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया तथा विभिन्न लोगों को सम्मानित किया। उन्होंने वन विभाग की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

## मुख्यमंत्री ने वीर बच्चों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में वीर बच्चों को सम्मानित किया। तेंदुआ के हमले से खुद को व परिवार को बचाने वाले इन बच्चों की प्रशंसा करते हुए सीएम योगी ने इन्हें समाज के लिए प्रेरक बताया। सीएम योगी ने वानिकी व वन्य जीव क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट के अंतर्गत दो लाभार्थी किसानों को चेक भी वितरित किए गए।

सीएम ने बहराइच के 10 वर्षीय अच्छेलाल व प्रयागराज की तनु सिंह (18) को सम्मानित किया। अच्छेलाल 06 दिसम्बर 2025 को सायं 7 बजे अपने पिता के साथ साइकिल से खेत से वापस घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में अचानक गन्ने के खेत से तेंदुआ ने हमला कर दिया। तेंदुआ से मुकाबला करते हुए अच्छे लाल ने बहादुरी का परिचय देते हुए खुद को बचाया, जिससे हतोत्साहित होकर तेंदुआ भाग गया। इसी प्रकार 8 जनवरी 2026 को झूंसी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छिवैया में रतन सिंह के घर में अचानक तेंदुआ घुस गया। कमरे में उपस्थित तनु सिंह ने साहस और सूझ-बूझ का परिचय दिया। तनु ने अपने साथ दो छोटे बच्चों को बाहर निकाला और तेंदुआ को कमरे में बन्द कर दिया, जिससे बिना जनहानि के तेंदुआ को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

मुख्यमंत्री ने वानिकी व वन्य जीव क्षेत्र में वन विभाग के कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। सीएम के हाथों मुरादाबाद वन प्रभाग के उप क्षेत्रीय वन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, हमीरपुर वन प्रभाग के वन रक्षक सुनील कुमार गौंड, रामपुर वन प्रभाग के वन रक्षक शिवम कुमार व एटा वन प्रभाग की माली रीना शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# लखनऊ समेत 4 जिलों में अप्रैल से शुरू होंगे 25 नये वन स्टॉप सेंटर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई मजबूती देने की दिशा में योगी सरकार अप्रैल माह में 25 नए वन स्टॉप सेंटर शुरू करने जा रही है। इन नए केंद्रों के शुरू होने के साथ ही प्रदेश में संचालित वन स्टॉप सेंटर की कुल संख्या 96 से बढ़कर 121 हो जाएगी। खास बात यह है कि लखनऊ, जौनपुर, सोनभद्र और गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में सबसे ज्यादा 2-2 नए सेंटर खोले जा रहे हैं, जिससे इन जिलों में महिला सुरक्षा तंत्र को अतिरिक्त बल मिलेगा।

इन वन स्टॉप सेंटरों के माध्यम से हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। इसमें अल्प प्रवास की सुविधा, चिकित्सकीय सहायता, परामर्श सेवाएं, विधिक सहायता और पुलिस सहयोग शामिल है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की बड़ी जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए संकटग्रस्त महिलाओं को तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराने का यह

**● वन स्टॉप सेंटर की संख्या बढ़कर 121 होगी**

प्रभावी मॉडल बनकर उभरा है, जिससे पीड़ित महिलाओं को त्वरित राहत और न्याय की दिशा में मदद मिल रही है। लखनऊ, जौनपुर, सोनभद्र और गौतमबुद्ध नगर में दो-दो नए केंद्रों के अलावा अयोध्या, मिजार्पुर, महाराजगंज, मेरठ, प्रयागराज, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी, अलीगढ़, आजमगढ़, उन्नाव, जालौन, बहराइच, फिरोजाबाद, लखीमपुर खीरी, चंदौली और हरदोई जैसे जिलों में एक-एक नया वन स्टॉप सेंटर खोला जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक वन स्टॉप सेंटर पर आकस्मिक सेवा के लिए एक-एक वाहन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके। अब तक वन स्टॉप सेंटरों पर कुल 2.39 लाख मामलों में सहायता प्रदान की जा चुकी है। 96 से बढ़कर 121 वन स्टॉप सेंटर का यह विस्तार प्रदेश में महिलाओं के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सीएम योगी करेंगे एआई-आधारित निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ

## कार्यक्रम में 85 कंपनियों को प्रदान किया जायेगा लेटर ऑफ कंफर्ट और एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री 24 मार्च को लोक भवन, लखनऊ में उन्नत सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र 3.0 का भव्य शुभारंभ करेंगे। यह पहल प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने, उद्योगों की स्थापना को सरल बनाने और उत्तर प्रदेश को वन डॉलर ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ह्ययूपी प्राइवेट बिजनेस पार्क डेवलपमेंट स्कीम-2025 का भी शुभारंभ करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों (मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, सीमेंट, फूड प्रोसेसिंग, आयरन एंड स्टील, ऑटोमोबाइल और सेवाओं) से जुड़ी 85 कंपनियों को लेटर्स ऑफ कम्फर्ट, एलिजिबिलिटी सर्टिफिकेट, भूमि आवंटन पत्र और कुल 2,781.12 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। साथ ही, औद्योगिक विकास को नई गति देते हुए

**● सब्सिडी के रूप में सीएम योगी वितरित करेंगे 2,781 करोड़**

डिजाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट, ट्रांसफर यानी डीबीएफओटी (पीपीपी) फ्रेमवर्क पर आधारित अभिनव 'प्लग-एंड-प्ले इंडस्ट्रियल शेड्स योजना' का भी अनावरण किया जाएगा, जो निवेशकों को तत्काल उत्पादन शुरू करने में मदद करेगा। निवेश मित्र 3.0 को एक नेक्स्ट-जनरेशन डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार किया गया है, जो उद्योगों को स्वीकृतियों और क्लीयरेंस की प्रक्रिया को पहले से अधिक तेज, पारदर्शी और सहज बनाएगा। यह प्लेटफॉर्म निवेश मित्र 2.0 की मजबूत नींव पर आधारित है, जिसमें 43 विभागों की 530 से अधिक सेवाएं एकीकृत थीं। नए संस्करण में सेवाओं को तर्कसंगत बनाते हुए 40 से अधिक विभागों की 200 से कम सेवाओं तक सीमित किया गया है, जिससे अनावश्यक प्रक्रियाओं को समाप्त कर कार्यकुशलता बढ़ाई गई है। निवेशकों को बेहतर अनुभव देने के लिए इस पोर्टल में कई उन्नत तकनीकी सुविधाएं जोड़ी गईं हैं, जिनमें एआई-आधारित चैटबॉट द्वारा त्वरित सहायता, आवेदन की स्थिति पर रियल-टाइम एसएमएस अलर्ट, एकीकृत कम्बाइंड एप्लिकेशन फॉर्म (उअऋ), जीआईएस-आधारित लैंड बैंक से उपयुक्त भूमि की पहचान और ग्राउंड-ब्रेकिंग से लेकर उत्पादन तक ऑनलाइन ट्रैकिंग शामिल है। इसके साथ ही नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (ठरहर) के साथ एकीकरण से केंद्र और राज्य स्तर की स्वीकृतियों में बेहतर समन्वय सुनिश्चित होगा। प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए आवेदन प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। इसके तहत, लगभग 25% कम फील्ड, 15% कम दस्तावेज, करीब 20% कम प्रक्रियात्मक चरण को शामिल किया गया है। इन सुधारों से अनुमोदन प्रक्रिया अधिक तेज और निवेशक अनुकूल बनेगी। वर्ष 2018 में शुरू होने के बाद से निवेश मित्र पोर्टल ने 21 लाख से अधिक आवेदनों का निस्तारण किया है और 97% की प्रभावशाली सफलता दर हासिल की है। नया संस्करण इस सफलता को और आगे बढ़ाते हुए डिजिटल गवर्नेंस और डेटा-ड्रिवन सिस्टम को मजबूत करेगा। निवेश मित्र 3.0 और नई नीतियों के माध्यम से प्रदेश में निवेश का माहौल और मजबूत होगा, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह पहल उत्तर प्रदेश को देश के सबसे आकर्षक निवेश गंतव्यों में स्थापित करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत और वन डॉलर ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के दौरान एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके अलावा, द कन्वर्जेंस फाउंडेशन के साथ स्किल कनेक्ट सेल के लिए भी एमओयू किया जाएगा, जिससे उद्योग और कौशल विकास के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी समेत प्रदेश सरकार और इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## 2028 तक मत्स्य उत्पादन में बड़ी छलांग लगायेगा यूपी

**लखनऊ।** प्रदेश में वर्ष 2028 तक मत्स्य उत्पादन में बड़ी छलांग लगाएगा। मत्स्य विकास में निवेश परियोजनाओं को गति दिए जाने से राज्य में मत्स्य उत्पादन का आंकड़ा तीन वर्ष के भीतर 13.30 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 18 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है। इतना ही नहीं प्रदेश वर्ष 2028 तक मत्स्य बीज व आहार के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य भी प्राप्त कर लेगा। 30 कंपनियां मत्स्य क्षेत्र में 1407 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही हैं, जिससे प्रदेश के दो हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। ये कंपनियां वाराणसी, बाराबंकी, अमेठी समेत कई जनपदों में जल्द निवेश करेंगी। गत मीन महोत्सव में मत्स्य विभाग को 1200 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले, जबकि पिछले दिसंबर में हुए मत्स्य निवेश शिखर सम्मेलन में भी 207 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। मीन महोत्सव (27-28 फरवरी) में मिले निवेश प्रस्तावों के मुताबिक औरो सुंदरम फूड्स एंड फीड्स प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपये वाराणसी में निवेश करेगी। इसी तरह, प्रोबस स्मार्ट थिंक्स प्राइवेट लिमिटेड, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड तथा नेक्सजेन कंपनियां 200-200 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। दीपक नेक्सजेन फीड्स प्राइवेट लिमिटेड ने बाराबंकी में 100 करोड़ रुपये निवेश करने की इच्छा जताई है। आंध्र प्रदेश की नेक्सजेन फीड्स प्राइवेट लिमिटेड प्रदेश में फिश प्रोसेसिंग प्लांट लगाएगी।

# यूपीएसआईएफएस का द शैडो ऐप बेटियों की करेगा सुरक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा के लिए यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) ने एक अनूठी पहल की है। संस्थान के बीटेक स्टूडेंट्स की ओर से विकसित द शैडो (यूपीएसआईएफएस एप) एप स्टूडेंट्स, विशेषकर बेटियों की सुरक्षा व शैक्षणिक प्रबंधन को एक साथ मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह एप एक समग्र सुरक्षा-आधारित डिजिटल इकोसिस्टम के रूप में तैयार किया गया है, जो हर स्टूडेंट के साथ उसकी परछाईं की तरह जुड़ा रहेगा। यह तकनीक बेटियों को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास है।

यूपीएसआईएफएस के डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी ने बताया कि द शैडो इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स द्वारा ही विकसित किया गया है। इस एप की खासियत केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह स्टूडेंट्स की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके हर मूवमेंट को अधिकृत तरीके से ट्रैक करता है। कैंपस में प्रवेश, निकास, अवकाश अनुरोध और अन्य गतिविधियों को डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किया जाता है, जिससे संस्थान प्रशासन को रियल-टाइम जानकारी मिलती रहती है। इसमें अटेंडेंस, असाइनमेंट, परीक्षा प्रदर्शन और अकादमिक प्रगति का पूरा डेटा भी उपलब्ध रहता है, जिससे स्टूडेंट्स, पैरेंट्स व टीचर तीनों एक ही प्लेटफॉर्म पर जुड़े रहते हैं। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। एप में दिया गया पैरेंट-फर्स्ट अप्रूवल सिस्टम इसे और खास बनाता है। इसके तहत किसी भी छात्रा के कैंपस से बाहर जाने या विशेष अनुमति से जुड़े अनुरोध पर सबसे पहले अभिभावकों की मंजूरी अनिवार्य है। इससे बेटियों की सुरक्षा को एक अतिरिक्त परत मिलती है और अभिभावकों का विश्वास भी मजबूत होता है। इससे छात्राओं की स्वतंत्रता और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित होगा। द शैडो एप का एक और महत्वपूर्ण पहलू इसका इंटीग्रेटेड एसओएस इमरजेंसी कॉल सिस्टम है। यदि कोई छात्रा किसी भी प्रकार की असुरक्षित स्थिति में आती है, तो एक बटन दबाते ही संस्थान प्रशासन और अभिभावकों को तुरंत अलर्ट मिल जाता है।

यह सुविधा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करती है, जिससे किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सकता है। इसके साथ ही क्यूआर-कोड आधारित डिजिटल गेट पास सिस्टम भी लागू किया गया है, जिससे कैंपस में अनधिकृत प्रवेश और अवांछनीय गतिविधियों पर पूरी तरह नियंत्रण रखा जा सके। इंस्टीट्यूट की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नेहा सिंह के मार्गदर्शन में इस एप को बीटेक छात्र हर्ष व आदित्य मिश्रा ने विकसित किया है। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि यह ऐप दिखाता है कि कैसे डिजिटल तकनीक के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को और सशक्त किया जा सकता है।

# श्रीराम क्षत्रिय सेना की बैठक



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार को श्रीराम क्षत्रिय सेना इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान के निवास ग्राम हाथी खेड़ा, औरास, जिला उन्नाव में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान कबरोई गजेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने की।

संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने केन्द्र सरकार से विश्व विद्यालय अनुदान आयोग, विनियम,2026 को वापस लेने की मांग की और गजेंद्र प्रताप सिंह चौहान को जिला उपाध्यक्ष,कप्तान सिंह चौहान को जिला उपाध्यक्ष,शिवेंद्र सिंह को जिला संरक्षक , देंवेन्द्र सिंह गौर को जिला मीडिया प्रभारी, प्रदीप सिंह को जिला मंत्री, मनी शंकर सिंह को तहसील अध्यक्ष हसनगंज,धर्मेंद्र सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष औरास व विनोद सिंह को तहसील उपाध्यक्ष हसनगंज नियुक्त किया ।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ,उत्तर प्रदेश अजय बहादुर सिंह विशेन, प्रदेश संरक्षक दिलीप सिंह चौहान कल्लू डान, प्रदेश महामंत्री संदीप सिंह रैकवार,जिला संरक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू, जिला अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री नितिन सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# यूपीएससी में प्रदेश की तीन बेटियों ने लहराया परचम

## महंगे कोचिंग संस्थानों के बिना भी बड़ी सफलता हासिल कर रहीं यूपी की बेटियां

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की बेटियां अब सिर्फ सपने नहीं देख रहीं, बल्कि उन्हें साकार भी कर रहीं हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना इनके लिए ऐसे पंख बनकर उभरी है, जिसके सहारे वे देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा में सफलता का परचम लहरा रही हैं। संघ लोकसेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में इस योजना का लाभ लेकर प्रदेश की तीन बेटियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। खास बात ये है कि इस योजना के जरिए अब तक ढाई सौ से अधिक बेटियां सफलता हासिल कर चुकीं हैं और अधिकारी बनकर यूपी को दिशा दिखा रहीं हैं। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि योगी सरकार की शिक्षा केंद्रित योजनाओं की प्रभावशीलता का भी प्रमाण है।

2021 में शुरू हुई मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने अब तक एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों को जोड़कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मजबूत मंच दिया है गाजियाबाद के प्रताप विहार की रहने वाली मानसी ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 444वीं रैंक हासिल की। प्राइवेट जॉब करने वाले पिता समेत परिवार में पांच सदस्य हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद मानसी ने घर पर ही तैयारी की और अभ्युदय योजना के मार्गदर्शन से सफलता हासिल की। झांसी की अदिति सिंह ने 859वीं रैंक प्राप्त की। इंजीनियर पिता और शिक्षिका मां की बेटी अदिति ने सेल्फ स्टडी और ऑनलाइन माध्यम से तैयारी की। खास बात यह रही कि वह स्वयं भी अभ्युदय योजना के तहत अन्य छात्रों को पढ़ाकर उनकी मदद करती रहीं। आगरा की तनीषा सिंह ने 930वीं रैंक हासिल की। रेवेन्यू इंस्पेक्टर पिता और गृहिणी मां के परिवार से आने वाली तनीषा ने घर पर रहकर ऑनलाइन पढ़ाई की और अभ्युदय योजना की सहायता से सफलता प्राप्त की।

लखनऊ की रहने वाली कीर्तिका सिंह 2022 में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की परीक्षा में 58वीं रैंक हासिल कर डिप्टी एसपी बनीं।

# सरकार बनने पर महिलाओं को हर वर्ष देंगे 40 हजार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की दादी जी मूर्ति देवी एवं माता जी मालती देवी की याद में आज महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महिला सम्मान समारोह में फूलन देवी, जिन्हें समाजवादी पार्टी ने सांसद बनाया था, उनके नाम पर भी सम्मान दिया गया।

सामाजिक न्याय की दृष्टि से यह सम्मान ऐतिहासिक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव एवं मैनपुरी की सांसद श्रीमती डिम्पल यादव ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में साहित्य-संगीत, चिकित्सा, खेल, न्याय, जनजागरण, शौर्य, पत्रकारिता, हस्तशिल्प, शिक्षा, दलित विमर्श के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 26 महिलाओं को सम्मानित किया। समारोह में

**● सपा प्रमुख ने 26 महिलाओं को किया सम्मानित**

जनजागरण के लिए ऊदा देवी झलकारी बाई सम्मान, सामाजिक कार्यकर्ता रोशनी, खेल के क्षेत्र में रानी लक्ष्मी बाई सम्मान से क्रिकेटर पूनम यादव, जनआंदोलन के लिए महावीरी देवी बाल्मीकी सम्मान से ममता गौतम, साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए बेगम हजरत महल सम्मान से सुमन पाण्डेय और बुशरा, शिक्षा के क्षेत्र में सावित्री बाई-शेख फातिमा सम्मान से डॉ. रीता चौधरी और कहकशां अरबी, पर्यावरण के लिए अहिल्याबाई होल्कर सम्मान से डॉ. सुनीता यादव, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. रमा यादव सम्मान से डॉ. नय्यरा शकील, विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. कमर रहमान, वकालत के क्षेत्र में लीला सेठ सम्मान से नंदिनी वर्मा, संगीत के क्षेत्र में बेगम अख्तर सम्मान से अनीता गौतम और सुनीता झींगरन को सम्मानित किया गया।

इसी तरह से साहित्य के क्षेत्र में कमला चौधरी सम्मान से डॉ. रेनू यादव, हस्तशिल्प के क्षेत्र में कमला देवी चट्टोपाध्याय सम्मान से रिजवाना, अक्शा और अलशिफा, पत्रकारिता के क्षेत्र में महादेवी वर्मा सम्मान से डॉ. माद्री ककोटी और अजीज काविश लेनिन, दलित विमर्श के क्षेत्र में सरस्वती अम्माल अलमेलू अम्माल सम्मान से डॉ. प्रियंका सोनकर, बाल शिक्षा के क्षेत्र में दुर्गा देवी वोहरा सम्मान से सुनैना देवी, फिल्म थियेटर के क्षेत्र में जद्दन बाई सम्मान से अर्चना आर्य, मानवाधिकार के क्षेत्र में सरोजनी नायडू सम्मान से शहनाज सिद्दीकी, उर्दू साहित्य के क्षेत्र में इस्मत चुगताई सम्मान से डॉ. सबीहा अनवर, बहादुरी के लिए फूलन देवी सम्मान से रीमा गौतम, लोक नाट्य के क्षेत्र में गुलाब बाई सम्मान से मधु अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित महिलाओं को बधाई देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के लिए हमेशा काम किया है। आने वाले समय में समाजवादी सरकार बनने पर महिलाओं के सम्मान और समृद्धि के लिए फिर योजनाओं को लागू करेंगे। आधी आबादी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। श्री यादव ने कहा कि आज लिखने, बोलने आन्दोलन पर पाबंदी है। झूठे मुकदमें लिखे जाते हैं। अब यह बात साफ हो गयी है कि लोग जब बूथ पर जाएंगे तो भाजपा सरकार का पता नहीं चलेगा। इस सरकार में आधी आबादी को सबसे ज्यादा दुख और तकलीफ मिली है। जब तक महिलाओं के बारे में समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक तरक्की नहीं होगी। श्री यादव ने कहा कि देश में बेटियों को पढ़ाई के लिए सबसे पहले देश में नेताजी मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी सरकार में कन्याविद्या धन योजना शुरू की थी। समाजवादी पार्टी ने अपनी हर सरकार में उस योजना को लागू किया।

## 9 वर्षों में 242 करोड़ पौधे लगाये

**लखनऊ।** आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण असंतुलन जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है, तब वनों का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में प्रकृति के साथ हुए खिलवाड़ के दुष्परिणामों को झेल रहा है। यह स्थिति हमें आत्ममंथन के लिए मजबूर करती है कि आखिर हमारे प्रयासों में कहां कमी रह गई। भारतीय वैदिक परंपरा में प्रकृति को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। हमारे ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले ही यह संदेश दिया था कि धरती हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं, माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः। ऐसे में हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि अपनी मां यानी धरती की रक्षा करे, उसके सम्मान और संरक्षण के लिए कार्य करे और उसके साथ किसी प्रकार का खिलवाड़ न होने दे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय वानिकी संवाद के उद्घाटन समारोह में कहीं।

# कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिला



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक इंदल रावत के नेतृत्व में बिधनू थाना क्षेत्र के कठेरूआ में घटित नाबालिग दलित बच्ची के साथ हुई हैवानियत के पीड़ित परिवार से मिलने गया। पूर्व विधायक इन्दल कुमार रावत के साथ प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला, पूर्व विधायक संजीव दरियावादी, सुमन तिवारी, साकेत सेंगर, महेश शुक्ला, सतीश दीक्षित,पूजा भारद्वाज, सीता अग्निहोत्री, शक्ति पांडे, अलकेश शुक्ला,विशाल रावत,दीपक त्रिवेदी, शैलेश त्रिपाठी रहे। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनका दुःख दर्द साझा किया इसके बाद गांव के लोगों से भी बात की। पूर्व विधायक इन्दल कुमार रावत ने कहा कि नाबालिग बच्ची की हत्या के बाद शव को छुपाने की साजिश में पूरा परिवार शामिल हैं इसलिए सभी को मुल्जिम बनाया जाए और पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का काम करे, रावत ने कहा कि बाबा का बुलडोजर कहां पंचर खड़ा है, बुलडोजर निकाल कर दलित बच्ची से हैवानियत करने के दोषियों के घर पर चलाना चाहिए।

# सदन में हंगामे के बीच बिना चर्चा 46 अरब 92 करोड़ का बजट पास

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम सदन ने रविवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 का 4692.71 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया। अब तक के इतिहास में सबसे कम चले सदन सिर्फ 45 मिनट में बजट को पास कर दिया गया। भाजपा, कांग्रेस व सपा पार्षदों के बीच नोंकझोंक भी हुई लेकिन भाजपा पार्षदों के बहुमत होने से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का विरोध भी काम नहीं आ सका। हंगामे के बीच चालू वित्तीय 2025-26 का पुनरीक्षित बजट भी पास कर दिया गया, हालांकि यह पहले ही खर्च किया जा चुका है। बजट में शहर के 110 वार्डों में सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण, नाला-सफाई, पार्कों का सौंदर्यीकरण, ओपन जिम, नए वेंडिंग जोन, ट्रांसफर स्टेशन, विद्यालयों का कायाकल्प, आंगनबाड़ी केंद्र, महिला हॉस्टल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और मियावाकी वन जैसे कई विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इसके अलावा तालाबों और झीलों के सौंदर्यीकरण तथा नए सार्वजनिक स्थलों के निर्माण की भी योजना है।

नगर निगम और जलकल विभाग का बजट कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चरनजीत गांधी ने सदन में प्रस्तुत किया। बजट पेश होते ही विपक्ष ने बिना चर्चा इसे पारित करने का विरोध किया और सदन में जोरदार हंगामा हुआ। विपक्षी पार्षद लगातार चर्चा की मांग करते रहे, लेकिन सत्ता पक्ष ने संख्या बल के आधार पर बजट को पारित करा लिया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए सभी 110 वार्डों में पॉस मशीनों से गृहकर और यूजर चार्ज जमा करने की व्यवस्था नए वित्तीय वर्ष से की जा रही है। समय पर एकमुश्त कर जमा करने पर 8 से 10 प्रतिशत तक की छूट देने का भी प्रस्ताव है। जिसमें अप्रैल, मई एवं जून में ऑनलाइन भुगतान पर 10, 08,05 प्रतिशत एवं ऑफलाइन जमा करने पर 08, 06, 04 प्रतिशत की छूट की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पॉस मशीन से भुगतान करने पर पेटीएम के जरिए उपभोगताओं को अपनी तरफ से विशेष कैशबैक ऑफर दिए जाएंगे।

**नगर निगम की आय में वृद्धि :** नगर निगम की आय में इस वित्तीय वर्ष में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। गृहकर के रूप में अब तक 517 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 105.35 करोड़ रुपये अधिक है। इसके अतिरिक्त स्वच्छता संबंधी मदों से 46 लाख रुपये की आय अर्जित की गई है। अन्य मदों में भी आय में अच्छा इजाफा हुआ है। यूजर चार्ज से 28.52 करोड़ रुपये की आय हुई, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 9.70 करोड़ रुपये अधिक है। विज्ञापन से 16.16 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो बीते वर्ष की तुलना में 9.48 करोड़ रुपये ज्यादा हैं। किराया (रेंट) से 4.52 करोड़ रुपये की आय हुई, जो पिछले वर्ष से 1.49 करोड़ रुपये अधिक है। वहीं पार्किंग से 4.32 करोड़ रुपये की आय हुई।

**271 करोड़ में मरम्मत, 43 करोड़ में जगमग होंगी सड़कें :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि आगामी वर्ष में सड़कों के अनुरक्षण और मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। खराब सड़कों पर पैचवर्क कराया जाएगा और मुख्य मार्गों को दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 271 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइटों का विस्तार और सुधार किया जाएगा, जिससे रात के समय आवागमन सुरक्षित हो सके। इसके लिए बजट में कुल 42.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। महापौर की निधि 20 करोड़ और नगर आयुक्त की निधि 10 करोड़ से काम होंगे जबकि पार्षदों की वार्ड विकास प्राथमिकता निधि नहीं बढ़ाई गई है।

**स्वच्छता और कूड़ा निस्तारण पर विशेष जोर :** शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए कूड़ा निस्तारण व्यवस्था एवं स्वच्छ सर्वेक्षण को और मजबूत किया जाएगा। इसके लिए बजट में 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नियमित सफाई अभियान (नियमित एवं कार्यदायी संस्था कर्मचारी), नाला-नालियों की सफाई और सड़कों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए बजट में 255 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**वेंडिंग जोन और बाजारों का होगा विकास :** नए मॉडल वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे, जिससे फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित स्थान मिल सके। इससे जहां एक ओर रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रहेगी। इसके लिए बजट में 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**हरित क्षेत्र और पर्यावरण संरक्षण पर फोकस :** पर्यावरण संरक्षण के तहत पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और शहर में मियावाकी वन विकसित किए जाएंगे। हरित क्षेत्र बढ़ाने के साथ ही शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में भी कार्य किए जाएंगे। इसके लिए बजट में डिपाजट मद से कार्य कराए जाएंगे।

**नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए ओपन जिम :** विभिन्न स्थानों पर ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे, जिससे नागरिकों को निःशुल्क व्यायाम की सुविधा मिल सके और वे स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। इसके लिए नगर बजट में 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**चकबस्त में नया जोनल कार्यालय :** चकबस्त क्षेत्र में नए जोनल कार्यालय और मुख्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। वहीं नगर निगम के विद्यालयों का कायाकल्प किया जाएगा और एक नए विद्यालय का निर्माण भी प्रस्तावित है। इसके साथ ही 40 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएंगे, जिससे बच्चों के पोषण और शिक्षा को मजबूती मिलेगी।

**महिलाओं और युवाओं के लिए नई सुविधाएं :** महिलाओं के लिए छात्रावास, युवाओं के लिए रैकेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और आम नागरिकों के लिए पब्लिक लाइब्रेरी बनाई जाएंगी। इसके अलावा शहर में अर्बन प्लाजा और हाईटेक नर्सरी विकसित करने की भी योजना है।

**तालाबों और झीलों का सौंदर्यीकरण :** अमृत योजना के अंतर्गत शहर के प्रमुख जल स्रोतों– प्रेम, राधा, बिरूरा, चिनहट मल्हौर तालाब और हैवतमऊ झील–का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इससे न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी।

**कल्याण मंडप व उत्सव वाटिका बनेंगे :** खाली पड़ी भूमि पर उत्सव वाटिका और कल्याण मंडप बनाए जाएंगे। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**विपक्ष ने लगाए आरोप, पक्ष-विपक्ष के बीच हंगामा :** नगर निगम सदन की बैठक में रविवार को पुनरीक्षित बजट को लेकर हंगामा हुआ। विपक्षी पार्षदों ने आरोप लगाया कि बजट को सदन में नियमपूर्वक प्रस्तुत किए बिना ही पास करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई, जो नियमों के खिलाफ है। सपा पार्षद सैयद यावर हुसैन रेशू ने कहा कि जब पुनरीक्षित बजट सदन में रखा ही नहीं गया, तो उसे पास कैसे किया जा सकता है। इस मुद्दे पर सदन में हंगामा हुआ। कांग्रेस की ममता चौधरी, मुकेश सिंह चौहान और भाजपा पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। बढ़ते विवाद के बीच स्थिति को संभालने के लिए वित्त एवं लेखा अधिकारी महमिलिंद लाल को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने सदन में पुनरीक्षित बजट प्रस्तुत किया और उसका विवरण पढ़कर सुनाया। इसके बाद ही सदन की कार्यवाही आगे बढ़ सकी।

**अब कमेटी नहीं बनती :** कांग्रेस पार्षद ममता चौधरी ने सवाल उठाया कि पहले विकास कार्यों के लिए समितियां बनती थीं, जिनमें सत्ता और विपक्ष दोनों को जगह मिलती थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया ठप है। इस पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि वह कमेटी बना देंगी, जिसमें 10 कांग्रेस और 10 सपा पार्षद होंगे। यह कहते ही सदन में ठहाके गूंज उठे, क्योंकि कांग्रेस के पास केवल दो पार्षद हैं। इसी पर ममता चौधरी भड़क गईं और बोलीं आज मेरी हंसी उड़ा लीजिए, लेकिन वक्त बदलता है।

**जलकल विभाग का बजट भी पास :** जलकल विभाग ने भी वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विभाग का मुख्य कार्य शहर में पेयजल आपूर्ति और सीवर व्यवस्था का संचालन है। विभाग की कुल आय 487.23 करोड़ रुपये और व्यय 483.45 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। इस प्रकार करीब 3.78 करोड़ रुपये का लाभ अनुमानित है। जलकल विभाग ऑनलाइन बिलिंग के माध्यम से वसूली बढ़ा रहा है और नई कॉलोनियों में जल व सीवर व्यवस्था का विस्तार किया जा रहा है। कुछ क्षेत्रों में सीवर सिस्टम की जिम्मेदारी भी विभाग ने स्वयं संभाली है।

**नगर निगम की लचर पैरवी, ठेकेदार को देना पड़ा 5.48 करोड़:** लखनऊ। कोर्ट में कमजोर कानूनी पैरवी की वजह से नगर निगम को 5.48 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। सदन में रखी गई बैलेंस शीट में अवगत कराया गया कि नगर निगम को लायंस सर्विसेज कंपनी को उक्त रकम देनी पड़ गई। सदन में जानकारी दी गई कि ठेकेदार कंपनी लायंस सर्विसेज को 5.48 करोड़ देने के लिए नगर निगम का खाता फ्रीज हुआ है। अदालत की आदेश पर यह रकम नगर निगम के खाते से निकल गई। कामर्शियल कोर्ट में नगर निगम ने प्रभावी पैरवी नहीं की। अपना पैसा बचाने के लिए ऊपरी अदालत में भी ठोस पैरवी भी नहीं की गई। इसमें बड़ा खेल किया गया है। अनुबंध की शर्तों का पालन न करने पर तत्कालीन नगर आयुक्त ने रोका था पैसातत्कालीन नगर आयुक्त ने कंपनी के साथ हुए अनुबंध में शर्तों के उल्लंघन पाए जाने पर इसका पैसा रोका था। इसके बाद ठेकेदार कामर्शियल कोर्ट गया था। नगर निगम की ढीली कानूनी पैरवी फायदा ठेकेदार को मिला। मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी महामिलिंद ने कहा कि निगम के खाते से पैसा निकला इसलिए उन्होंने सदन में इसका प्रस्ताव रखा। उन्हें भी इस पूरे प्रकरण की जानकारी नहीं है।

# खनिज एवं उपखनिज खनन से हुई राजस्व प्राप्ति में वृद्धि

विशेष संवाददाता (vol)

- **सोनभद्र से सर्वाधिक 678.28 करोड़ रुपये की हुई राजस्व प्राप्ति**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में फरवरी माह के राजस्व संग्रह के आंकड़े जारी किए गए। जिसके अनुसार प्रदेश के खनिज संपदा से संपन्न प्रमुख दस जनपदों से लगभग 2543.42 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया। जिसमें सर्वाधिक राजस्व प्राप्ति सोनभद्र जनपद से हुई है, इसी क्रम में महोबा, हमीरपुर, झांसी और जालौन जनपद खनन आधारित राजस्व प्राप्ति में प्रमुख रहे।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग प्रदेश में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण और पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए राजस्व संग्रह में वृद्धि सुनिश्चित कर रहा है। इस क्रम में खनिज एवं उपखनिज के खनन से फरवरी माह में सर्वाधिक राजस्व प्राप्ति सोनभद्र जनपद से हुई है। सोनभद्र जनपद ने मुख्य खनिजों के खनन से 402.79 करोड़ रुपये, जबकि उपखनिजों के खनन से 275.49 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। वहीं महोबा ने 394.9 करोड़ रुपये, हमीरपुर ने 389.61 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया। जबकि झांसी से 215.83 करोड़ रुपये, जालौन से 225.62 करोड़ तथा सहारनपुर से 227.58 करोड़ रुपये के राजस्व की प्राप्ति दर्ज की गई। इस क्रम में अन्य प्रमुख जनपदों में बांदा ने 209.98 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया, जबकि प्रयागराज से 136.9 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। फतेहपुर और कौशांबी जैसे जनपदों से क्रमशः 40.31 करोड़ रुपये और 24.41 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया।

समीक्षा बैठक में विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के दस प्रमुख खनिज संपन्न जिलों से फरवरी माह में लगभग 2543.42 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो विभागीय प्रयासों और सुदृढ़ निगरानी व्यवस्था का परिणाम माना जा रहा है।

# नमामि गंगे योजना के तहत 10 गुना बढ़े सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट

## पांच हजार मिलियन लीटर प्रतिदिन वेस्ट वाटर किया जा रहा साफ

**लखनऊ।** प्रदेश में नदियों की निर्मलता और गंदे पानी के शोधन के काम में योगी सरकार ने नौ वर्षों में रफ्तार कई गुना बढ़ा दी है। 2017 से पहले जहां नमामि गंगे के तहत सिर्फ 5 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) इंस्टॉल हो पाए थे, वहीं 2017 के बाद पिछले 9 साल में ऐसे 50 से अधिक एसटीपी इंस्टॉल किए गए हैं, यानी इस अवधि में क्षमता लगभग 10 गुना बढ़ी है।

प्रदेश में लगभग 160 एसटीपी इंस्टॉल किए गए हैं, जिनके माध्यम से प्रतिदिन लगभग पांच हजार मिलियन लीटर (एमएलडी) वेस्ट वाटर को शुद्ध कर नदियों में जाने से रोका जा रहा है। पूर्व की सरकारों की तुलना में मौजूदा योगी सरकार में सीवर शोधन ढांचे के विस्तार की रफ्तार लगभग दस गुना तक बढ़ी है।

नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की संरचना तैयार की जा रही है। 2017 से पहले जहां नमामि गंगे के अंतर्गत केवल 5 एसटीपी इंस्टॉल हो सके थे, वहीं योगी सरकार में 50 से अधिक नए एसटीपी इंस्टॉल किए गए हैं। राजधानी लखनऊ में इस समय कुल 09 सीवेज शोधन संयंत्र संचालित हैं, जिनकी कुल शोधन क्षमता 624.50 एमएलडी है। इन संयंत्रों के जरिए गोमती एवं उसकी सहायक नदियों में गिरने



वाले पानी को पहले ही शुद्ध किया जा रहा है। संचालित एसटीपी भरवारा, दौलतगंज (शहरी), दौलतगंज (ग्रामीण), हाथी पार्क, जीएच कैनाल, वृंदावन, यूपी आवास विकास परिषद क्षेत्र और सीजी सिटी आदि स्थानों पर स्थापित हैं। इन प्लांटों से निकला ट्रीटेड वॉटर एक ओर नदियों को स्वच्छ रखने में मदद कर रहा है, वहीं चरणबद्ध तरीके से इसके पुनः उपयोग (रीयूज) की योजना भी तैयार की जा रही है।

लखनऊ में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत राज्य स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा कुल 03 एसटीपी निमार्णाधीन हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 153.50 एमएलडी होगी। ये प्लांट बारिकल, लोनियांपुरवा और बिजनौर क्षेत्रों में बनाए जा रहे हैं।

**राजधानी में सीवेज शोधन क्षमता पहुंचेगी 1000 एमएलडी के पार :** इसके अलावा लखनऊ में 4 नए एसटीपी बसंत कुंज, वजीरगंज, जियामऊ और मस्तेमऊ के निर्माण का प्रस्ताव है, जिनकी कुल क्षमता 342 एमएलडी होगी। इन संयंत्रों के तैयार हो जाने के बाद राजधानी में सीवेज शोधन क्षमता 1000 एमएलडी से अधिक पहुंचने का अनुमान है। 2017 से पहले नदियों की निर्मलता की योजनाएं कागजों तक सीमित रहीं और एसटीपी निर्माण की रफ्तार बेहद सुस्त थी। वहीं, योगी सरकार में नए प्लांटों के साथ-साथ पुराने संयंत्रों के उन्नयन पर भी विशेष जोर दिया गया है।

## नगर निगम में नामित पार्षद आज शपथ लेंगे

**लखनऊ।** सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में 10 नामित पार्षदों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही ये सभी पार्षद आधिकारिक रूप से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन शुरू कर देंगे और शहर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि शासन की ओर से चयनित सभी नामित पार्षदों को विधिवत शपथ दिलाने की तैयारी है। समारोह नगर निगम मुख्यालय के सदन हॉल में आयोजित होगा, जहां प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। शपथ ग्रहण के बाद पार्षदों को नगर निगम की कार्यप्रणाली और दायित्वों से भी अवगत कराया जाएगा।शहरभर में विकास कार्यों का मिलेगा अधिकारशपथ लेने के बाद इन नामित पार्षदों को भी अन्य निर्वाचित पार्षदों की तरह वार्ड विकास निधि का लाभ मिलेगा। इससे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरी कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। शासन से नामित पार्षदों में गणेश वर्मा, दीपु जायसवाल, रूपचंद अग्रवाल, पंकज बोस, किशन पाल, संतोष सिंह बलखंडी, नेहा सिंह, अखिलेश गिरी, मधुबाला त्रिपाठी और पुरुषोत्तम पुरी शामिल हैं।

## यूपी कैबिनेट बैठक आज, उप्र निजी बिजनेस पार्क योजना को मिलेगी मंजूरी

**लखनऊ।** प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति बढ़ाने के लिए निवेशकों को और सुविधाएं दी जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक में उप्र निजी बिजनेश पार्क योजना-2025 को स्वीकृति दी जाएगी। कैबिनेट बैठक में औद्योगिक विकास से जुड़ी विभिन्न नीतियों में नए प्रावधानों को भी मंजूरी मिलेगी। कैबिनेट बैठक में उप्र औद्योगिक विकास प्राधिकरण केंद्रीयित सेवा (द्वितीय संसोधन) नियमावली 2026 को भी स्वीकिृति दी जाएगी। कुल 23 प्रस्ताव रखे जाएंगे

## बिजली दर को लेकर होगी पूर्वांचल में सुनवाई

**लखनऊ।** नोएडा मध्यांचल व पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन में बिजली दर की सुनवाई के बाद आज पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में बिजली दर की सुनवाई होगी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मुद्दे पर उपभोक्ता परिषद आयोग को सभी तथ्य उपलब्ध कराएगा और यह मांग उठाएगा कि पूरे प्रदेश में इस परियोजना की पुनः समीक्षा की जाए। उनका कहना है कि इस परियोजना में कहीं न कहीं ऐसा बड़ा मुद्दा है, जो उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का लगभग 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का सरप्लस है। ऐसे में बिजली दरों में बढ़ोतरी की मांग पूरी तरह गलत है। इसके बावजूद पावर कॉरपोरेशन उपभोक्ताओं को अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर करना चाहता है, जिसमें वह सातवें वर्ष भी सफल नहीं हो पाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर, संविदा कार्मिकों और अन्य संबंधित मुद्दों पर अपनी बात रखेगी।

## साधारण बसों में फायर की व्यवस्था होना अनिवार्य

**लखनऊ।** कभी बरसात तो कभी गर्मी बढ़ने से बस के अन्दर आग लगने की सम्भावना तेजी से बढ़ती जा रहा है जिसके लिए साधारण और एसी बसों में फायर की व्यवस्था करने के लिए पहले से ही निर्देश दिया गया है। निर्देश में कहा गया है कि फायर की व्यवस्था किये बिना कोई भी गाड़ी सड़क पर नही चलेगी। इसके लिए चालक-परिचालक भी जिम्मेदार होगें। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बसों में आग लगने से बचाने के लिए फायर का समान रखा होना चाहिए। लेकिन बसों में बिना सुरक्षा उपकरण के ही बसे चल रही है जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है। लखनऊ परिवहन निगम के क्षेत्रिय प्रबंधक अमर नाथ सहाय ने बताया कि गर्मी से पहले बसों में सुरक्षा का उपकरण लगा है या नही इसकी जांच करायी गयी थी फिलहाल एकबार और जांच करायी जायेगी।

## अवकाश होने पर भी अधिकारी आ रहे है आफिस

**लखनऊ।** कार्यालय बंद, लेकिन जरुरी कार्य के नाम पर अधिकारी और बाबू कार्यालय को खुलवाकर कार्य कर रहे है। ऐसे में भूले भटके उपभोक्ता पहुंच जाये तो उनसे कहा जाता है कि आज कार्यालय बंद है। जबकि कार्यालय खुलने पर उपभोक्ता का कार्य भी होना चाहिए। सरकारी नियमो के तहत अवकाश के दिन कोई कार्य अधिकारी द्वारा नही किया जाना चाहिए। बिजली विभाग का ज्यादातर कार्यालय अवकाश के दिन भी खुल रहे है। कार्यालय खोलकर अधिकारी अपना जरुरी कार्य निपटा रहे है। अधिकारियों का कहना है कि बहुत से ऐसे कार्य है जो समय पर नही हो पाते है ऐसे में अवकाश के दिन कार्यालय को खोलकर कार्य किया जा रहा है। जबकी उपभोक्ता कार्यालय आ जाता है तो उसको बताया जाता है कि अवकाश दिन मात्र विभागीय कार्य होगा उपभोक्ता का कोई भी कार्य नही किया जायेगा। इन्द्रलोक, जानकीपुरम और गोमतीनगर जोन सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली का कार्यालय अवकाश के दिन भी खुल रहा है।

## बिजली में जुडकर आ रहा है अतिरिक्त पैसा तो करे शिकायत

**लखनऊ।** बिजली विभाग उपभोक्ता को हर तरह से परेशान करना चाहता है। कभी बिजली बिल में अधिक पैसा जोड़कर तो कभी मीटर रीडिंग अधिक डालकर। लेकिन अब 100 से लेकर 500 रुपये तक अतिरिक्त पैसा जुड़कर आ रहा है। जिससे उपभोक्ता को दिखाई भी नही पड़ता है। जिस पर उपभोक्ता ध्यान नही देता है और बिल जमा कर देता है। जबकी उपभोक्ता इस बात की लिखित शिकातय करे तो विभाग के अधिकारियों द्वारा वह पैस उपभोक्ता को वापस मिल सकता है। लेसा के लाखो उपभोक्ता में लगभग 20 प्रतिशत उपभोक्ता का बिल गलत बनने की शिकायत बिजली उपकेन्द्र तक पहुंच रही है। ऐसे में अधिकारी ज्यादातर उपभोक्ता को बिल सही करने के बजाय, उपभोक्ता को बिल सही बताकर घर भेज देते है। अमीनाबाद के अंसारी ने बताया कि बिजली बिल समय पर जमा करने बाद भी कभी तीन तो कही भी 23 रुपए अतिरिक्त बिल में जुड कर आ रहा था जिसकी शिकायत अधिशासी अभियंता से किया गया तो उन्होंने सिस्टम की कमी होने का हवाला देकर हुफैजा को चलता कर दिया। जिसको लेकर उपभोक्ता मुख्य अभियंता के पास लिखित शिकातय लेकर पहंच गयी। तब जाकर उसका बिल ठीक किया गया। लेसा सिस गोमती के मुख्य अभियंता ने कहा कि किसी भी उपभोक्ता में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त चार्ज लिया जा रहा है तो उस उपभोक्ता का बिल सही किया जायेंगा।

# वरिष्ठ नागरिकों को एआई युग में सशक्त बनाने की पहल

विशेष संवाददाता (vol)

- **विधायक राजेश्वर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सुझाया**

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से मुख्यमंत्री को एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रेषित किया गया है, जिसमें उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल एवं अकयुग में सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। प्रस्ताव में डॉ. राजेश्वर सिंह ने उल्लेख किया है कि राज्य में डिजिटल गवर्नेंस के अंतर्गत पेंशन, राशन, स्वास्थ्य सेवाएं एवं वित्तीय लेन-देन जैसे अधिकांश कार्य अब डिजिटल माध्यम से संचालित हो रहे हैं। किन्तु इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के डिजिटल एवं अकव्यवस्था से वंचित रह जाने की चुनौती भी तेजी से सामने आ रही है, ऐसा डॉ. सिंह ने कहा। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश में साइबर अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें



वित्तीय धोखाधड़ी की हिस्सेदारी लगभग 75% है। सरोजनीनगर विधायक ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक इस प्रकार के अपराधों के सबसे संवेदनशील वर्ग के रूप में उभर रहे हैं। आगामी वर्षों में उत्तर प्रदेश में 4-5 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों के डिजिटल सेवाओं पर निर्भर होने का अनुमान है। इस परिप्रेक्ष्य में डॉ. सिंह ने एआई साथी, वरिष्ठ नागरिक डिजिटल सशक्तिकरण मिशन का प्रस्ताव रखा है। प्रस्तावित मॉडल में हाइब्रिड प्रशिक्षण व्यवस्था का सुझाव दिया गया है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि बैंक, जनसुविधा केंद्रों एवं राशन केंद्रों पर अल्पकालिक जागरूकता के साथ-साथ ग्राम एवं शहरी स्तर पर संरचित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण में साइबर सुरक्षा, डिजिटल उपयोग एवं अक आधारित सेवाओं की जानकारी शामिल होगी तथा वरिष्ठ नागरिकों को व्यावहारिक अभ्यास भी कराया जाएगा। इस पहल से वरिष्ठ नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षा, सरकारी योजनाओं की सीधी पहुँच, आत्मनिर्भरता में वृद्धि तथा डिजिटल गवर्नेंस की अंतिम छोर तक प्रभावी पहुँच सुनिश्चित होने की अपेक्षा है, डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया। डॉ. सिंह ने इस मिशन के लिए लखनऊ में पायलट प्रोजेक्ट, राज्य स्तरीय टास्क फोर्स के गठन का सुझाव भी दिया है।२

# भाजपा के लखनऊ महानगर की कार्यकारिणी घोषित

**लखनऊ।** महानगर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के बाद महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने लखनऊ महानगर कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें तीन महामंत्री, आठ उपाध्यक्ष और अन्य 79 पदाधिकारी शामिल हैं। जिसमें महानगर उपाध्यक्ष योगेन्द्र पटेल, सीता नेगी, कुमकुम राजपूत, विनायक पाण्डेय, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, सौरभ बाल्मीकि, दीपक कुमार शुक्ला दीपू, जी.डी. शुक्ला महानगर महामंत्री घनश्यामदास अग्रवाल, सत्येन्द्र कुमार सिंह, टिन्कू सोनकर महानगर मंत्री आनंद कुमार पाण्डेय, सचिन वैश्य, राजेश चौधरी, सतीश चन्द्र मिश्रा, अपूर्व भार्गव, अर्चना साहू, चन्द्र प्रकाश अवस्थी,पंकज सक्सेना महानगर कोषाध्यक्ष मनोज के. गुप्ता, महानगर सह कोषाध्यक्ष दिनेश पाण्डेय महानगर कार्यालय मंत्री डैनिश सोनकर महानगर कार्यालय सह मंत्री शैलेन्द्र राय, मयंक बाजपेयी महानगर मीडिया प्रभारी अनुराग साहू महानगर सह मीडिया प्रभारी संकेत मिश्रा, उमेश तिवारी रामसेवक द्विवेदी महानगर संयोजक सोशल मीडिया टी.आर. जोशी, महानगर सह संयोजक सोशल मीडिया सतवीर सिंह आनंद सन्नी, मणिकांत शुक्ला महानगर संयोजक आई.टी. विभाग उत्तम प्रकाश मिश्रा, महानगर सह संयोजक आई.टी. विभाग संतोष सिंह, सतीश अडवानी शामिल हुए।

# जालौन बना जल संरक्षण का मॉडल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक जिला एक नदी पुनरुद्धार विजन के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का ही असर है कि जिस बुंदेलखंड में पानी को लेकर चुनौतियां देखी जाती थीं, वहां भूमिगत जल के स्तर में बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं जालौन जिला प्रशासन ने योजनाबद्ध प्रयासों, जनभागीदारी और मजबूत जल संरचनाओं के माध्यम से एक नई मिसाल पेश की है। यहां पर नए तालाब, चेकडैम, रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, सोकपिट, जलतारा समेत अन्य पारंपरिक जल स्रोत से भूमिगत जल स्तर को बढ़ाया गया है। यही वजह है कि जालौन में वर्तमान में कुल 4,56,583 हेक्टेयर क्षेत्र में भूजल रिचार्ज की व्यापक क्षमता उपलब्ध है। इसके लिए 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में जालौन को जल संरक्षण श्रेणी में देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि जालौन ने जल संरक्षण को केवल एक योजना नहीं, बल्कि जन आंदोलन के रूप में अपनाया है।

जालौन जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले में जल संरक्षण बढ़ाने एवं जल दोहन रोकने के लिए विभिन्न प्रयास किए गये। इसके तहत जनपद में पिछले कुछ वर्षों में जल के महत्व को प्रति जागरूक करने के लिए वाटर समिट का आयोजन किया गया, जिसमें 600 से अधिक कार्यशालाएं एवं ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन, जल बचाओ पोस्टर प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। वाटर समिट के तहत 2,45,000 छात्र (2260 प्राथमिक विद्यालय, 278 मिडिल स्कूल), 5,07,000 ग्रामीण (574 ग्राम पंचायतें) कुल 7,52,000 व्यक्तियों ने जल संरक्षण की शपथ ली, जिससे जनपद के सभी व्यक्तियों में जल के महत्व को समझा और जनपद में जल संरक्षण अभियान का हिस्सा बने। वहीं नून नदी विकास खण्ड कोंच के ग्राम सतोह (पहाड़गांव) से निकल कर कुल 47 ग्राम पंचायतों से होकर 81 किमी की दूरी तय कर ग्राम मगरौल मुस्तिकिल (महेवा) में यमुना नदी में मिलती है जो अपने उद्गम से 15 किमी के भीतर नदी ने प्राकृतिक स्वरूप खो चुकी थी, जिसके उपरांत नून नदी के पुनर्जीवन योजना बनाई गई।

# राजेश प्रताप सिंह को मिला महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उप्र. के तत्वावधान में 'वार्षिक पुरस्कार समारोह 'अलंकरण' वर्ष 2025-26 का आयोजन सिटी मान्टेसरी स्कूल, विशाल खंड, गोमतीनगर, लखनऊ के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ. हरिओम, आई0ए0एस0 ने की' मुख्य अतिथि, डॉ० पार्थ सारथी सेन शर्मा, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक एवं प्राथमिक शिक्षा विभाग, उप्र शासन थे।

विशिष्ट अतिथि राम कृष्ण स्वर्णकार, रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। वाणी वन्दना डॉ० शोभा दीक्षित 'भावना' ने की। मा० अतिथियों का स्वागत एवं संस्थान की गतिविधियों की प्रगति आख्या डॉ० सीमा गुप्ता, महामंत्री, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ०प्र० द्वारा प्रस्तुत की गयी। तत्पश्चात इस आयोजन का पुरस्कार वितरण का सत्र प्रारम्भ हुआ।



मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा निम्नलिखित साहित्यकारों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किये गये जिसमें पुरस्कार एवं सम्मान समारोह 'अलंकरण' 2025-26, रु. एक लाख दिये गये।

पुरस्कार पाने वालों में पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार, राजेश प्रताप सिंह, भगवती चरण वर्मा पुरस्कार, हेमन्त द्विवेदी, सुमित्रानन्दन पंत पुरस्कार, डॉ० राजीव दीक्षित भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार, सुरेंद्र सिंह लौर अमृत लाल नागर पुरस्कार, डॉ. लक्ष्मीकान्त शुक्ला, डॉ. विद्यानिवास मिश्र पुरस्कार, राम सिंह, श्याम सुन्दर दास पुरस्कार, सुषमा सागर मिश्रा, जयशंकर प्रसाद पुरस्कार, सर्वेश कुमार मिश्र, डॉ० शिवमंगल सिंह 'सुमन' पुरस्कार, डॉ० वेदपति मिश्रा, गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही' पुरस्कार, योगेश पाठक, डॉ0 हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार, चन्द्र देव दीक्षित, रामधारी सिंह 'दिनकर' पुरस्कार, दिनेश कुमार तिवारी, मिर्जा असदउल्ला खाँ गालिब पुरस्कार, डॉ० मोहम्मद जुबैर, फिराक गोरखपुरी पुरस्कार, डॉ० अख़्तर रियाज, अमीर खुसरो पुरस्कार, विनोद शंकर शुक्ल 'विनोद', अकबर इलाहाबादी पुरस्कार, रणविजय सिंह 'पुलुर' प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार, कृष्ण स्वरूप सक्सेना, शिव सिंह सरोज पुरस्कार, मुरलीधर मिश्र, बाल कृष्ण भट्ट पुरस्कार, अरुण कुमार गुप्ता कवयित्री महादेवी वर्मा पुरस्कार, मुक्तिनाथ झा, मीर तकी मीर पुरस्कार डॉ सलीम अहमद, जोश मलिहाबादी पुरस्कार डॉ. वंदना, शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय पुरस्कार, डॉ. प्रार्थना सिंह, सुब्रह्मण्यम् भारती पुरस्कार किल्लाडा सत्यनारायणा को मिला। पुरस्कार पाने वाले सभी साहित्यकारों को रु0 01-01 लाख की धनराशि के साथ ही प्रमाण-पत्र/स्मृति चिन्ह/पगड़ी एवं शॉल भेंट किये गये।

इसके अतिरिक्त मीना गौतम, उपमा गुप्ता, बृह्मनाथ, मृगांक श्रीवास्तव रमन लाल अग्रवाल रम्मन पुरस्कार रु0 11,000/-नुसरत अतीक साहित्य बंधु पुरस्कार रु0 05,000/- राम श्रृंगार दुबे प्रताप नारायण मिश्र। सभी को पुरस्कार एवं धनराशि के साथ ही स्मृति चिन्ह / पगड़ी एवं अंगवस्त्र आदि भी प्रदान किये गये। कार्यक्रम में प्रदेश एवं देश के विभिन्न कवियों में डॉ० हरिओम, आई०ए०एस०, डॉ० कलीम कैसर एवं विशेष रूप से मुम्बई से पधार श्री अविनाश त्रिपाठी, चरण सिंह बशर, पवन आगरी आदि साहित्यकारों ने काव्य पाठ किया।

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| यूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |

# अवैध संबंधों में रोड़ा बनी सास की हत्या, बहू व प्रेमी गिरफ्तार





मृतक निर्मला देवी

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** महानगर थाना क्षेत्र में किराएदार के प्यार में रोड़ा बन रही सास के हाथ-पैर बांधकर बहू और उसके प्रेमी ने गला दबाकर मार डाला। सास प्रेमी से मिलने का विरोध करती थी। किसी को उन पर शक न हो, इसलिए दोनों ने घर का दरवाजा बंद कर वारदात की और फिर कार से बाहर भाग गए। कुछ दूर जाकर सीसीटीवी को मोबाइल से ऑन कर दिया। थोड़ी देर बाद महिला का 18 साल का बेटा घर पहुंचा। दादी की लाश देखकर वह मां को कॉल करने लगा। इस पर दोनों को लगा कि अगर घर नहीं लौटे तो पकड़े जाएंगे। घबराहट में दोनों वापस घर आ गए।

पुलिस का कहना है कि महानगर निशातगंज गली नंबर-3 में रहने वाली आरोपी महिला रंजना वर्मा, सास निर्मला (69) की लाश देखकर रोने लगी। कहने लगी कि लूटपाट के बाद हत्या की गई। हम बाहर घूमने गए थे। इधर, पोते के बुलाने पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की तो 2 घंटे तक घर का सीसी कैमरा बन्द मिला, लेकिन घर के बाहर लगे सीसी कैमरे में बहू प्रेमी राजन शर्मा (21) के साथ घर से बाहर जाती दिखाई दी। उधर, मौके पर पहुंचा पुलिस का स्निफर डॉग सूंघते हुए प्रेमी के पास जाकर रुक गया, जिससे वह घबरा गया और भागने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या में शामिल होना बताया। वारदात शनिवार शाम 4 बजे महानगर इलाके के निशातगंज की है।

इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि मृतका के बेटे की शिकायत पर उसकी पत्नी रंजना और प्रेमी राजन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। राजन शर्मा ओला टैक्सी ड्राइवर है। वह रंजना के घर पर ही किराए पर रहता है। इसी मकान में मृतका निर्मला देवी (69), बेटा त्रिदेश वर्मा (40), बहू रंजना वर्मा, पोता आदित्य (18), पोती अंशिका (15) और सांवी (डेढ़ साल) भी उनके साथ रहते थे। निर्मला के पति राजाराम वर्मा सचिवालय से रिटायर्ड थे। उनकी 2 साल पहले मौत हो चुकी है। रंजना की करीब 20 साल पहले त्रिदेश से शादी हुई थी। दो मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर पर निर्मला का परिवार रहता है, जबकि फर्स्ट फ्लोर पर 8 किराएदार हैं। इसमें ही एक कमरे में प्रेमी राजन शर्मा भी रहता था। निर्मला का बेटा त्रिदेश बिजली विभाग में किला पावर हाउस में संविदा पर तैनात है। पोता डिलीवरी बॉय का काम करता है। बड़ी बेटी अंशिका मामा के घर उन्नाव गई थी।

शनिवार को त्रिदेश जॉब पर गया था। बहू रंजना और छोटी बेटी सांवी घर पर थीं। पोता डिलीवरी देने चला गया था। शाम 4 बजे घर लौटा। अंदर जाकर देखा तो कमरे में दादी के हाथ-पैर बंधे थे और वह बेहोश पड़ी थीं। पोते ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास के लोग आए उन्होंने चेक किया तो निर्मला देवी की मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने सीसी कैमरा चेक किए तो दोपहर 2 से शाम 4 बजे के बीच कैमरे बंद मिले। इससे पुलिस को संदेह हो गया कि कोई घर का ही व्यक्ति इसमें शामिल है। 4 बजे के बाद के फुटेज में बहू प्रेमी के साथ बाहर दिखाई दी। इसके बाद पुलिस दोनों को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में प्रेमी राजन ने बताया कि मेरा 4 साल से रंजना से अफेयर था। इस बात की जानकारी घर में हो गई थी। पति और बेटे के काम पर जाने के बाद घर में रंजना, दोनों बेटियां और सास रहती थीं। बड़ी बेटी स्कूल और कोचिंग चली जाती थी। डेढ़ साल की छोटी बेटी अभी ऐसी बातों के लिए समझदार नहीं है। इसी वजह से हम लोगों ने सास की हत्या की योजना बनाई।

## पत्नी से कहा सुनी के बाद पति ने लगायी फांसी

**लखनऊ।** गाजीपुर इलाके में एक व्यक्ति ने पत्नी से कहा सुनी व झगड़े के बाद फंदे से लटक कर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फंदे से उतारकर राममनोहर लोहिया अस्पताल ले गई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से सीतापुर के लहरपुर के रहने वाले मोहित शर्मा (29) प्राइवेट नौकरी करते थे। वह गाजीपुर स्थित शक्ति नगर में किराए के मकान में रहते थे। वहीं उनकी पत्नी पूनम मकान मालिक के घर में घरेलू काम करती थी। पिता रामचंद्र ने बताया कि उनके बेटे की अपनी पत्नी पूनम से किसी बात को लेकर कहा सुनी व झगड़ा हो गया। उसके बाद पत्नी नाराज होकर कमरे के बाहर चली गई। इसी बीच बेटे ने दुपट्टे से पंखे के सहारे लटक गया। थोड़ी देर बाद पत्नी जब वापस कमरे में पहुंची तो पत्नी मोहित को फंदे से लटकता देख फौरन आसपास के लोगों को बुलाया एवं फंदे से उतार कर इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

## सामूहिक आत्महत्या मामले में दो दिन बाद पिता ने भी दम तोड़ा

**लखनऊ।** बंथरा क्षेत्र में 20 मार्च को दंपती और उनके बेटे ने जहर खा लिया था, जिसमें मां-बेटे की मौत हो गई थी, जबकि पिता की रविवार (22 मार्च) को अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई है कि जहर आया कहां से, कैसे खाया और क्या यह वाकई सामूहिक आत्महत्या है या मामला कुछ और है। अब तक की जांच में कई अहम तथ्य सामने आए हैं, लेकिन कई सवाल अब पहेली बने हैं।

सुसाइड नोट भी सवालों के घेरे में है। मौके पर या संभावित जगहों पर जहर का कोई भी रैपर या शीशी नहीं मिली। मां और बेटे की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में जहर से मौत स्पष्ट हुआ है। घर पहुंची पुलिस ने रूपनारायण चौरसिया के मझले भाई तेजनारायण से भी पूछताछ की। बंथरा के नीवां गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों ने जहर खाकर जान दे दी है। पुलिस को बेटे की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है कि हम लोग आत्महत्या कर रहे हैं। इससे परिवार से कोई मतलब नहीं है। मृतकों की पहचान रूप नारायण (55), उनकी पत्नी तारावती (52) और बेटे संदीप (30) के रूप में हुई।

परिवार चाय-समोसा की दुकान और पान की गुमटी चलाकर अपना गुजारा करता था। घटना के वक्त छोटा बेटा कुलदीप भी घर में ही था। घर के इसी कमरे में मां-बेटे की लाश मिली थी। पास में ही किचन है।

पुलिस के लिए सवाल यह है कि तीनों ने जिस जहरीले पदार्थ का सेवन किया, वह घर में आया कैसे। घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को किसी भी तरह की कीटनाशक की शीशी, रैपर, डिब्बी या कंटेनर नहीं मिला है। यह स्थिति जांच को और सस्पेंस बना रही है, क्योंकि आमतौर पर इस तरह के मामलों में जहर का कोई न कोई स्रोत घटनास्थल पर मिल जाता है। ऐसे में यह संभावना भी खंगाली जा रही है कि जहर बाहर से लाकर इस्तेमाल किया गया और बाद में उसके साक्ष्य हटा दिए गए। गांव में लोगों की भीड़ लग गई। लोगों में तरह-तरह की चचाएं हैं। कोई भी परिवार के लोन लेने की बात पर विश्वास नहीं कर रहा है।

**रिपोर्ट का इंतजार :** घटना के समय घर में बना हुआ खाना मौजूद था, जिसे पुलिस ने जब्त कर फॉरेंसिक साइंस लैब भेज दिया है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि कहीं खाने में जहर मिलाकर तो सेवन नहीं किया गया। साथ ही यह भी जांच हो रही है कि जहर पानी या किसी अन्य पेय पदार्थ में मिलाकर लिया गया या सीधे सेवन किया गया। इस सवाल का जवाब एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही मिल पाएगा। पुलिस ने घर में हर उस व्यक्ति से पूछताछ की जो इस परिवार से संबंध रखता है। घटना में जहर खाने वाले परिवार के मुखिया रूप नारायण चौरसिया का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। डॉक्टरों के मुताबिक, वह पूरी तरह से होश में नहीं आए थे, जिसके चलते पुलिस उनका बयान दर्ज नहीं कर सकी थी। आज रूप नारायण की मौत हो गई। अस्पताल ने इसकी पुलिस को सूचना दी।

**छोटे बेटे की भूमिका पर सस्पेंस :** घटना के समय घर में मौजूद छोटे बेटे कुलदीप की भूमिका को लेकर भी पुलिस सतर्क है। हालांकि, अब तक की जांच में उसकी किसी प्रत्यक्ष शामिल होने के प्रमाण नहीं मिले हैं, लेकिन उससे लगातार पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने उसे हिरासत में नहीं लिया है, लेकिन उसके बयान को तकनीकी और फॉरेंसिक साक्ष्यों से मिलान किया जा रहा है। ग्रामीणों में उसके व्यवहार को लेकर उठ रही चचाओं को भी पुलिस नजरअंदाज नहीं कर रही। मृतक संदीप की जेब से मिले सुसाइड नोट को पुलिस ने जांच का महत्वपूर्ण आधार बनाया है। नोट में लिखा है कि ह्लहम लोग आत्महत्या कर रहे हैं और इसके लिए परिवार का कोई दोष नहीं है। अब पुलिस यह सुनिश्चित करना चाहती है कि यह नोट वास्तव में संदीप ने ही लिखा है या किसी और ने।

## उधार मांगने पर युवक को लगायी आग

**लखनऊ।** बंथरा गांव निवासी मजदूर इरफान ने सरोजनीनगर थाना क्षेत्र की एक महिला पर आरोप लगाया है कि उधारी के पैसे मांगने पर उसने उनके बेटे आसिफ (22) पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना में बुरी तरह झुलसे आसिफ का ट्रामा सेंटर में इलाज जारी है। हालांकि पुलिस का कहना है कि आसिफ ने नशे की हालत में खुद आग लगाई थी। पुलिस को दी तहरीर में इरफान ने बताया कि उनका बेटा आसिफ पुणे में मूर्ति बनाने के कारखाने में मजदूरी करता है और कुछ दिन पहले ही घर लौटा था। करीब डेढ़ माह पहले सरोजनीनगर के अंबेडकर पुरी गुड़ौरा निवासी एक महिला (50) को 15 हजार रुपये उधार दिए थे।

महिला ने रुपये वापस नहीं किए तो आसिफ ने उसका मोबाइल अपने पास रख लिया। शुक्रवार की शाम महिला ने आसिफ को पैसे देकर मोबाइल वापस लेने के लिए फोन कर घर बुलाया। रात करीब आठ बजे दोनों के बीच विवाद हो गया।

इरफान का आरोप है कि महिला ने अपने बेटे मुन्ना से पेट्रोल मंगाया और अपने दो बेटों समेत अन्य लड़कों को बुलाकर आसिफ के हाथ पर कई जगह ब्लेड मारी और फिर उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आसिफ ने पास के पानी भरे गड्ढे में कूदकर जान बचाई, लेकिन वह बुरी तरह झुलस गया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। उधर पुलिस का कहना है कि आसिफ और आरोपी महिला के बीच काफी समय से जान-पहचान है। घटना वाले दिन आसिफ नशे की हालत में महिला के घर पहुंचा था। महिला ने उसे वापस घर जाने को कहा, जिससे आक्रोशित होकर आसिफ ने पहले अपने हाथ की नस काटी और फिर खुद आग लगा ली।

## ईद पर 24 हजार दर्शक पहुंचे जू

**लखनऊ।** नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में रविवार को टर्र का पर्व के मौके पर भारी भीड़ रही। प्राणि उद्यान में रविवार को 16 हजार 298 दर्शक भ्रमण करने आये। जबकि ईद वाले दिन 21 मार्च को 8 हजार 421 दर्शक पहुंचे। दर्शकों ने बडी रूचि से यहां की सुविधाएं और वन्य जीवों को नजदीक से देखा। बच्चों ने झूला पार्क में झूलों का आनन्द उठाया। साथ ही दर्शकों ने बालरेल से चिड़ियाघर की सवारी की। प्राणि उद्यान के बारादरी में हरे-भरे लॉन में दिनभर दर्शकों ने पिकनिक मनाकर मौज-मस्ती की। प्राणि उद्यान के निदेशक संजय कुमार बिश्वाल ने बताया कि चिड़ियाघर में दर्शकों की भारी भीड़ को देखते हुए नरही मुख्य द्वार पर 5 टिकट काउन्टर खोले गए, जिनमें डालीबाग गेट पर 3 टिकट काउन्टर खुले। इस प्रकार कुल आठ टिकट काउन्टरों पर दर्शकों की सुविधा के लिए खोले गए। इस दौरान शौचालय की सफाई पर विशेष जोर दिया गया और हर शौचालय को साफ-सुथरा करने की जबरदस्त व्यवस्था की गई। दर्शकों और बच्चों ने जिराफ, भालू, गेंडा, जेब्रा एवं बब्बर शेर के मॉडलों के साथ खूब फोटो खींचे। प्राणि में लगे फूल एवं फुलवारियों का भी दर्शकों ने लुत्फ लिया।

## डीजीपी ने की अपराध समीक्षा बैठक



**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक उप्र राजीव कृष्ण ने जनपद मीरजापुर में जोन स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में एडीजी जोन वाराणसी, विंध्याचल एवं वाराणसी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक/ उपमहानिरीक्षक सहित दोनों रेंज के पुलिस अधीक्षक व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में गौतस्करी, अपराध एवं अपराधियों पर की जा रही कार्यवाही, मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा के लिए संचालित कार्यक्रमों की प्रगति, अपराध नियंत्रण में यक्ष ऐप का प्रयोग, साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन-जागरूकता, ई-साक्ष्य के प्रभावी उपयोग तथा जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण की समीक्षा की। इस अवसर पर डीजीपी ने अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से अनुपालन करने तथा आमजन के साथ मर्यादित व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए।

## विश्व जल दिवस पर बांटी कपड़े की थैली



**लखनऊ।** विश्व जल दिवस पर रूमी गेट के पास लोगों को पॉलिथीन हटाकर कपड़े के थैली लोगों को बांटी गयीं और उनसे कपड़े के थैली उपयोग करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर रोटी कपड़ा फाउंडेशन, धर्म रक्षा संघ के संयुक्त कार्यक्रम में लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। फाउंडेशन के सचिव रिद्धि किशोर गौड़ ने आग्रह किया की बूंद बूंद जल की रक्षा करनी होगी। आने वाली बरसात में हम लोग अपने घर में भी बाल्टी और टब में वर्षा जल संचयन कर सकते हैं। आ रो के पानी को बर्बाद ना करके उस कपड़े धोने, पोछा लगाने अथवा अन्य काम में उपयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर पर्यावरण विद् कृष्णानंद राय, आशीष अग्रवाल, मोहित शर्मा, जयंती श्रीवास्तव, रामसागर, रजनीश यादव, मयूर गुप्ता, अक्षत यादव, विजय वर्मा निखिल गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम मेनका पुत्री संदीप कुमार तथा पैन कार्ड पर मेनका पुत्री विजय शंकर दूबे लिखा हुआ है जबकि मेरे सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र/अंक पत्र पर मेरा नाम मेनका पुत्री विजय शंकर दूबे लिखा हुआ है, दोनों नाम प्रार्थिनी का ही है।
**मेनका निवासी भगवानपुर, सरोई, संत रविदास नगर**

## संदिग्ध हालत में कबाड़ व्यापारी की मौत

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में कबाड़ का काम करने वाले व्यक्ति की शुक्रवार को दिल्ली से वापस आने के बाद आचानक तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद घर वालो ने इलाज के लिए ट्रामा 2 ले गए। जहां इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक आशियाना स्थित रुचि खंड के रहने वाले प्रमोद श्रीवास्तव (48) कबाड़ का व्यापार करते थे बेटे अंशु ने बताया कि उनके पिता दिल्ली कबाड़ का काम करने गए थे शुक्रवार सुबह वह ट्रेन से दिल्ली से वापस आए थे घर पहुंचने के बाद थोड़ी अचानक उनकी हालत बिगड़ गई उन्हें इलाज के लिए पीजीआई स्थित ट्रामा 2 ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

**पुल पर अज्ञात युवक का शव मिला :** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के मुताबिक शहीद पथ स्थित अहिममऊ ओवर ब्रिज के ऊपर शनिवार दोपहर एक (45) बर्षीय व्यक्ति का शव रोड के किनारे पड़ा देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**रेलवे ट्रैक किनारे मिला मजदूर का शव :** गोसाईगंज स्थित मुअज्जम नगर के रहने वाले लाल (22) मजदूरी करते थे। भाई शुभम ने बताया कि उनके भाई लालू शुक्रवार सुबह मजदूरी के लिए गए थे उसके बाद का घर वापस नहीं लौटे। शनिवार की सुबह वहीं गोसाईगंज स्थित कबीरपुर से लगभग 400 मीटर दूर रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। उसके बाद पुलिस द्वारा अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल कर घर वालों को घटना की सूचना दी पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर भाई शुभम ने अज्ञात शव की पहचान अपने भाई लालू के रूप में की।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म में पूर्व किरायेदार गिरफ्तार

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** पारा क्षेत्र में एक अस्पताल टेक्नीशियन ने 13 वर्षीय किशोरी संग दुष्कर्म किया। आरोपी प्रशांत कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना से किशोरी और उसके परिवार वाले सदमे में है।

इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार, उन्नाव जिले के फतेहपुर चौरासी निवासी प्रशांत कुमार (29) ठाकुरगंज स्थित एरा अस्पताल में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। वह पारा क्षेत्र में पीड़िता के घर में किरायेदार के रूप में रहता था, परंतु लगभग चार महीने पूर्व कमरा खाली कर बुद्धेश्वर के भपटामऊ में एक अन्य किराए के मकान में स्थानांतरित हो गया था। शनिवार सुबह आरोपी प्रशांत ने भांग का नशा कर नशे की अवस्था में पीड़िता, जो सातवीं कक्षा की छात्रा को बहला-फुसलाकर बालागंज बुलाया। इसके बाद उसे अपनी बाइक पर बैठाकर अपने किराए के कमरे में ले गया, जहाँ उसने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया।

विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता को बंधक बना लेने की धमकी देकर डराया और किसी को भी कुछ न बताने की चेतावनी दी। माँ की शिकायत पर दर्ज हुआ मुकदमाकिसी तरह घर वापस पहुँची पीड़िता ने अपनी माँ को पूरी आपबीती सुनाई। साहस दिखाते हुए माँ ने शनिवार को ही थाने में आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी, जिसके आधार पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

**नाबालिग से छेड़छाड़ व धमकी: दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद :** रहीमाबाद थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को पीड़िता के पिता ने रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी लगभग 14 वर्षीय बेटी को दो युवकों ने झाड़ियों में ले जाकर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की, धमकी दी और धक्का देकर मौके से फरार हो गए। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन और मुखबिर की सूचना पर 21 मार्च को पुलिस टीम ने रहीमाबाद-हरदोई-लखनऊ हाईवे पर जालामऊ अंडरपास के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उदयवीर रावत (25) और सरवन पाल (24) निवासी ग्राम नसीरपुर निमैचा, थाना औरास, जनपद उन्नाव के रूप में हुई है।



खुर्रम नगर फ्लाईओवर पर डीसीएम में घुसी कार — फोटो–समीर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के समस्त अभिलेखों में प्रार्थी का नाम WASHIQ AHAMAD पुत्र KAFEEL AHAMAD व जन्मतिथि 03.04.2003 पता ग्राम व पोस्ट कूरेभार जनपद सुल्तानपुर अंकित है, जबकि प्रार्थी के पासपोर्ट न0 N2367605 में प्रार्थी का नाम त्रुटिवश WASEEK AHMAD पुत्र KAFEEL AHMAD व जन्मतिथि 25.10.2002 पता परवर अंकित हो गया है,जबकि प्रार्थी का सही नाम WASHIQ AHAMAD पुत्र KAFEEL AHAMAD व जन्मतिथि 03.04.2003 पता सेमरी रोड कूरेभार जनपद सुल्तानपुर है। जिसको संसोधित किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है। वशीक अहमद पुत्र कफील अहमद निवासी सेमरी रोड कूरेभार पो. व थाना कूरेभार (228151) जनपद सुल्तानपुर शपथ पत्र संख्या-UP29657316503148y

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के समस्त अभिलेखों में प्रार्थी का नाम ZUBAIDA KHATOON पुत्री LAIKH AHMAD व जन्मतिथि 20.05.2005 व पता सेमरी रोड कूरेभार जनपद सुल्तानपुर अंकित है, जबकि प्रार्थी के पासपोर्ट न0 M1628525 में प्रार्थी का नाम त्रुटिवश ZUBAIDA पुत्री LAEEKH AHMED SAMEER AHMED व जन्मतिथि 15.03.2004 पता ग्राम परवर पो. कूरेभार जनपद सुल्तानपुर अंकित हो गया है,जबकि प्रार्थी का सही नाम ZUBAIDA KHATOON पुत्री LAIKH AHMAD व जन्मतिथि 20.05.2005 व पता सेमरी रोड कूरेभार जनपद सुल्तानपुर है। जिसको संसोधित किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है। जुबैदा खातून पुत्री लईख अहमद निवासी सेमरी रोड कूरेभार पो. व थाना कूरेभार(228151) जनपद सुल्तानपुर शपथ पत्र संख्या-UP54859669009990Y

## विधायक को फोन पर दी जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार रावत को उनके आवास पर फोन कर जान से मारने की धमकी देना और गाली गलौज करना युवक को भारी पड़ गया। हजरतगंज पुलिस ने शनिवार देर रात आरोपी को धर दबोचा और शांति भंग की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। विधायक अमरेश कुमार रावत शनिवार दोपहर करीब 1.20 बजे लखनऊ स्थित दारुलशफा आवास पर मौजूद थे। उसी दौरान उनके फोन पर एक कॉल आई। कॉल को उनके करीबी सहयोगी उत्तम ने रिसीव किया। फोन पर नगराम क्षेत्र के अमवा मुर्तजापुर गांव निवासी लालबहादुर साहू ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया।

जब उत्तम ने फोन विधायक को दिया तो आरोपी ने विधायक को भी अपशब्द कहते हुए धमकी दी। साथ ही मोहनलालगंज एसीपी कार्यालय आने के लिए दबाव बनाने लगा। विधायक ने कुछ समय बाद आने का आश्वासन दिया। बावजूद इसके आरोपी अपशब्दों का प्रयोग करता रहा। विधायक ने बताया कि उन्होंने अपने करीबी नगराम निवासी पारख महासंघ के पूर्व युवा जिलाध्यक्ष बीजक प्रकाश को आरोपी का फोन नंबर देकर समझाने के लिए कहा, लेकिन आरोपी ने बीजक प्रकाश को भी फोन पर धमकी दी। पुलिस ने विधायक आवास हजरतगंज क्षेत्र में होने से वादी को हजरतगंज भेजा था, जहां तहरीर दी गई। शनिवार को हजरतगंज कोतवाली में आरोपी लालबहादुर साहू के खिलाफ तहरीर दी।

बताया जा रहा है कि पूरा मामला होली के दिन का है जब अमवा मुर्तजापुर गांव में लालबहादुर साहू और गांव के ही रामविलास उर्फ बबलू रावत के बीच गाली-गलौज व मारपीट हुई थी। इस मारपीट में लालबहादुर साहू ने ग्राम प्रधान श्रवण कुमार, राम विलास उर्फ बबलू रावत, संतोष कुमार, पवन, आदर्श व शिवा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## लोनिवि में नियम विरुद्ध एडवांस भुगतान का दबाव

- डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने विभागीय अधिकारियों की मुख्यमंत्री से की शिकायत

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, लोक निर्माण विभाग, उप्र द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए शिकायत की गयी है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा बजट खर्च करने के नाम पर बिना कार्य के एडवान्स भुगतान किये जाने हेतु नियम विरूद्ध दबाव बनाया जा रहा है। पत्र में यह भी शिकायत की गयी है कि मुख्यालय पर बजट सरेन्डर स्वीकार न करते हुए किसी भी प्रकार से बजट को खर्च करने का दबाव बनाया जा रहा है। यह न केवल नियम विरूद्ध है अपितु षासकीय धन का दुरूपयोग एवं कार्य की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ भी है।

संघ के अध्यक्ष इं. एनडी द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया है कि उन्होने 07 मार्च 2026 को विभागाध्यक्ष को पत्र के माध्यम से सभी विभागीय परिस्थितियों से अवगत करा दिया गया था। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि संघ द्वारा अप्रैल माह से ही अनेंको बार अनुरोध एवं लगातार पत्राचार के बावजूद भी वित्तीय स्वीकृतियां विलम्ब से निर्गत होती हैं। प्रायः टेण्डर प्रक्रिया अनुबन्ध गठन में भी विलम्ब किया जाता है। अन्त में उच्चाधिकारी बजट खर्च करने का मौखिक दबाव विभिन्न स्तर पर बनाते हैं।

प्रदेश के अधिकांष खण्डों में जूनियर एवं सहायक अभियंताओं की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा, जनगणना एवं एसआईआर में लगायी गयी है। इस सम्बन्ध में केन्द्रीय कार्यकारिणी द्वारा लिखे गये पत्र के क्रम में प्रमुख सचिव, लेनिवि ने समस्त जिलाधिकारियों को अर्द्धषासकीय पत्र लिखे जाने के बावजूद अधिकतर जूनियर इंजीनियर्स एवं सहायक अभियंताओं की ड्यूटी उक्त गैर तकनीकी कार्यो से नही हटायी गयी। इसका मुख्य कारण अधिकांष अधिषासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं मुख्य अभियन्ता द्वारा जूनियर इंजीनियर्स एवं सहायक अभियन्ताओं की उक्त गैर तकनीकी कार्यो से ड्यूटी हटाने के लिए रूचि न लेना है।

उन्होंने आगे बताया किवर्तमान में वित्तीय वर्श के अन्त में अधिशासी अभियन्ताओं द्वारा उच्चाधिकारियों के मौखिक दबाव का रिफरेन्स देते हुए बिना कार्य सम्पादित कराये अथवा बिना सम्पादित कार्य का गुणवत्ता परीक्षण किये भुगतान हेतु नियम विरूद्ध दबाव बनाये जाने का प्रयास किये जाने की सूचना कतिपय जनपदों से प्राप्त हुई है, जो कि विभागीय हित में नही है। इसी प्रकार मुख्यालय पर बजट सरेन्डर स्वीकार न करने की भी सूचना संघ के संज्ञान में लायी गयी है।

इस सम्बन्ध में संघ द्वारा प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग एवं विभागाध्यक्ष से मुलाकात कर विस्तृत रूप से अवगत कराया जा चुका है कि बोर्ड परीक्षा एवं एसआईआर की ड्यूटी में रहते हुए सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर एवं सहायक अभियन्ता द्वारा उस अवधि में कार्य स्थल पर अथवा प्लान्ट पर किसी भी दायित्व का निवर्हन नही किया जा सकता। क्योंकि बोर्ड परीक्षा में भी ड्यूटी अवधि में उपस्थिति आवश्यक एवं ऑन लाइन है तथा एसआईआर में भी ड्यूटी अवधि में उपस्थिति आवश्यक एवं ऑन लाइन है।

इसी प्रकार विटुमिनस एवं सीसी कार्य में कार्य स्थल एवं प्लान्ट पर ड्यूटी अवधि में उपस्थिति अनिवार्य है। एसआईआर एवं बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी अवधि में न ही अभियन्ता कार्य स्थल अथवा प्लान्ट पर कोई टेस्ट कर सकते हैं, न ही टैक कोट इत्यादि की मापी ही कर सकते हैं। पत्र द्वारा विभागाध्यक्ष एवं अन्य उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा बिना कार्य हुए एडवान्स भुगतान किये जाने का दबाव बनाये जाने से आहत होकर संघ द्वारा मुख्यमंत्री से षिकायत करते हुए नियम विरूद्ध एडवान्स भुगतान का दबाव बनाने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की मॉग की है।

## अवध मेले में सम्मान संग बही गीतों की बयार



- अनूप जलोटा, समीर-दीपाली, शीर्षा, समरजीत ने किया जवानों का मनोरंजन

**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** सैन्य अधिकारियों और हजारों सैनिकों के बीच पद्मश्री अनूप जलोटा और सुरभि रंजन को नौशाद सम्मान से अलंकृत किया गया। इनके साथ ही छावनी के खेल परिसर में आयोजित इस अवध मेले में शाने अवश्य सम्मान पाने वाले समीर-दीपाली, समरजीत रंधावा, शीर्षा रक्षित और बिसरूप बनर्जी के साथ लखनऊ की दीपांशी यादव ड्रमर तन्मय मुखर्जी ने अपने गीतों से शानदार महफिल सजायी।

अतिथियों के तौर पर ले.जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता जीओसी और मेजर जनरल मनीष कुकरेती ने कलाकारों को सम्मानित किया। हुनर क्रिएशन एण्ड क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से उत्तर प्रदेश पर्यटन और उप्र संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत अनूप जलोटा ने हजारों जवानों और उनके परिवारजनों के बीच देश को सुरक्षित रखने के लिए सभी सैनिकों का शुक्रिया अदा करते हुए- ऐसी लागी लगन... भजन से की। आगे उन्होंने- अच्युतं केशवं..., मेरी झोपडी के भाग आज खुल जाएंगे.... जैसी चन्द पंक्तियां गाते हुए बाबी फिल्म का गीत- मैं शायर तो नहीं... सुनाया। फिर जीना यहां मरना यहां... से समापन किया। हाल ही में श्रीलंका से प्रोग्राम करके लौटी समीर-दीपाली की बालीवुड जोड़ी ने- जाने जां ढूंढता फिर रहा... गाने से आगाज करते हुए जीवन के हर मोड़ पे... गीत और फिर स्क्रीन पर शम्मी कपूर का गाये- आजा आजा मैं हूं प्यार तेरा.... गाने से हलचल मचायी।

अंत में मैडले स्टाइल में- दम मारो दम..., सारा जमाना हसीनों का दीवाना..., लैला ओं लैला ऐसी मैं लैला... आ देखें जरा किसमें कितना है दम.... जैसे गीतों की झड़ी लगा दी। संयोजक जफर नबी व विवेक शुक्ल के संचालन में इसके बाद दीपांशी यादव ने अमिताभ बच्चन के फैंस को समर्पित करते हुए पहला गीत- इंतिहा हो गयी इंतजार की.... गाया। आगे- झूम झूम बाबा... पेशकर जवानों को झूमने पर मजबूर किया।

# मां कुष्मांडा की आराधना में डूबा शहर, भक्तों की लगी लंबी कतार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवरात्र के चौथे दिन माता के कूष्मांडा स्वरूप की पूजा हुई। मां कूष्मांडा अपने भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। माता की आठ भुजाएं हैं। माता के हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल, अमृतपूर्ण कलश, चक्र, गदा व जप माला है। माता का वाहन सिंह है। कूष्मांडा देवी को मीठे का भोग लगाया जाता है। भक्तों ने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर पूरे विधि विधान के साथ पूजन किया। माता के जयकारे से मंदिर परिसर गूंज उठा। चौक स्थित काली जी मंदिर में माता को गुलाबी वस्त्र पहनाए गए। गुलाब और गेंदे के फूलों से मां का श्रृंगार हुआ। माता को सिंघाड़े का हलवा, खीर और फलाहार का भोग लगाया गया। वहीं ठाकुरगंज स्थित मां पूर्वी देवी मंदिर में माता को हरे रंग के वस्त्र पहनाए गए। भवन को गुलाब व सफेद फूलों से सजाया गया। माता को खीर, पेड़ा और फल का भोग लगाया गया। माता को सीताफल अर्पण किया गया। आरती के बाद भक्तों के बीच सीताफल प्रसाद के रूप वितरित किया गया।

**बस तेरे नाम का सहारा है वरना कौन है हमारा:** भक्तों ने दुर्गा सप्तशती के मंत्रों पर हवन किया और हरि ओम तत्सत का पाठ किया। मंदिर की महिला मंडली ने मैया मेरी बुलाये कैसे न हम आयें, बस तेरे नाम का सहारा है वरना कौन है हमारा, एक से बढ़कर एक गीत गाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। वहीं चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर में गरुण पर सवार माता के अद्भुत दर्शन मिले। माता को गुलाबी वस्त्र पहनाए गए। संतोषी माता मंदिर में मां का फूलों से श्रृंगार हुआ। मेहंदीगंज स्थित शीतला देवी मंदिर माता को गुलाबी वस्त्र पहनाए गए। फूलों से माता का दरबार सजाया गया। चौपटिया स्थित काली बाड़ी मंदिर में माता को मछली का भोग लगाया गया।

**दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़:** चैत्र नवरात्रि के चतुर्थ दिवस चौक स्थित मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में लगभग सवा लाख श्रद्धालुओं ने अब तक माई का श्रृंगार प्रसाद भोग एवं दर्शन लाभ प्राप्त किया। महंत श्री विवेकानंद गिरी जी महाराज ने चतुर्थ दिवस के स्वरूप माता माँ कुष्मांडा को सृष्टि की आदि शक्ति माना जाता है। मान्यता है कि इन्होंने अपनी हल्की मुस्कान से पूरे ब्रह्मांड की रचना की थी, इसलिए इन्हें आदि सृष्टिकर्त्री भी कहा जाता है। माँ का रंग तेजस्वी और चमकदार होता है इनके आठ हाथ होते हैं, इसलिए इन्हें अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है ये सिंह (शेर) पर सवार होती हैं इनके हाथों में कमंडल, धनुष, बाण, कमल, अमृत कलश, चक्र, गदा और जपमाला होती है। माना जाता है कि ये देवी सूर्य लोक में निवास करती हैं ये अपने भक्तों को स्वास्थ्य, शक्ति और ऊर्जा प्रदान करती हैं इनकी पूजा से रोग, कष्ट और दरिद्रता दूर होती है।

विशेष रूप से मेवा मिष्ठान एवं लॉन्ग का प्रसाद माता को चढ़ाया जाता है एवं आरती में प्रयोग हुआ लॉन्ग को प्रसाद के रूप में आरती के पश्चात भक्तों को बांटा जाता है । मंदिर प्रांगण समिति द्वारा आज तक कुल 83 मुंडन संस्कार हुआ एवं सभी को मंदिर कार्यालय द्वारा मुंडन संस्कार पश्चात एक प्रमाण पत्र दिया जाता है जो बताता है कि अमुख बच्चे का मुंडन संस्कार मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ । मंदिर में विशेष रूप से लखनऊ के अतिरिक्त बाराबंकी सीतापुर कानपुर उन्नाव रायबरेली एवं जिलों से भक्तों का आगमन परिवार सहित बड़ी संख्या में होता रहता है जो मंदिर में दर्शन आदि करने के अतिरिक्त बाहर लगे मेले में खरीदारी झूले आदि का आनंद लेते हैं। मंदिर में प्रत्येक दिन रात्रि 10 रात्रि आरती की जाती है जिसमें ढोल नगाड़े ताशे का प्रयोग किया जाता है एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम आरती पश्चात प्रत्येक दिन नवरात्रि तक चलता रहता है । मंदिर में विशेष रूप पूर्व उप मुख्यमंत्री/ राज्यसभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा एवं पूर्व ओएसडी मुख्यमंत्री अभिषेक कौशिक ने माता के दर्शन लाभ लिए । मंदिर व्यवस्था में मुख्य रूप से अभय उपाध्याय मुकुंद मिश्रा सिंह देवराज सिंह आदर्श महाराज शिवम् पंडित जी राहुल सारस्वत तुषार वर्मा पंकज उपाध्याय मेघांश वैभव सिंह एवं अन्य सेवादार उपस्थित रहे।

## आज होगी पहाड़ों में रहने वाली स्कंदमाता की पूजा



लखनऊ। पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं स्कंदमाता का नवरात्रि में पांचवें दिन पूजा-अर्चना की जाती है। मां दुर्गा का पंचम रूप स्कंदमाता के रूप में जाना जाता है। भगवान स्कंद कुमार ख्कार्तिकेय, की माता होने के कारण दुर्गा जी के इस पांचवें स्वरूप को स्कंद माता नाम प्राप्त हुआ है। भगवान स्कंद जी बालरूप में माता की गोद में बैठे होते हैं इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित होता है। स्कंद मातृस्वरूपिणी देवी की चार भुजाएं हैं, ये दाहिनी ऊपरी भुजा में भगवान स्कंद को गोद में पकड़े हैं और दाहिनी निचली भुजा जो ऊपर को उठी है, उसमें कमल पकडा हुआ है। मां का वर्ण पूर्णतरू शुभ्र है और कमल के पुष्प पर विराजित रहती हैं। इसी से इन्हें पद्मासना की देवी और विद्यावाहिनी दुर्गा देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। स्कंदमाता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी है। इनकी उपासना करने से साधक अलौकिक तेज की प्राप्ति करता है। यह अलौकिक प्रभामंडल प्रतिक्षण उसके योगक्षेम का निर्वहन करता है। एकाग्रभाव से मन को पवित्र करके मां की स्तुति करने से दुरूखों से मुक्ति पाकर मोक्ष का मार्ग सुलभ होता है। शास्त्रों में इसका काफी महत्व बताया गया है। इनकी उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं।

## फूलों से सजा मां का दरबार, मंदिरों में गूंजे जयकारे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन भी देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। दिनभर शंखनाद की गूंज से माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने शक्ति स्वरुपा मां चंद्रघंटा से सुख-समृद्धि की कामना की। मां के दरबार को फूलों से सजाया गया। देर शाम मंदिरों में महिलाएं भजन-कीर्तन भी करती दिखीं। नवरात्र के चलते क्षेत्र में इन दिनों माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

गुरुवार को भी मां के दर्शन के लिए भक्तों की कतार मंदिरों में लगी रही। मां को लाल चुनरी, फल, फूल चढ़ाकर घी के दीपक से आरती की गई। ठाकुरगंज के मां पूर्वी देवी मंदिर में मां का फिरोजी वस्त्रों से दिव्य श्रृंगार किया गया। वहीं, बीकेटी के 51 शक्तिपीठ मंदिर में मां का श्वेतांबर श्रृंगार हुआ। मंदिरों में भंडारा, प्रसाद वितरण हुआ। मेले में भी लोगों ने खूब खरीदारी की।

नवरात्र के तीसरे दिन भोर होते ही देवी मंदिरों में मां शेरावाली के भजन भक्तों का मन मोह रहे हैं। देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तशती के स्वर गूंजे। धूप, अगरबत्ती और फूलों की खुशबू से पूरा परिसर महक उठा। माता को भोग लगाकर पूरे विधि-विधान के साथ आरती उतारी गई। शास्त्रीनगर के श्री दुर्गा मंदिर में मां का भव्य श्रृंगार हुआ। शाम को महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। मंदिर के बाहर लगे मेले का बच्चों और महिलाओं ने आनंद लिया। इसके अलावा हुसैनगंज छितवापुर भुईयन देवी, राजाजीपुरम के माता शीतला देवी, गोमती नगर के कामाख्या देवी, त्रिवेणी नगर के योगी नगर स्थित दुर्गा मंदिर, सीतापुर रोड के विंध्यांचल देवी, टिकैत राय तालाब स्थित शीतला देवी, बीकेटी में मां चंद्रिका देवी के दर्शन को भक्त उमड़े।

**नीले वस्त्र से हुआ माता का श्रृंगार:** ठाकुरगंज स्थित मां पूर्वी देवी मंदिर में चन्द्रघण्टा स्वरूप में माता का श्रृंगार हुआ। माता रानी को नीले वस्त्र पहनाए गए। 101 नारियल भेंट किए गए। माता का दरबार घण्टियां, हरी बेल व गेंदे के फूलों से सजाया गया। भक्तों ने श्री दुर्गा सप्तशती के मंत्रों पर हवन किया। वहीं महिला मंडली ने भवन सतरंगिया मेरो मइया का... अब तो दरश दिखा दो जैसे एक से बढ़कर एक देवी गीतों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर में माता को सफेद वस्त्र पहनाकर गोल्डन चुनरी ओढ़ाई गई। माता को मोगरा व गुलाब के फूलों और मोती की माला पहनाकर श्रृंगार किया गया। मेवा, सिंघाड़े का हलवा और खीर का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में माता के दरबार में हाजिरी लगाकर भक्तों ने खुशहाली की कामना की। चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर में माता ने मयूर पर सवार होकर भक्तों को दर्शन दिए। माता को गुलाबी वस्त्र, मोती और सोने का हार पहनाकर श्रृंगार हुआ।

**पायो है जो कुछ भी मैने तेरे दर से:** मां पूर्वी देवी एवं महाकालेश्वर मंदिर बाघम्बरी सिद्ध पीठ, ठाकुरगंज में मां को गुलाबी नीले रंग के वस्त्र पहनाए गए। मां के दरबार को सजाने के लिए तोते, खरगोश, मोर के खिलौने रखे गए। यहां दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। इस मौके पर भक्तों ने पायो है जो कुछ भी मैने तेरे दर से... भजन सुनाया। चौक के प्रतिष्ठित बड़ी कालीजी मंदिर में मखाने, फल और गेंदे का श्रंगार हुआ। गोमतीनगर स्थित माता कामाख्या मंदिर के मुख्य पुजारी इशानानंद सरस्वती की अगुआई में माता का भव्य श्रंगार मखाने और हरे वस्त्र से किया गया। चौपटिया रानीकटरा के संतोषी माता मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव हिमांशु जायसवाल की उपस्थिति में दैनिक पूजन के साथ.साथ भजन सुनाये गए। राजाजीपुरम में शीतला देवी माता, कैसरबाग काली बाड़ी, रविन्द्रपल्ली काली बाड़ी, कैसरबाग गुइयन माता मंदिर में पूजन अनुष्ठान हुए।

**मां कूष्मांडा की पूजा कर मांगा आरोग्य:** मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने आरोग्य की कामना की। मंदिरों में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा है। मंगलवार को श्रद्धालुओं ने माता कूष्मांडा की श्रद्धा विश्वास के साथ पूजा अर्चना की। शास्त्रों के अनुसार मां कूष्मांडा की पूजा करने से आयुए यशए बल और आरोग्य की प्राप्ति होती है। ब्रह्मंड की रचना करने के कारण इन्हें कूष्मांडा कहा जाता है। ये सृष्टि की आदिस्वरूपा आदि शक्ति हैं।

**51 शक्ति पीठ में मां का रक्तांबर श्रृंगार हुआ:** नंदन बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन रविवार को माँ कुष्मांडा के पिंडी पूजन का सौभाग्य आचार्य मयंक पांडे एवं वंदना पांडे को प्राप्त हुआ। 51 शक्तिपीठ में आज नवरात्र के चतुर्थ दिवस मां का रक्तांबर श्रृंगार हुआ। पिंडी पूजन आचार्य धनंजय पांडे द्वारा संपन्न हुआ। मंदिर की की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र के प्रतिदिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में रंगों में पूजा अर्चना की जाएगी शाम को भजन कीर्तन के आयोजन किए गए। भजन की शुरूआत पुष्पा, आकांक्षा, गीता, वंदना, कुमकुम ने मेरी मैया किवड़िया खोलो..., से की। उसके बाद महारानी वरदानी धन्य धन्य विंध्याचल रानी, सुनाया तो मन्दिर मे माता के जयकारे गूंजे।

**कालीबाड़ी में भक्तों ने शाम को ग्रहण किया व्रत प्रसाद:** घसियारी मंडी स्थित कालीबाड़ी मंदिर रंगबिरंगी लाइटों से और मां के दरबार को फूलों सजाया गया है। शाम को महा आरती के बाद व्रत का प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। मन्दिर के अध्यक्ष गौतम भट्टाचार्य ने बताया कि पहले दिन प्रसाद में भक्तों को लौकी का हलवा, साबूदाने की खीर, आलू जीरा, छेना खीर आदि का प्रसाद वितरित किया गया।

# ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर बोले ईद मुबारक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। माह-ए-रमजान के 30 रोजे के एवज में अल्लाह तआला ने मुसलमानों को ईद का तोहफा अता किया। अल्लाह का शुक्र अदा करने के लिए ईद-उल-फित्र की नमाज शनिवार को मुहब्बत, अकीदत व रवायत के अनुसार अदा की गई। शहर की सभी ईदगाहों और तमाम मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों का हुजूम उमड़ पड़ा। तय समय से पहले ईदगाह, मस्जिदें भर गईं। लोगों ने अन्य खाली जगहों पर जानमाज, चादर वगैरा बिछाई। कमेटियों द्वारा भी नमाज पढ़ने के लिए खास इंतजाम किया गया था। बच्चों से लेकर बड़ों के चेहरों पर खुशियों की चमक देखने लायक थीं। ईद की नमाज के समय तक ईदगाह, मस्जिदों में नमाजियों की कतारें लग गईं। लोगों ने ईदगाह और मस्जिद के इमामों की तकरीर ध्यान लगा कर सुनी।

लखनऊ ऐतिहासिक ईदगाह में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के मौलाना खालिद रशीद फरुखी ने विशेष दुआ की, जिसमें पूरी दुनिया में अमन, शांति और जंग के खात्मे की कामना की गई। नमाज के बाद मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि रमजान के रोजों और रातों की इबादत, तरावीह और सहरी-इफ्तार के बाद यह ईद खुशखबरी लेकर आई है। अल्लाह ने नेक बंदों को ईद-उल-फित्र जैसा बड़ा इनाम दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूरे साल अल्लाह की नाफरमानी से बचने की कोशिश करनी चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे रमजान में खुद को गुनाहों से बचाया जाता है। इस मौके पर कई प्रमुख हस्तियां भी शामिल हुईं, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व सांसद और मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, विधायक अरमान खान, रविदास मेहरोत्रा, विभिन्न धर्मों के नेता जैसे फादर जेराल्ड मेफ्यूज, फादर डोनाल्ड डिसूजा, राकेश कुमार, हरपाल सिंह और अन्य शामिल थे। सभी ने ईद की बधाई दी और राष्ट्रीय एकता की मजबूती पर जोर दिया। इसके साथ ही टीले वाली मस्जिद, नदवा मस्जिद, फातमी मस्जिद, करामात मस्जिद, मस्जिद उमर, मस्जिद आयशा, मस्जिद अबू बक्र, जामा मस्जिद मुंशी पुलिया, समेत अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज सुबह 6.30 बजे से लेकर 11 बजे तक अदा की गई।

**काली पट्टी बांध अदा की नमाज:** आसिफी मस्जिद (बड़े इमामबाड़े) में ईद की नमाज नमाजियों ने काली पट्टी बांध के अदा की। यहां मौलाना सरताज हैदर ने नमाज पढ़ाई। मौलाना कल्बे जवाद ने आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई की शहादत को याद किया। नमाज के बाद अभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं नमाज के बाद इजराइल और अमेरिका के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया।

**मेले जैसा रहा माहौल:** ईद के मौके पर नौजवानों ने मुस्लिम बाहुल्य मोहल्लों को रंग बिरंगी झंडियों से सजाया था। इसके अलावा तमाम तरह की गुब्बारों, खिलौनों की दुकानों पर बच्चों का हुजूम उमड़ पड़ा। बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्ट्राग्राम पर ईद का ऐलान होने के बाद मुबारकबाद देने का सिलसिला ईद-उल-फित्र के पूरे दिन चलता रहा। खूब सेल्फी ली गयी। पुराने लखनऊ में ईद की वजह से काफी चहल पहल व रौनक रही।

**महिलाओं ने घरों में की इबादत:** ईद की खुशियों में महिलाएं भी आगे रही। रमजान में जिस तरह अपने कर्तव्यों का पालन किया। घर व बाहर दोनों को संभाला। उसी तरह ईद की खुशियों में चार चांद लगाने में वह दिलो-जान से लगी रहीं। मेहमान नवाजी के लिए सेवईयां व लजीज व्यंजन बनाया। घरों में शुक्राने की नमाज अदा की। शाम को सज-धज कर रिश्तेदारों, पड़ोसियों के यहां ईद की मुबारकबाद देने भी गईं।

**फातिहा पढ़ने वालों का लगा तांता:** ऐशबाग ईदगाह, उजरियां कब्रिस्तान, फातमी कब्रिस्तान, पेपर मिल कब्रिस्तान समेत अन्य कब्रिस्तानों पर फातिहा पढ़ने वालों का तंता लगा रहा। इसी तरह शहर के कब्रिस्तानों पर फातिहा पढ़ने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी ने पूर्वजों को याद कर फातिहा पढ़ मगफिरत की दुआएं मांगी। सदका-ए-फित्र व जकात किया अदा ईद-उल-फित्र की नमाज से पहले लोगों ने सदका-ए-फित्र अदा किया। लोगों ने ईदगाहों व मस्जिदों के बाहर गरीबों में फित्रा व जकात की रकम अदा की।

## पुस्तक मेला विदा, बिकीं 32 लाख की किताबें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रवीन्द्रालय चारबाग में 13 मार्च से चल रहा लखनऊ पुस्तक मेला आज रात विदा हो गया। मेले में अनुमानित 32 लाख रुपये की पुस्तकें बिकीं।

अंतिम दिन भारी भीड़ वाले मेले में इस बार स्कूली विद्यार्थियों और युवाओं की बड़ी तादाद में भागीदारी रही। वहीं पुस्तक विमोचन, साहित्य चर्चा के संग आयोजन भी खूब।हुए। अवधी व्यंजन उत्सव भी सराहा गया। आज सुबह डा.रुचि श्रीवास्तव की नन्हें मुन्नों की कविताएं, कथा संग्रह 'पक्के दोस्त और नेकी का बदला' व 'पर्व हमारे रंग-बिरंगे' का विमोचन संजीव जायसवाल संजय, डा.अमिता दुबे, नीलम राकेश और विनय श्रीवास्तव की मौजूदगी में हुआ। आईपीएस प्रशांत आनन्द ने अपनी किताब रूल्स टू रूल्स पर आयुषी के साथ चर्चा की। इसी क्रम में ब्लू ड्राप और रेडियो फ्रेंड्स के संयोजन में विश्व जल दिवस पर आयोजित परिसंवाद और कवि गोष्ठी में प्रो.वेंकटेश दत्ता, लखनऊ, अपर आयुक्त राकेश पटेल, नन्द किशोर वर्मा, पवन कुमार जैन डा.मीनू खरे की सहभागिता रही। युवाओं ऋषभ, ज्योति, शिवाय, फैज, अभिषेक, जवानी, विशाखा, आशुतोष, दीपशिखा, अलीशा और शालिनी की कविता किस्से कहानियां की प्रस्तुति के बाद समापन समारोह में संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने प्रतिभागियों व सहयोगियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले कल अंतरराष्ट्रीय पुतुल दिवस पर काफिला नाट्य संस्थान के कलाकारों ने मेराज आलम के निर्देशन में कठपुतली के खेल दिखाये। कठपुतली के परम्परागत कलाकार नौशाद ने भी मेले में प्रदर्शन कर उपस्थिति दर्ज करायी। इससे पहले कलम से कम्प्यूटर परिचर्चा में डा.सुधाकर अदीब ने विचार रखे। रमाकांत श्रीवास्तव स्मृति संस्थान की ओर से नमन के भाव सुमन और रससिद्ध कवि क्रांतिकारी हितैषी का विमोचन मिथिलेश दीक्षित की किताब मेरा साक्षात्कार का विमोचन हुआ। इस अवसर पर डा.अमिता दुबे, अलका प्रमोद, करुणा पाण्डे, सुशील अवस्थी और विनय श्रीवास्तव की मंच पर उपस्थित रही। प्रो.नरेशचन्द्र त्रिपाठी की पुस्तक एक राम अनेक आयाम के विमोचन में डा.विद्या विंदु सिंह, दयानंद पांडेय, डा.विशम्भर शुक्ल, प्रो.उमाशंकर शुक्ल शितिकण्ठ, प्रद्युम्न तिवारी, विनय दास आदि ने विचार व्यक्त किये। इसी क्रम में आलोक दुबे के कथा संग्रह का विमोचन हुआ।

# मंच पर जीवंत हुआ आत्मा से परमात्मा के मिलन का महारास



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ऐशबाग के ऐतिहासिक रामलीला मैदान मे चल रहे भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव के चौथे दिन के मंचन मे कंस और चाणूर संवाद, नारद और कंस संवाद के बाद शुरू होती है ब्रज की होली जिसमे सभी ब्रजवासी कान्हा के रंग में रंग जाते हैं, बरसाना की गोपियों और नंदगांव के ग्वालों के बीच खेली गई होली के दृश्यों को देख दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। वहीं इंद्र देव गोकुल वासियों द्वारा अपनी पूजा बंद किए जाने से कुपित हो जाते हैं जिसके फलस्वरूप वे ब्रजमंडल में कई दिन तक लगातार बारिश कराते रहते हैं, इस भीषण बरसात से गोकुल वासियों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है और इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण गोवर्धन लीला करते हुए पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लेते हैं जिसके नीचे छिप कर आम जन इंद्र के प्रकोप से हो रही वर्षा से राहत पाते हैं और बरसात खत्म होते ही जय कन्हैया लाल की जय का उद्घोष करते हुए हर्ष के साथ श्रीकृष्ण को अपने कांधों पर बिठा लेते हैं ।

इसके उपरांत देवऋषि नारद और विष्णु संवाद का मंचन किया जाता है और इसके बाद आरंभ होती है श्रीकृष्ण की रासलीला, जहाँ भगवान श्री कृष्ण अपनी बांसुरी की मधुर धुन बजाकर गोपियों को निधिवन में बुलाते हैं, कृष्ण की बांसुरी की मधुर धुन सुनकर गोपियाँ अपने घरों को छोड़कर उनके पास आ जाती हैं कृष्ण गोपियों के साथ प्रेम और भक्ति के भाव से नृत्य करते हैं, यह नृत्य ईश्वर के प्रति समर्पण को दशार्ता है । भगवान कृष्ण ने गोपियों की संख्या के अनुसार रूप धारण किए और सभी को अपने साथ रास करने का सौभाग्य दिया रास लीला गोपिकाओं द्वारा कृष्ण की भक्ति की पराकाष्ठा के दर्शन कराती है । रास और महारास में श्री कृष्ण और राधा की भूमिका में प्रथ्वीजीत साहा और नेहा राजवंशी के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा । कृष्णलीला के मंचन से पूर्व सांस्कृतिक मंच पर घृताक्षरी डांस स्टूडियो के कलाकारों द्वारा नमामि कृष्णम, मधुबन मैं राधिका, नीर भरन और महाभारत पर नृत्य नाटिकाएं प्रस्तुत की गईं । श्री ऐशबाग रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को कृष्णलीला में कंस के बुलावे पर अक्रूर जी के साथ मथुरा कृष्ण और बलराम का मथुरा जाना, श्रीकृष्ण द्वारा अक्रूर जी को विराट स्वरूप के दर्शन देना, कुबजा उद्धार, शिव धनुष भंजन कर कंस का वध की लीलाओं का मंचन किया जाएगा ।

## चैती महोत्सव : कान्हा ने की माखन चोरी की लीला

**लखनऊ ।** शनिवार को ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रहे चैती महोत्सव के तीसरे दिन भी तुलसी रंग मंच पर कोलकाता के भास्कर नाट्य कला केंद्र के कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सजीव मंचन किया । श्रीकृष्ण लीला बाल कृष्ण द्वारा माता यशोदा को विराट स्वरूप के दर्शन देने से आरंभ हुई जब कान्हा मिट्टी खाते हुए अपनी दिव्य लीला के माध्यम से माता यशोदा को अपने मुख में संपूर्ण ब्रह्मांड के अलौकिक दर्शन कराते हैं । इसके पश्चात कृष्ण की माखन चोरी की लीलाओं का मंचन किया गया जिसमे कन्हैया ग्वाल बालों के साथ माखन की चोरी करते हैं माता से शिकायत करने पर सखाओं के साथ ब्रज की गोपियों की माखन मटकी फोड़ते हैं । कृष्ण की माखन लीलाएं निर्मल प्रेम और भक्ति के भाव के दर्शन कराती हैं जहाँ ब्रज की हर गोपी में यह भाव जागृत है की कृष्ण हमारे घर भी आते माता यशोदा की ही तरह हमारा भी माखन खाता और हम भी कन्हैया की शिकायत माता यशोदा से करते इस शिकायत में प्रेम के भाव थे और भक्तवत्सल भगवान तो धरती पर प्रकटे ही प्रेमरस बहाने के लिए थे इसी कारण से वे ग्वालिनों का माखन चुराने और मटकियां फोड़ने की लीलाएं करने लगे जिस कारण उनका नाम माखनचोर पड़ गया ।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., अमेठी**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

**पत्रांक 1284/14ए0/2026** **दिनांक 18.03.2026**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 के 'ए' 'बी', 'सी' एवं 'डी' श्रेणी में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दशार्ये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | खण्ड का नाम | कार्य का नाम | लागत रू. लाख में | धरोहर धनराशि रू. लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | (प्रथम आमंत्रण) | | | | |
| 1 | प्रा.ख. अमेठी | जनपद अमेठी में निरीक्षण भवन गौरीगंज के विशेष मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944 | 02 माह |
| 2 | प्रा.ख. अमेठी | जनपद अमेठी में सिथत ट्रन्जिट हास्टल टाइन-1 के आवासों के विशेष मरम्मत का कार्य | 17.00 | 1.70 | 944 | 02 माह |

बिड डाक्यूमेंट बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 24.03.2026 से 04.04.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 04.04.2026 समय दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 04.04.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे के उपरान्त अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी के कार्यालय में खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी बेवसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(शैलेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी

UPID-248735 Date: 20.03.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## तेरये ग्राम पंचायत में लिया गया जल संरक्षण का संकल्प

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लंभुआ तहसील के विकास खण्ड भदैयां के तेरए ग्राम पंचायत में श्हर घर जलश और श्जल जीवन मिशनश् के अंतर्गत श्जल महोत्सव दिवस एवं विश्व जल दिवसश् का भव्य आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने जल संरक्षण के लिए 4 सूत्रीय संकल्प लेते हुए गाँव की जल व्यवस्था को अपनी निजी संपत्ति मानकर उसकी देखभाल करने, पानी का अपव्यय रोकने और जल स्रोतों को स्वच्छ रखने, हर घर तक शुद्ध और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ साथ जल प्रबंधन के नए प्रयासों में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। वहीं तेरये ग्राम पंचायत में 650 घर जल से लाभान्वित हो रहे है। कार्यक्रम में जल निगम और संबंधित संस्थाओं के कई वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि सियाराम, प्रोजेक्ट मैनेजर अंकिता उपाध्याय, सहायक अभियंता प्रमोद कुमार, दिनेश त्रिपाठी सूरज सिंह, शिव मूर्ति सिंह, कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार को सोनावा गांव के पास लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर हुई, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद दिया और वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान अवनीश पटेल पुत्र बंशनारायण पटेल उम्र लगभग 21 वर्ष निवासी चकईपुर, नेवढ़िया थाना क्षेत्र, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अवनीश रोड पार कर रहा था, तभी अचानक तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर मृत्यु हो गई। मृतक उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में क्रेडिट ऑफिसर के पद पर कार्यरत था। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर, चांदा कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मिश्रा एवं कोइरीपुर चैकी प्रभारी सुशील कुमार द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की और परिजनों को सूचना दी, सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे एनएचएआई कर्मियों ने स्थिति को संभालते हुए यातायात को सुचारु रूप से संचालित कराया। पुलिस कार्रवाई में जुट गई और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही कोतवाली प्रभारी अमित मिश्रा नें बताया परिजनों की तरफ से तहरीर नहीं प्राप्त है।

## हनुमान मंदिर में चोरी दानपात्र से नगदी व चांदी का लॉकेट गायब

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बस अड्डा परिसर स्थित प्राचीर हनुमान मंदिर में बीती रात चोरी की घटना सामने आई है। मंदिर के पुजारी करूणा शंकर तिवारी ने बताया कि रोज की तरह रात में पूजा-अर्चना के बाद मंदिर बंद कर घर चले गए थे। सुबह मंदिर खोलने पर दानपात्र टूटा मिला, जिसमें रखे करीब 5 हजार रुपये चोरी हो चुके थे। इसके अलावा हनुमान जी की प्रतिमा से करीब 250 ग्राम वजन का चांदी का लॉकेट भी गायब मिला। पुजारी ने आशंका जताई कि अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे की कमी पर भी चिंता जताई है। पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है।

# भगवान की कथा जन कल्याणकारी तथा परम हितकारी : अदिति सिंह



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने एफ.जी. डिग्री कॉलेज ग्राउंड में आयोजित श्री राम कथा में सम्मिलित होकर कथावाचक राजन जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की अलख जगाने वाले अंतरराष्ट्रीय कथावाचक महाराज जी का प्रवचन समाज को नयी दिशा तथा ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होने कहा कि माँ भगवती का नवरात्र चल रहा है जिसमें भगवान की कथा जन कल्याणकारी तथा परम हितकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि सदर क्षेत्र तथा दूर दराज से आए हुए श्रद्धालुओं का स्वागत किया और हजारों की संख्या में श्रोताओं से धार्मिक अनुष्ठान सम्मिलित होकर पावन कथा का श्रवण करने के लिए अभिनंदन किया। कथावाचक राजन जी महाराज द्वारा प्रयागराज मे भगवान श्रीराम कथा मैं भक्त और भगवान की श्रद्धा तथा प्रेम का विश्वास उरप्रेरक रहा। उन्होंने भगवान शिव द्वारा भगवान श्रीराम के प्रति अटल विश्वास एवं सत्य प्रेम की पराकाष्ठा भक्ति तथा श्रेष्ठ संकल्प का उद्देश्य जागृत किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर के प्रति श्रद्धा और विश्वास ही हमें मुक्त कर सकता है। प्राणिमात्र के लिए सदगति का अनमोल रहस्य भगवान के श्री चरणों में है। सनातन धर्म को उर्जा प्रदान करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है कलियुग में प्रभु श्रीराम का जाप एक कल्याणकारी उपाय है। वहीं सदर विधायक ने माँ भगवती एवं प्रभु श्रीराम से समस्त जनमानस के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

## सनातनी गंगा फाउंडेशन के नेतृत्व में लालगंज पहुंची गंगा यात्रा

**लालगंज, रायबरेली।** सनातनी गंगा फाउंडेशन के नेतृत्व में पहुंची गंगा यात्रा का लालगंज नगर में चेयरमैन सरिता गुप्ता और कांग्रेस के जिला कोषाध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया और कहा कि ऐसी यात्राओं से जनता में जागरूकता का भाव पैदा होगा और हमारी गंगा निश्चित रूप से निर्मल और स्वच्छ होगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला सहित व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, महामंत्री शिवम गुप्ता ,कौशलेंद्र कंचन ,शीलू त्रिवेदी, पुष्कर कृष्णा गुप्ता, बबलू सोनी, पप्पू सोनी, रामसेवक सोनी, रामबाबू सोनी ,गुलाब गुप्ता, शुभम सोनी, हंसराज विश्वकर्मा, सुनील मिश्रा आदि गंगा प्रेमियों ने भी गंगा यात्रा का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि ऐसी गंगा यात्राओं से लोगों में गंगा मां के प्रति प्रेम की भावना जागृत होगी और लोग गंगा को निर्मल रखने में अपनी भूमिका का निर्वहन भी करेंगे। वही गंगा यात्रा के साथ चलने वालों में सनातनी गंगा फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक विवेक तिवारी ,बीपी सिंह, राजेश डोगरा, शैलेश चंद्र गिरी, धनंजय मिश्रा, सोनी चैरसिया, जान्हवी वेदांती ,नीलू डोगरा, रजनी वेदांती, मधु माताजी ,कार्तिकेय, श्याम गोस्वामी आदि लोग मुख्य रूप से शामिल रहे।

## विद्यार्थियों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

**रायबरेली।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, त्रिपुला में विश्व जल दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है साथ ही जल के महत्व पर आधारित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सेव वाटर, सेव लाइफ का सशक्त संदेश दिया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जिसका संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा छोटी-छोटी आदतें जैसे अनावश्यक नल खुला न छोड़ना, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना और जल के उपयोग में सतर्कता बरतना आदि में बदलाव लाकर हम जल की बबार्दी को रोक सकते हैं, ये सभी कदम हमारे भविष्य को सुरक्षित बनाने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि यदि आज हम जल संरक्षण के प्रति सचेत नहीं हुए, तो भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

## सदियों के बाद शाहमऊ को मिली परिवहन निगम की सौगात



**जायस, अमेठी।** अमेठी। जनपद के शाहमऊ क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से लखनऊ आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन अब इस समस्या के समाधान की दिशा मे भाजपा के वरिष्ठ नेता राम कृष्ण भारती के आग्रह लिखित लेटरपैड पर परिवाहन विभाग के विभागीय लोगो के द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। चालक व परिचालक के जानकारी के अनुसार, बस सख्या यू0पी078 ल्ळ8501 शाहमऊ से अब प्रतिदिन सुबह 6 बजे इस बस का संचालन प्रस्तावित किया गया है। जो मोहानगंज, तिलोई सेमरौता होते हुए लखनऊ पहुंचेगी। इस बस के लखनऊ पहुंचने का समय लगभग सुबह 9:30 बजे निर्धारित किया गया है। बताया जा रहा है कि इस बस सेवा की मांग भाजपा के वरिष्ठ नेता क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य राम कृष्ण भारती एडवोकेट बेलवाहसनपुर तिलोई के लेटरपैड पर की गई थी, जिसके बाद अब इस बस की सेवा सुचारू रूप से चालू कर दी गयी है। स्थानीय लोगों में इस पहल को लेकर खुशी देखी जा रही है, क्योंकि इससे छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को काफी राहत मिलेगी अगर यह सेवा नियमित रूप से संचालित होती है, तो क्षेत्र के हजारों लोगों की रोजमर्रा की दिक्कतें काफी हद तक कम हो जाएंगी। वही चौराहे पर खड़े मोहम्मद शमी, राजेश गुप्ता दीपराम गुप्ता राज पटेल संदीप निर्मल नन्कऊ विश्वकर्मा आदि लोगो ने इस बस सेवा की जमकर सराहना करते नजर आये है।

## लम्भुआ में सक्रिय हुए डॉ.जितेंद्र प्रसाद

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** जनपद की 190 लम्भुआ विधानसभा सीट पर सपासे भावी प्रत्याशी के रूप में उभर रहे डॉ. जितेंद्र प्रसाद मिश्रा शनिवार को क्षेत्र भ्रमण पर सक्रिय नजर आए। उन्होंने गांव-गांव पहुंचकर आमजन से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। डॉ. मिश्रा ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज को प्राथमिकता दी जाएगी और समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहाउनका लक्ष्य क्षेत्र का समग्र विकास करना और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यदि जनता का समर्थन मिला तो विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। डॉ. मिश्रा के इस लगातार जनसंपर्क अभियान से क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और आगामी चुनाव को लेकर चचाओं का दौर भी शुरू हो गया है।

## सेवार्थम फाउंडेशन ने घायल की मदद को बढ़ाया हाथ

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के कोइरीपुर निवासी साहिल सोनी पुत्र राकेश सोनी के साथ हुए सड़क हादसे के बाद सामाजिक सरोकार की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। सेवार्थम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष तिवारी के नेतृत्व में सेवार्थम फाउंडेशन प्रतापपुर कमैंचा मण्डल के अध्यक्ष वाराणसी ट्रामा सेंटर पहुँचकर घायल युवक की हालचाल लिया एवं हर संभव सहायता की। बताया जाता है कि बीते बुधवार देर रात ढकवा बाइपास, लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर सड़क दुर्घटना में साहिल सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही फाउंडेशन की टीम सक्रिय हुई और तत्काल ट्रामा सेंटर पहुँचकर उपचार की व्यवस्था में सहयोग किया। फाउंडेशन द्वारा मौके पर ही 21,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, साथ ही आगे भी आवश्यकता अनुसार हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। इस दौरान मंडलाध्यक्ष प्रतापपुर कमैंचा अनिल दुबे, उपाध्यक्ष विवेक पांडेय, आशीष बरनवाल एवं मंडल महामंत्री प्रेमचंद जायसवाल भी मौके पर मौजूद रहे।

# ईद-उल-फितर पर डॉ. शशिकांत शर्मा ने निभायी गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा



जिला संवाददाता (vol)

- ईदगाह पहुंचकर नमाजियों को लगाया इत्र, गले मिलकर दी मुबारकबाद, पंडाल में रही जलपान की व्यवस्था

**रायबरेली।** सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक/प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने ईद-उल-फित्र के पावन अवसर पर एक बार फिर आपसी भाईचारे की परंपरा को निभाते हुए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उन्होंने ईदगाह पहुंचकर नमाज अदा करने आए लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने नमाजियों को इत्र लगाकर और गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। उनके इस आत्मीय व्यवहार ने वहां मौजूद लोगों के दिलों को छू लिया।

डॉ. शर्मा द्वारा ईदगाह के समीप लगाए गए पंडाल में नमाजियों के लिए नाश्ता और पानी की समुचित व्यवस्था भी की गई थी, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया। इस प्रकार की व्यवस्था से लोगों को काफी राहत मिली और उन्होंने इसके लिए डॉ. शर्मा का आभार व्यक्त किया।

ईद के इस मौके पर उपस्थित लोगों ने डॉ. शर्मा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह प्रयास समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करता है। लोगों ने इस नेक कार्य के लिए उन्हें दिल से दुआएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि ईद का पर्व हमें आपसी प्रेम, त्याग और भाईचारे का संदेश देता है, हमें मिलजुलकर समाज में सद्भाव और एकता को और मजबूत बनाना चाहिए, यही इस त्योहार की असली भावना है।

## सेमरौता ईदगाह में अकीदत और एकता के साथ अदा हुई ईद-उल-फितर की नमाज

**तिलोई, अमेठी।** सेमरौता ईदगाह में ईद-उल-फितर की नमाज अत्यंत अकीदत, एहतराम और रूहानी माहौल में अदा की गई। सुबह की फिजाएं तकबीरों की गूंज से सराबोर रहीं। सजदों में झुके सर और दुआओं में उठे हाथ इस बात की गवाही दे रहे थे कि बंदे अपने परवरदिगार के हजूर हाज़िर हैं। हर चेहरा खुशी से खिल उठा और हर दिल में शुक्र-ए-खुदावंदी की गहरी भावना साफ झलक रही थी। इस अवसर पर हजरत मौलाना मोहम्मद दिलशाद हनफी साहब ने जकात और सदका-ए-फितर के अहम मसाइल पर बेहद असरदार, आसान और दिल को छू लेने वाला बयान पेश किया। उन्होंने कहा कि ईद की असली खुशी तभी मुकम्मल होती है जब समाज का हर तबका, खासकर गरीब और जरूरतमंद लोग, इस खुशी में बराबरी से शामिल हों। उनके बयान से लोगों को बेहतरीन दीनी रहनुमाई हासिल हुई। नमाज-ए-ईद हाफि ज मुजीब साहब ने पूरे खुशू-ओ-खुजू और गरिमामय अंदाज में अदा कराई। बड़ी तादाद में अकीदतमंदों की मौजूदगी ने ईदगाह के माहौल को और भी ज्यादा पवित्र और भावनात्मक बना दिया। नमाज के बाद ईदगाह के बाहर हिंदू-मुस्लिम एकता का बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मोहब्बत, भाईचारे और सौहार्द का पैगाम फैलाया जिसे स्थानीय लोगों ने दिल से सराहा। ईद केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि इंसानियत, मोहब्बत और भाईचारे को मजबूत करने का पैगाम है। सेमरौता की यह ईद आपसी एकता और सौहार्द की एक शानदार मिसाल बनकर सामने आई वहीं इस मौके पर प्रधान देवी शरन बाजपेई परमानंद मिश्रा जहीर कुरैशी करुणेश अग्निहोत्री मौलाना दिलशाद शरीफ कुरैशी नूर बफाती मुस्लिम अजमल कुरैशी तस्लीम अमन शेरा आदि तमाम लोग मौजूद थे।

## सीएमओ ने किया मेले का निरीक्षण करते

**अमेठी।** जनपद में रविवार को विभिन्न केदो पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसकी हकीकत जानने के लिए जिले के सीएमओ अंशुमान सिंह ने कई केंद्रों का निरीक्षण किया जहां सभी स्टाफ उपस्थित मिले। जनपद के सीएमओ अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कल 1702 मरीज को स्वास्थ्य की जांच के बाद दवा भी दी गई। मेले को सफल बनाने के लिए 238 पैरामेडिकल कर्मचारी भी लग रहे तथा 55 चिकित्सकों की भूमिका मेले को सफल बनाने में रही। सबसे खास बात तो यह रही की मेले के माध्यम से 170 बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा दी गई।

# शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई ईद की नमाज, भाईचारे का दिया संदेश



जिला संवाददाता (vol)

**दूबेपुर, सुलतानपुर।** विकास खंड दूबेपुर के पैगापुर ग्राम सभा में ईद-उल-फितर की नमाज हर्षोल्लास, शांति और आपसी भाईचारे के साथ सम्पन्न हुई। सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में नमाजियों ने एकत्र होकर ईद की नमाज अदा की। नमाज मौलवी मुफ़्ती रमजान अहमद ने अदा कराई। अपने संबोधन में उन्होंने अमन, शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि ईद का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और खुशियां साझा कीं। पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। गोडवा चैकी इंचार्ज विनोद पटेल के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। कांस्टेबल आनंद कुमार, अजय पटेल तथा उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र सहित टीम ने पूरी नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभाली और शांति बनाए रखी। इस अवसर पर हाजी नसीर अहमद, इजहार अहमद, सिराजुद्दीन, फैजान अहमद, आवेश तारिक, नफीस, शहर-ए-आलम और मुजीब अहमद सहित कई लोग उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान मोहम्मद मुस्तफा (बाबू) ने सभी को ईद की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। प्रशासन की सतर्कता और जनता के सहयोग से ईद का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

## आरएसएम में शामिल हुए प्रा.शिक्षक संघ सतांव के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष

**रायबरेली।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक रविवार को गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। मासिक बैठक में जिले के दो बड़े शिक्षक नेता संगठन में शामिल हुए। मासिक बैठक में सतांव के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ के राजेश यादव व लालगंज के शिक्षक नेता प्रवीण बाजपेई भी शामिल हुए।

राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने बताया कि बैठक में विभिन्न ब्लॉकों से आए अध्यक्ष, महामंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों ने शिक्षक हित के विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे और अपनी समस्याओं को जिला कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शिक्षक संघ, सतांव के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कुमार यादव व एआरपी संघ के पूर्व मंडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार बाजपेई (पूर्व एआरपी), लालगंज भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यशैली को आत्मसात करते हुए संगठन में शामिल हुए है।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह, महामंत्री संजय कनौजिया, वीरेंद्र चैधरी, मधुकर सिंह, प्रतिमा सिंह, शशि देवी, जयकरण, हरिमोहन यादव, अनूप सिंह, अनुराग मिश्रा, यादवेंद्र प्रताप सिंह, अवनीश सिंह, रविंद्र यादव, आनंद सिंह, रमेश सिंह, संदीप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमित बाजपेई, राघवेंद्र त्रिवेदी, सुनीता चैधरी, पुनीत सिंह, संदीप सिंह, रणविजय, योगेंद्र यादव, अशोक त्रिवेदी, पंकज पटेल, अनूप यादव, महेंद्र प्रताप सिंह, अखिलेश चैरसिया, संतोष त्रिपाठी, ज्ञान सिंह एवं दिनेश सिंह मौजूद रहे।

## मंदिर निर्माण के लिए आगे आए रोहित सिंह 51,000 दान कर पेश की आस्था की मिसाल



**तिलोई।** अमेठी के रजनपुर निवासी समाजसेवी रोहित सिंह ने मत्तेपुर मंदिर निर्माण समिति को 51,000 का सहयोग देकर एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। उनके इस नेक कार्य से मंदिर निर्माण को नई गति मिली है। स्थानीय लोगों ने इसे आस्था और समाजसेवा का बेहतरीन संगम बताया। समिति के सदस्यों ने आभार जताते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। रोहित सिंह की यह पहल अब चर्चा का विषय बनी हुई है।

## प्रमुख प्रतिनिधि बने भाजपा जिला मंत्री, क्षेत्र में खुशी

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा क्षेत्र के विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा के ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल के पति एवं प्रमुख प्रतिनिधि अरुण कुमार जायसवाल को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सुलतानपुर की जिला कार्यकारिणी में जिला मंत्री के महत्वपूर्ण पद पर मनोनीत किया गया है। उनके इस मनोनयन से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। गौरतलब है कि अरुण कुमार जायसवाल पूर्व में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। संगठन में उनकी सक्रियता, कार्यशैली और जमीनी पकड़ को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। उनके राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता को भाजपा के लिए एक मजबूत स्तंभ के रूप में देखा जा रहा है। उनके जिला मंत्री बनाए जाने की खबर मिलते ही चांदा एवं प्रतापपुर कमैचा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों, कार्यकताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर उनके समर्थकों ने जगह-जगह मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। कई स्थानीय लोगों ने कहा कि अरुण कुमार जायसवाल हमेशा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं और आम जनता के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उनके इस मनोनयन से भाजपा को जिले में संगठनात्मक मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावों में इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है। अरुण कुमार जायसवाल ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।



## शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर, दुआ में उठे हजारों हाथ

**परशदेपुर, रायबरेली।** परशदेपुर क्षेत्र के मस्जिदों में शनिवार को ईद उल फितर की नमाज पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ। सुबह से ही लोग ईदगाह व मस्जिदों में जुटने लगे, ईद के इस मौके पर सभी अकीदतमंदों के चेहरे पर त्यौहार की एक अलग ही खुशी की मुस्कान झलक रही थी। रोजेदारों ने ईद की नमाज अदा कर मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज अदा करने के बाद ईदगाह से बाहर निकलते ही सभी रोजेदार एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। ईदगाह के बाहर बच्चों से लेकर बूढ़े जवान सभी एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई देते नजर आए। ईदगाह के पास लगे मेले में भी बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया ,कोई जलेबी तो कोई गुब्बारे खरीदे तो किसी ने मिठाइयां ली और आइसक्रीम का स्वाद चखा। ईदगाह में मौलाना इस्लाम नदवी ने तो वहीं नूरानी मस्जिद मे मुफ्ती मो जैद, जामा मस्जिद में मौलाना मो यूनुस मजहरी ने नमाज अदा कराई। इस दौरान कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गए थ, कस्बे में जगह जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी निमिषा भारद्वाज, डीह थाना अध्यक्ष जीतेन्द्र मोहन सरोज ,परशदेपुर चैकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

**कीचड़ युक्त रास्ते से जाने को मजबूर हुए रोजेदार :** ईदगाह जाने वाले रास्ते में बारिश से हुए कीचड़ से होकर गुजरे रोजेदार, जिम्मेदार बने अंजान परशदेपुर क्षेत्र के ईदगाह जाने वाले रास्ते में रात में हुई बारिश की वजह से जगह जगह पानी भर जाने से रोजेदारों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। ईदगाह को जाने के लिए दो रास्ते है लेकिन दोनों ही रास्ते पूरी तरह से बदहाल था। पूरे रास्ते में कीचड़ की वजह से रोजेदारों को ईदगाह तक जाने के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा, किसी तरह लोग ईदगाह पहुचकर नमाज अदा की। अव्यवस्था होने के बावजूद नगर पंचायत द्वारा इस समस्या की कोई समुचित व्यवस्था नही की गयी थी।

# एएसपी ने महिला बाइक रैली को दिखायी हरी झंडी



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत आज यहां एक उत्साहपूर्ण जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली संजीव कुमार सिन्हा ने पुलिस लाइन रायबरेली से इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर डिग्री कॉलेज चैराहा, अस्पताल चैराहा, बस स्टैंड, खोया मंडी और सुपर मार्केट सहित शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और पुनः पुलिस लाइन पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के दौरान पुलिस कर्मियों ने आमजनमानस, खासकर महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 112, 181) तथा सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रास्ते में कई जगह रुककर महिलाओं को पम्पलेट वितरित किए गए और उन्हें आत्मरक्षा के महत्व, उत्पीड़न या किसी अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना रहा।

## महिलाओं को किया जागरूक

**महराजगंज, रायबरेली।** उप्र में योगी सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत अभियान चलाकर चैत्र नवरात्रि के दौरान एंटी रोमियो टीम बाइक/स्कूटी रैलियों और हेल्पलाइन नंबरों 1090, 112 के जरिए महिलाओं को हलोर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में एकत्र कर जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तीकरण और साइबर अपराधों से बचाव सुनिश्चित करना है। पुलिस टीम ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। इन योजनाओं में रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना प्रमुख थीं। महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल ज्ञानेंद्र तिवारी, महिला हेड कांस्टेबल उर्मिला सिंह, व दीपा सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## तालाब में उतराता मिला विवाहिता का शव

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज क्षेत्र के चौकी बाबा की शाला के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूधैमई में रविवार की सुबह एक विवाहिता का शव उसके घर के पास के तालाब में उतराता मिला। महिला का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गयी। वहीं एक दिन पहले घर में जेठ के बेटे के मुंडन की खुशीयां मनाई जा रही थीं उस घर में रीना की मौत से मातम फैल गया। मामला रविवार की सुबह का है जब गांव के पास के ही तालाब में रीना देवी पत्नी विनोद कुमार का शव तैरता हुआ मिला। मामले की सूचना मिली तो चौकी बाबा की शाला पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गयी। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने महिला का शव निकाला। रीना ने जेठ प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार को उनके बेटे के मुंडन का कार्यक्रम था। शनिवार की सुबह वे अपने परिवार के साथ लखुना बकेवर गये थे और घर पर रीना और उनके पति विनोद को छोडे गये थे। शाम को जब वह वापस आऐ तो रीना का पति विनोद पार्सल की गाडी लेकर चला गया और रात में 11 बजे तक गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के बाद सभी लोग सोने चले गये लेकिन सुबह जब रीना अपने कमरे में नही मिली तो उनकी खोजबीन शुरू हुई। वहीं कुछ देर बाद ही ग्रामीणों उनका शव तालाब में तैरते हुऐ देखा।

## रीना के आंखों पर बंधी चुनरी ने उठाये सवाल

सिरसागंज। चौकी पुलिस ने जब रीना का शव तालाब से निकाला तो रीना की आंखे चुनरी से बंधी हुई थीं। पुलिस ने आंखों से चुनरी हटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना प्रभारी वैभव प्रताप सिंह ने बताया कि रीना की शादी तो 12 साल बीत गये थे लेकिन अभी तक उसके कोई संतान नही थी। वहीं शनिवार की रात दोनों पत्नी पत्नी में विवाद भी हुआ था जिसके कारण रीना ने ये कदम उठा लिया। उन्होने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## मांट में निर्माणाधीन मकान की छत गिरी राजमिस्त्री की मौत

मथुरा। रविवार की सुबह मांट क्षेत्र के गांव जाबरा में दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक मकान के निर्माण का कार्य चल रहा था। प्रतिदिन की तरह मजूदर और राजमिस्त्री काम कर रहे थे। अचानक मकान की छत भरभरा कर गिर पड़ी। राजमिस्त्री सहित आधा दर्जन से अधिक लोग मलबे में गये। कुछ ही देर में घटना स्थल पर ग्रामीणों को भीड जमा हो गई। ग्रामीणों ने जब पता चला कि मकान के मलबे में लोग दबे हैं तो ग्रामीणों ने आनन फानन में मलबे को हटना शुरू कर दिया। मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला, इस बीच घटना की सूचना पुलिस को भी दे दी गई। दबे हुए लोगों को एंबुलेंस मौके पर पहुंच मलबे से निकाल कर एम्बूलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में राजमिस्त्री सोनवीर सिंह निवासी बहादौन को इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि दो मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य घायलों में बनी सिंह, महेंद्र सिंह, जिया (निवासी जाबरा), भूपेंद सिंह और सोनू शामिल हैं, जिनका इलाज जारी है। घटना पपरेला रोड स्थित बनी सिंह के निमार्णाधीन मकान में हुई बताया जा रहा है कि मजदूर और राजमिस्त्री छत डालने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक छत गिर गई, जिससे वहां मौजूद सभी लोग मलबे, लोहे के गाटर और पत्थरों के नीचे दब गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की बात कही है।

# फरसा वाले बाबा की मौत पर संतों की बड़ी बैठक आज

## गौ सेवकों पर केस दर्ज होने से नाराज हैं साधु-संत



जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। गौसेवक बाबा चंद्र शेखर उर्फ फरसा वाले बाबा की मौत के मामले में गौ रक्षकों पर पुलिस कार्रवाई से संतों में नाराजगी है। महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज और फलाहारी बाबा दिनेश शर्मा ने संतों की बैठक जुलाहेंदी स्थित चित्रगुप्त पीठ में बुलाई है। इस बैठक में गाजियाबाद दिल्ली हरियाणा उत्तराखंड राजस्थान समेत कई राज्यों के बड़े संत एवं धमाचार्य शामिल होंगे। गौरतलब है कि 20 मार्च की देररात थाना कोसीकला क्षेत्र स्थित बठेनगेट के समीप बृज के प्रसिद्ध गौसेवक संत चंद्र शेखर उर्फ. फरसा वाले बाबा की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक से कुचल कर मौत हो गई थी। 21 मार्च की सुबह होते ही बाबा की मौत की सूचना पर सैकड़ो गौ रक्षक मौके पर पहुंचे। बाबा के क्षत विक्षिप्त शव को देख गौ रक्षकों में आक्रोश पनप गया। आगरा दिल्ली नेशनल हाइवे जाम कर छाता क्षेत्र में जाम लगा दिया। पुलिस और गौरक्षकों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पथराव और लाठीचार्ज हो गया। इस घटना के बाद पुलिस ने दो दर्जन से अधिक गौरक्षकों को हिरासत में लेकर 22 नामजद समेत 300 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। चित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताई है।

सच्चिदानंद महाराज ने इस मामले में 23 मार्च को संतों की बैठक का आव्हान किया है। स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने बताया कि बाबा चंद्र शेखर की मौत नहीं हत्या है। सीएम ने घटना का संज्ञान लिया है। प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि वे गौ सेवकों का सम्मान करें, लेकिन सीएम की बैठक के बाद यहां प्रशासन गौ सेवकों पर दंडात्मक कार्रवाई कर सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। प्रशासन के विरोध में साधु संतों की बड़ी बैठक बुलाई है। इस मामले में संत आगे की रणनीति बनाएंगे।

## बुलेरो सवारों को रोडवेज ने मारी टक्कर, एक की मौत

मथुरा। थाना गोवर्धन क्षेत्र अंतर्गत बरसाना रोड पर आज दोपहर अपने परिवार के साथ श्रीजी मंदिर बरसाना दर्शनों के लिये बुलेरो से जा रहे एक परिवार की गाड़ी में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी जिससे बुलेरो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इन्हें उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां से जिला अस्पताल ले जाते समय परिवार के मुखिया की मौत हो गयी।

हलद्वानी के रहने वाले प्रदीप कुमार (45) अपनी पत्नी हिना, साले वैभव, बेटे चिन्मय के साथ आज दोपहर गोवर्धन होते हुये बरसाना जा रहे थे तभी सामने से आती रोडवेज बस ने बुलेरो में जोरदार टक्कर मार दी जिससे गाड़ी में सवार सभी लोग घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलते ही गोवर्धन पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया जहां दशा बिगड़ती देख प्रदीप को मथुरा जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन रास्ते में ही प्रदीप ने दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना की सूचना परिजनों को दे दी गयी है।

## विश्व जल दिवस पर भारत स्काउट्स और गाइड्स का संगोष्ठी, जागरूकता अभियान

मथुरा। उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, आगरा मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में रविवार को जिला प्रशिक्षण केंद्र, मथुरा में विश्व जल दिवस पर संगोष्ठी एवं जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम जल और लैंगिक समानताः जहाँ जल बहता है, वहाँ समानता पनपती है निर्धारित की गई है, जिसके अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण केंद्र, मथुरा में जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्काउट्स एवं गाइड्स के लीडर्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों द्वारा जल संरक्षण के महत्व तथा लैंगिक समानता के संदर्भ में सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया गया एवं सभी को जागरूक किया गया। इसी क्रम में विश्व जल दिवस के अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जल संरक्षण से संबंधित प्रभावी संदेश प्रस्तुत किए।

## भक्ति में दृढ़ता से ही आराध्य की प्राप्ति संभव



मथुरा। वृन्दावन 22 वें अष्टदिवसीय सियपिय मिलन महोत्सव के अंतर्गत अष्टोत्तरशत श्रीराम चरित मानस पाठ, श्रीभगवान्नाम संकीर्तन, अखंड चैबीस चैपाई पाठ एवं रूद्राभिषेक आदि के कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धाभाव के साथ हो रहे हैं। साथ ही अनेकों प्रख्यात संत-विद्वान एवं धमार्चार्य अपने आशीर्वचन भक्तों - श्रृद्धालुओं को श्रवण करा रहे हैं। महोत्सव के षष्ठ दिवस डॉ. सुरेश शास्त्री ने कहा कि पटिया वाले बाबा महाराज की कृपा का बखान संभव नहीं। आज भी वे शाश्वत रूप में भक्तों के हृदयों में विराजकर लौकिक और पारलौकिक तापों का हरण कर भक्ति तत्व को प्रगाढ़ कर रहे हैं क्योंकि भक्ति में दृढ़ता से ही आराध्य की प्राप्ति संभव है। रामेश्वर दयाल महाराज ने कहा कि भगवान अपने भक्त की किसी भी इच्छा को पूर्ण करने में देर नहीं करते हैं, वे तो केवल भक्त के भाव और दृढ़ता की परीक्षा करते हैं। केवल वे कभी शत्रु को पीठ नहीं दिखाते और किसी पर स्त्री का भाव अपने हृदय में नहीं लाते। बृजमोहन राजोरिया ने कहा कि बाबा रामदास महाराज नर सेवा को ही नारायण सेवा माना के जीव जीव में भगवान का दर्शन किया और अपने अनुगतों को ऐसा भावपूर्ण हृदय प्रदान किया। इस अवसर पर स्वामी सेवानंद ब्रह्मचारी, राम अवतार भगतजी, प्राचार्य अनिल शास्त्री महाराज, जगमोहन राजौरिया, विवेक शास्त्री, राघवेंद शर्मा आदि ने भी भावांजलि व्यक्त की।

# मक्खनपुर पुलिस की कार्यवाही में अवैध होटल से 11 युवक व4 लड़कियां बरामद



फिरोजाबाद । थाना मक्खनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी और तहसीलदार ने सांती रोड पर चल रहे एक होटल में छापा मार कार्रवाई की छापामार कार्रवाई के दौरान होटल से पुलिस ने एक दर्जन से अधिक युवक और युवतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से होटल के आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जब पुलिस ने होटल में चेकिंग की तो पुलिस के होश उड़ गए होटल के अंदर आपत्तिजनक सामान के साथ कई न्यूड फोटो बरामद किए हैं पुलिस ने होटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए पकड़े गए युवक और युवतियों को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस में होटल से हजारों की नगदी व पांच बाइक बरामद की है। वही मौके से होटल स्वामी कश्मीर सिंह और होटल संचालक पारस मौके से फरार है। थाना मक्खनपुर पुलिस को काफी समय से शिकायत मिल रही थी की थाना मक्खनपुर के क्षेत्र सांती रोड पर पारस होटल में काफी समय से देह व्यापार का धंधा चल रहा है। सीओ अमरीश कुमार, तहसीलदार कीर्ति चौधरी और थाना प्रभारी चमन शर्मा ने शनिवार शाम को सांती रोड पर बने पारस होटल पर छापामार कार्यवाही की। पुलिस की छापा मार कार्रवाई के दौरान होटल में हड़कंप मच गया पुलिस ने होटल के अंदर से 11 युवक और 4 लड़कियों को बरामद किया जिनको पुलिस पड़कर थाने ले गई जब पुलिस ने होटल के कमरों की चेकिंग की तो पुलिस के होश उड़ गये होटल के हर कमरों में अश्लील फोटो, आपत्तिजनक सामान के साथ हजारों रुपए की नगदी बरामद की पुलिस ने होटल से पांच बाइक और मोबाइल भी बरामद किए है। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर हैं। वही मौके से होटल स्वामी कश्मीर सिंह और होटल संचालक पारस मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी चमन शर्मा ने बताया कि काफी समय से होटल में देह व्यापार की सूचना मिल रही थी छापे में 11 लड़के व 4 लड़कियों को बरामद किया है, सभी के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है वही होटल संचालक पुलिस पर मामला खत्म करने का लगातार दबाव बना रहे थे अभी दोनों मौके से फरार हैं।

# नरी सेमरी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब चैत्र नवरात्र मेले में हुई माता की आरती



मथुरा। ब्रज की सिद्ध पीठों में शुमार छाता तहसील के गांव नरी सेमरी में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मेले के विशेष तीज के दिन माता रानी की दिव्य आरती का आयोजन किया गया जिसमें माता के दर्शन और चमत्कारिक आरती के साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मान्यता के अनुसार तीज के दिन माता के परम भक्त धनु भगत के वंशज नरी सेमरी मंदिर पहुँचते हैं और माता की दिव्य आरती विधि विधान से संपन्न करते हैं। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय माता दी के उद्घोष से गुंजायमान रहा। दूर दराज से आए भक्तों ने कतारबद्ध होकर माता के दरबार में मत्था टेका और अपनी मनोकामनाएं मांगी। इस दिव्य आरती की सबसे खास और चमत्कारिक बात माता के दीपक की लौ है। क्षेत्रीय लोगों और श्रद्धालुओं की अटूट मान्यता है कि आरती के दौरान दीपक की लौ एक सफेद चादर के आर पार दिखाई देती है लेकिन आश्चर्यजनक रूप से वह कपड़ा जलता नहीं है। भक्ति की इस पराकाष्ठा और माता के इस अनोखे चमत्कार को देख हर कोई नतमस्तक नजर आया।

मंदिर परिसर में आयोजित विशाल मेले में मथुरा जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए महिला पुरुष और बच्चों ने जमकर आनंद लिया। मेले में खान पान की दुकानों और झूलों पर भारी भीड़ देखी गई। ग्रामीण परिवेश के इस मेले में महिलाओं ने माता के भजन गाए और भक्ति भाव के साथ उत्सव मनाया। भक्तों का विश्वास है कि जो भी सच्चे मन से यहाँ चैत्र नवरात्रि में माता के दर्शन करता है उसकी हर मुराद पूरी होती है।

## भाजपाइयों की हुई परिचयात्मक बैठक

मथुरा। पुष्पांजलि स्थित जिला कार्यालय पर रविवार को सभागार में नवनियुक्त जिला कार्यकारणी के स्वागत समारोह और कार्यकर्ता परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज की गई। जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे के नेतृत्व में रविवार को एक परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर कार्यकर्ता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और सभी से पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संगठन अनुशासन, समर्पण और आपसी समन्वय से ही मजबूत होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आग्रह किया। बैठक में जिला महामंत्री सत्यपाल चौधरी, आकाश चौधरी, अमन ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी, मुकेश वार्ष्णेय, मनीषा पाराशर, मुदिता शर्मा, भगत सिंह जादौन, देवेंद्र शर्मा भानु प्रताप सिंह, अनिल चौधरी, कमल वार्ष्णेय, जगमोहन पाठक, सुरेश तरकर, ज्ञानेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, नारायण पांडे, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## फरसा वाले बाबा को दी श्रद्धांजलि

मथुरा। फरसा वाले बाबा की निर्मम हत्या पर आचार्य बद्रीश महाराज की अध्यक्षता में धर्म रक्षा संघ, गौ रक्षा दल भारत एवं वृन्दावन गौ रक्षा सेवा समिति के तत्वावधान में शोक जताते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी संतों एवं गौ रक्षकों ने दो मिनट का मौन रखा और उनके चित्रपट पर पुष्प माला अर्पित की। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि फरसा वाले बाबा कोई सामान्य संत नहीं थे वह गौ सेवकों, सनातनियों एवं बृजवासियों के मसीहा थे।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि प्रशासन फरसा वाले बाबा की निर्मम हत्या को दुर्घटना बताकर लीपा पोती करना चाहता है। गौ रक्षा दल भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास शर्मा ने कहा कि मेवात के गो तस्करों ने पहले भी उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी, उनकी हत्या से संपूर्ण गौ सेवकों एवं संत समाज में आक्रोश व्याप्त है। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि पुलिस प्रशासन को जल्द ही हत्यारोपियों का एनकाउंटर करना चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि फरसा वाले बाबा की हत्या पर सारा संत समाज आक्रोशित है।

**● स्मारक बनाने और दोषियों पर कार्यवाही की मांग**

प्रशासन को उनका शीघ्र ही स्मारक बनाना चाहिए। महंत दशरथ दास महाराज ने कहा कि यदि सरकार ने आरोपियों के खिलाफ कड़े कदम नहीं उठाये तो धर्म रक्षा संघ बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। श्रद्धांजलि सभा में हरिओम शास्त्री, महंत यशवर्धन दास, मुकेश शर्मा, गोपाल शर्मा, ध्रुव शर्मा, अजय शर्मा पप्पी, रविकांत गौतम आदि उपस्थित थे।

# कामदा एकादशी से बांकेबिहारी देंगे फूलबंगला में दर्शन



मथुरा। कामदा एकादशी 29 मार्च को है। ठाकुर बांकेबिहारी विभिन्न प्रकार फूलों से सजे दिव्य फूलबंगला में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। गर्मी के मौसम में करीब चार महीने तक फूलबंगला सजाया जाएगा, ताकि ठाकुरजी को फूलों से शीतलता दी जा सके। फूलबंगला सजाने की यह क्रम 12 अगस्त हरियाली अमावस तक चलेगा। सुबह राजभोग और शाम को शयनभोग सेवा के दौरान अलग-अलग तरह के फूलबंगला में विराजकर ठाकुरजी भक्तों को दर्शन देंगे। ठाकुरजी की फूलबंगला सेवा के लिए पूरे सीजन की बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है। ऐसे में अब कोई भक्त फूलबंगला की सेवा मंदिर में करना चाहता है, तो उसे मौका नहीं मिलेगा। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में कामदा एकादशी 29 मार्च से गर्मी में ठाकुरजी को शीतलता प्रदान करने के लिए हर दिन फूलबंगला सजाया जाएगा। इस परंपरा की शुरूआत ठाकुर बांकेबिहारी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदास ने की थी। स्वामीजी गर्मी के दिनों में पत्तियों और फूलों का डोल सजाकर भावसेवा करते थे। परंपरा को उनके अनुयायियों ने जीवंत रखा है। हालांकि, अब फूलबंगला का स्वरूप बदल चुका है। अब आधुनिकता का समावेश है। विदेशी फूलों से सजे बंगला दिव्य और भव्य होते हैं। मंदिर में हर दिन अलग डिजाइन का फूलबंगला सजता है। दोपहर में मंदिर के पट बंद होने के बाद मात्र चार घंटे में कारीगर इसे तैयार करते हैं। हालांकि, फूलों की सफाई, विदेशी फूलों का मत्था, तोरण पहले ही तैयार कर लिए जाते हैं। सुबह सजने वाले फूलबंगला के लिए कारीगर भोर में मंदिर में पहुंच जाते हैं। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर उच्चाधिकार प्राप्त प्रबंधन समिति ने फूलबंगला सजाने के लिए इस बार मंदिर में जमा होने वाली धनराशि में वृद्धि कर दी है। पिछले वर्ष तक मंदिर में फूलबंगला सेवा के लिए 15 हजार रुपये जमा होते थे। लेकिन, इस बार एक लाख 51 हजार रुपये प्रति फूलबंगला के हिसाब से जमा होंगे। हर वर्ष गर्मी के दिनों में ठाकुरजी के फूलबंगला 108 दिन सजते हैं। लेकिन, इस बार 17 मई से अधिकमास की शुरूआत हो रही है, जो 15 जून तक चलेगा। ऐसे में इस बार गर्मी के सीजन में फूलबंगला एक महीने अधिक सजेंगे।

## पर्यटन मंत्री ने बीहड़ वाली माता मंदिर में 388.28 लाख से पूर्ण हुए सुंदरीकरण का लोकार्पण किया



फिरोजाबाद। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद के आस्था के प्रमुख केंद्र बीहड़ वाली माता मंदिर में 388.28 लाख की लागत से पूर्ण हुए पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण का भव्य लोकार्पण किया, उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि बीहड़ वाली माता मंदिर का यह कायाकल्प केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा का सम्मान है, जैसा कि विदित है कि इस मंदिर को यूपीपीसीएल के द्वारा बनाया जा रहा है, जहां पर मंदिर प्रांगण का विस्तार, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, कलात्मक प्रवेश द्वार के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए पेयजल सुविधा और सुव्यवस्थित मार्ग बनेगा, माननीय मंत्री जी का इस परियोजना के पीछे उद्देश्य है कि इस धार्मिक विरासत को आधुनिक पर्यटन सुविधाओं से लैस करना, इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा, किसान मोर्चा के अध्यक्ष राम कैलाश यादव, सुनील वशिष्ठ, पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष में हुई मारपीट

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद मोहल्ला खेड़ा में जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान कर दिया। मोहल्ला खेड़ा कनही महाराज की बगीची के पास एक बीघा जमीन पर शिवम यादव के बाबा छोटेलाल यादव ने अपनी जमीन बताते हुए न्यायालय में वाद दायर किया था। आरोप है कि रविवार को दूसरे पक्ष से रामप्रकाश, उनका बेटा गौतम निवासी नगला जलुआ काफी लोगों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से लेकर पहुंचा और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने लगे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि वह उनकी जमीन पर पोल लगा रहे थे। इसके साथ ही जमीन पर बंधे हुए पशुओं को भी खोलकर भगाने का प्रयास किया। जमीन पर कब्जे की सूचना पर पहुंचे पहले पक्ष के लोगों ने विरोध किया तो दोनों पक्षों में गाली गलौज शुरू हो गई। इसी दौरान दोनो पक्ष एक दूसरे से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना से अफरा तफरी मच गई। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले पक्ष से छोटेलाल यादव, अंकित, जोगेंद्र, दूसरे पक्ष से रामप्रकाश, गौतम, एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों का शांति भंग में चालान किया है। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार का कहना है कि जमीन का मामला न्यायालय में चल रहा है। आज दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ है। पुलिस ने दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोगों का शांति भंग में चालान किया है।

## वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षा, ओटीपी फ्रॉड से बचाव के उपाय बताये

फिरोजाबाद। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में समाज कल्याण विभाग के द्वारा लोक कल्याण समिति के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती राजमती, शिवकुमार गजेंद्र सिंह एडीओ समाज कल्याण मदनपुर ग्राम प्रधान रूपा देवी राजपूत, संस्था निदेशक धर्मेंद्र सिंह यादव, राजेश राय ने सायबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए। अरांव खुर्द में मुख्य अतिथि डॉ रामकैलाश यादव सदस्य राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम भारत सरकार ने वृद्धजनों को स्मार्टफोन का उपयोग, साइबर सुरक्षा ओटीपी फ्रॉड से बचाव, बैंकिंग और पेंशन की धनराशि निकालने की प्रक्रिया को समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामवीर सिंह बौद्ध तारबाबू ने की। संचालन राजेश राय ने किया।

## तमंचा सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलग अलग जगहों से दो अभियुक्तों को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त सकील पुत्र माजिद निवासी न्यू इन्द्रा नगर एटा रोड थाना टूण्डला को अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ रेस्ट केम्प पर पुराने खण्डहर मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। वहीं चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त सलमान पुत्र अली हुसैन उर्फ अलिया निवासी मदरसे के पास अब्बास नगर, सैलई की पुलिया थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को एक तमंचा व एक कारतूस जिन्दा सहित हबीबपुर बम्बा थाना टूण्डला फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है

## पत्रकार की मां के निधन पर शोक सभा आयोजित



टूंडला। नगर के पत्रकार जाविद अली की मां के निधन पर टूंडला प्रेस क्लब ने शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति को दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई, तथा शोक संवेदना व्यक्त की गई, और परिवार को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। शोक सभा में टूंडला प्रेस क्लब के संस्थापक राजू उपाध्याय अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां विमल किशोर बॉबी विवेक शर्मा जाविद अली योगेंद्र चौधरी धीरज बघेल संतोष शर्मा उपेंद्र यादव, ताहिर सिद्दीकी महेश ठैनुआ देवेंद्र प्रताप सिंह कपिल देव राकेश गौतम अनुज रावत आदि क्लब के पत्रकार मौजूद रहे।

## परिक्रमा मार्ग नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, शिनाख्त के प्रयास जारी

वृंदावन। धर्मनगरी में उस वक्त हड़कंप मच गया जब कोतवाली इलाके की रंगजी चैकी क्षेत्र अंतर्गत केशीघाट के समीप परिक्रमा मार्ग स्थित हनुमान मंदिर के नीचे बने नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम के कर्मचारी क्षेत्र में नाले की सफाई कर रहे थे, तभी उनकी नजर नाले में पड़े शव पर पड़ी। कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पार्षद पंकज अरोड़ा को दी, जिन्होंने रंगजी चैकी प्रभारी देवेंद्र सिंह को मामले से अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पार्षद पंकज अरोड़ा ने बताया कि मृतक की उम्र और हुलिए से वह बाहरी व्यक्ति प्रतीत हो रहा है, हालांकि अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मिशन शक्ति फेस 5 के तहत किया जागरूक



टूंडला। थाना पचोखरा पुलिस ने मिशन शक्ति फेस 5 अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत रविवार को ग्राम पमारी थाना पचोखरा क्षेत्र में युवक युवतियों में प्रेम प्रसंग के अंतर्गत घर से चले जाने के मामलों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर उससे होने वाले दुष्परिणामो के बारे में जानकारी दी गई तथा हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी अमित तोमर उपनिरीक्षक जयवीर सिंह का.पार्थिव गौतम म0का0 डिम्पल युवक युवतियां व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# व्यापार के कायदे-कानून

हालांकि अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने वैश्विक व्यापार के तमाम कायदे-कानूनों को ताक पर रख दिया है या ध्वस्त कर दिया है और ऐसे में विश्व व्यापार के समक्ष गंभीर संकट है। फिर भी अगर डब्ल्यूटीओ इस संकट में विश्व व्यापार को सरल, सुगम बनाने और इसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास करता है, तो उसका स्वागत होना चाहिए। इस संदर्भ में विश्व व्यापार संगठन अर्थात डब्ल्यूटीओ का 14वां मंत्री स्तरीय सम्मेलन 26 से 29 मार्च तक कैमरून के याउंडे शहर में होने जा रहा है। यह सम्मेलन अत्यंत अहम समय में हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि इसमें दुनिया भर के व्यापार मंत्री बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था के सामने उत्पन्न चुनौतियों और अवसरों के बारे में चर्चा करेंगे और भविष्य का एजेंडा निर्धारित करेंगे। गत वर्ष दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अर्थात अमरीका ने वैश्विक व्यापार व्यवस्था को पूरी तरह उलट-पुलट दिया। उसने स्थापित व्यापार सिद्धांतों की बिल्कुल परवाह नहीं की। अमेरिका की वर्तमान नीतिगत सोच और पिछले दशक में डब्ल्यू टी ओ के प्रति उसके रवैये को देखते हुए, यह देखना बाकी है कि बहुपक्षीय मंच व्यापार एजेंडे को किस हद तक आगे बढ़ा सकता है। भू-राजनीति भी व्यापार के लिए एक बड़ा जोखिम बन गई है।

जैसा कि इस समाचार पत्र में हाल ही में प्रकाशित किया गया, इस सम्मेलन में भारत का रुख यह होना चाहिए कि डब्ल्यूटीओ के बुनियादी रुख में कोई बदलाव नहीं आने देना है। इनमें कई मुद्दे शामिल हैं। उदाहरण के लिए मंच पर सर्वसम्मति-आधारित निर्णय तैयार करना और व्यापारिक साझेदारों द्वारा गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क व्यवस्था को आगे बढ़ाना है। इसके अलावा, नये मुद्दे जोड़ने से पहले लंबित




मामलों को हल किया जाना चाहिए। यह स्थिति समझ में आती है। हालांकि, यह भी ध्यान देने योग्य है कि वर्षों से डब्ल्यूटीओ में बहुत कम प्रगति हुई है। हाल के दशकों में वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के उभरने के साथ वैश्विक व्यापार की प्रकृति बदल गई है। सर्वसम्मति-आधारित निर्णय निर्माण प्रक्रिया इस बदलाव के साथ तालमेल नहीं बैठा पाई है। परिणाम स्वरूप, विभिन्न देशों ने मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ओर रुख किया है, जो नियमों के मुताबिक हैं ताकि गहन एकीकरण हो सके और जीवीसी-आधारित व्यापार को सुगम बनाया जा सके। एफटीए की शर्तें केवल भाग लेने वाले देशों तक सीमित रहती हैं, जबकि बहुपक्षीय वार्ताओं के परिणाम सर्वसम्मति से डब्ल्यूटीओ की नियम-पुस्तिका में शामिल किए जा सकते हैं। ऐसा ही एक मुद्दा है विकास के लिए निवेश सुविधा समझौते का एकीकरण। इसका उद्देश्य निवेश को सुगम बनाना है, जिसमें पारदर्शिता, प्रशासनिक प्रक्रियाओं और नियमों का सरलीकरण, तथा नियामक क्षमता में सुधार जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस समझौते को डब्ल्यूटीओ के 166 में से 128 सदस्य देशों का समर्थन प्राप्त है। इनमें विकसित और अल्पविकसित देश शामिल हैं। भारत को वैसे भी निवेश आकर्षित करने के लिए इन सभी कदमों की आवश्यकता है, जो उच्च दरों पर वृद्धि के लिए बिल्कुल आवश्यक है। व्यापक आर्थिक प्रबंधन के दृष्टिकोण से भी, भारत को उच्च वृद्धि प्राप्त करने के लिए घरेलू बचत के साथ विदेशी पूंजी की आवश्यकता है। विदेशी पूंजी तकनीक भी लाती है और देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में एकीकृत करने में सक्षम बना सकती है। कैमरून सम्मेलन के लिए एक अन्य अहम तथ्य यह है कि कई ऐसे मुद्दे, जिनमें ई-कॉमर्स सीमा शुल्क स्थगन भी शामिल है, चर्चा के लिए संभावित हैं। भारत को बहुपक्षीय मंचों पर और अपनी व्यापार एवं निवेश नीतियों में व्यापक रूप से एक व्यावहारिक रुख अपनाना चाहिए। पिछले वर्ष के दौरान भारत ने व्यापार के प्रति उल्लेखनीय खुलापन दिखाया है और ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ के साथ समझौते भी हैं। यह वैश्विक व्यापार में अधिक से अधिक भागीदारी की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है।

## विचार

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

–महात्मा गांधी.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

–तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हो, उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

–फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुनः कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

–मुनि गणेश वर्णी.

# आर्थिक प्रगति के लिए विनाशक है यह युद्ध



मनोज बाजपेयी



आर्थिक प्रगति की पहली शर्त है शांति। अगर दुनिया में शांति का माहौल होता है, वैश्विक तनाव की जगह सहयोग का माहौल विकसित होता है, तो इससे व्यापार बढ़ता है, रोजी-रोजगार के मौके बढ़ते हैं और दुनिया में प्रगति और खुशहाली आती है। लेकिन अगर सहयोग की जगह भू-राजनीतिक तनाव हाबी हो जाये, टकराव युद्ध में बदल जाये और युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो जाये, तो इससे पूरी दुनिया पर आर्थिक संकट के बादल मंडराने लगते हैं। कम आबादी और विपुल संसाधनों वाले देश जैसे ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूएसए, रूस, ब्राजील आदि प्राकृतिक संसाधनों के ढेर पर बैठे हैं और इस कारण यह सीधे तो नहीं प्रभावित होते हैं लेकिन ग्लोबल साउथ के देशों पर युद्ध और इसके फलस्वरूप आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएं एक तरह से बज्रपात बनकर टूट पड़ती हैं।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद दुनिया में महामंदी ने दस्तक दी थी। 1929 से करीब एक दशक तक दुनिया महामंदी के शिकंजे में थी। इस दौरान महामंदी इतनी भयावह साबित हुई कि जितने लोग प्रथम विश्व युद्ध में मारे गये थे, उससे कहीं ज्यादा लोग मंदी के दुष्चक्र में फंसकर मारे गये। भारत को 1991 में भीषण आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा था। देश की अर्थव्यवस्था से विकास गायब हो गया था, विदेशी मुद्रा भंडार एक सप्ताह की जरूरतों को भी पूरा करने लायक नहीं बचा था और महंगाई दिन-दूनी रात-चौगुनी गति से बढ़ रही थी। इस आर्थिक संकट ने सुधारों की तरफ बढ़ने के लिए देश को मजबूर किया। 1991 का आर्थिक संकट जिस पृष्ठभूमि में सामने आया था, आज वहीं हालात फिर से सामने खड़े हैं। भारत के पास संसाधन सीमित हैं और आबादी दुनिया में सबसे अधिक। इस कारण मध्य पूर्व का युद्ध भारत बहुत गंभीर असर डाल सकता है। युद्ध को शुरू हुए तीन सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन कोई भी पक्ष बातचीत की बात तो छोड़िए इसका संकेत भी नहीं दे रहा है। ऐसे में अगर युद्ध लंबा चला, तो तेल एवं गैस का गंभीर संकट दुनिया के सामने बना रहेगा। कीमतें भी आसमान पर होंगी और आपूर्ति की जटिलता भी बढ़ेगी। इसलिए यह जरूरी है भारत सरकार अभी इस युद्ध के नकारात्मक प्रभावों की समीक्षा कर उनसे बचने के गंभीर प्रयास शुरू कर दे। पेट्रोल, डीजल की खपत कम करने, कोयला और ग्रीन एनर्जी के विकल्प को आगे बढ़ाये।

> प्रथम विश्व युद्ध के बाद दुनिया में महामंदी ने दस्तक दी थी। 1929 से करीब एक दशक तक दुनिया महामंदी के शिकंजे में थी। इस दौरान महामंदी इतनी भयावह साबित हुई कि जितने लोग प्रथम विश्व युद्ध में मारे गये थे, उससे कहीं ज्यादा लोग मंदी के दुष्चक्र में फंसकर मारे गये।

**विमर्श**

जहां तक गैस की बात है, तो इसकी खपत कम करने की पहल करनी चाहिए ताकि युद्ध के कारण आसन्न संकट को कम से कम किया जा सके। जहां तक युद्ध की बात है तो मध्यपूर्व का यह युद्ध कितना लंबा चलेगा? कब समाप्त होगा? इस पर कोई कुछ नहीं कह सकता। अब यह बुनियादी सवाल और गहरी चिंता है कि युद्ध कैसे समाप्त होगा? युद्ध के 23 दिन गुजर चुके हैं। अमरीका-इजरायल के हवाई हमलों ने ईरान को लगभग तबाह कर दिया है।

ईरान ने भी इजरायल की राजधानी तेल अवीव को भयानक नुकसान पहुंचाया है। धार्मिक शहर येरुशलम भी छलनी हुआ है। इजरायल की 12,000 से अधिक इमारतें या तो क्षतिग्रस्त हुई हैं अथवा जमींदोज होकर 'मिट्टी-मलबा में बदल चुकी हैं। अब लगता है कि ईरान या तो खुद मिट्टी हो जाएगा अथवा इजरायल का अस्तित्व भी मिटा कर रहेगा, ऐसे आत्मघाती संकल्प के साथ युद्धरत पक्ष अड़ गये हैं। युद्ध में इस तरह की भावभंगिमा चिंताजनक है। दोनों देशों में 'चरम' की स्थिति है। कोई भी रात 'कयामत की रात' साबित हो सकती है। ईरान ने खाड़ी देशों की सम्पन्नता के प्रतीक तेल ठिकानों, क्षेत्रों और रिफाइनरियों को जला कर खाक कर दिया है। उन देशों ने उत्पादन या तो बंद कर दिए हैं अथवा बहुत कम करने पड़े हैं। हवाई अड्डे तबाह, बर्बाद कर दिए गए हैं। पर्यटन को लेकर 60 करोड़ डॉलर प्रतिदिन का नुकसान झेलना पड़ रहा है। खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था 12-15 फीसदी गिर चुकी है। डॉलर बुरी तरह पिट रहा है, नतीजतन अमरीकी अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई है। अमरीका को अभी तक करीब 17 अरब डॉलर युद्ध पर खर्च करने पड़े हैं, लिहाजा वहां भी असंतोष और आक्रोश है। ईरान लगभग तबाह, ध्वस्त हो चुका है। उसके 56 शीर्ष नेताओं की हत्या की जा चुकी है। उनमें 'सुप्रीम लीडर' खामेनेई और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख लारिजानी भी शामिल हैं। अब इजरायल ने नये 'सुप्रीम लीडर' मुज्तबा खामेनेई का भी 'डेथ वारंट' जारी कर दिया है। ईरान के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश, विदेश मंत्री और संसद के स्पीकर आदि को भी 'टारगेट' तय कर लिया गया है। ईरान की ऐतिहासिक इमारतें, रिहायशी घर और 200 से अधिक अस्पताल बर्बाद हो चुके हैं। करीब 1500 लोग मारे जा चुके हैं और 12,000 से अधिक घायल हैं। करीब 32 लाख लोग बेघर हो चुके हैं। यह संयुक्त राष्ट्र रिफ्यूजी एजेंसी की रपट है। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा है कि यदि युद्ध जून तक जारी रहा, तो करीब 4.5 करोड़ लोग भुखमरी का सामना करेंगे। तेल-संकट के कारण ऐसा होगा। इनके बावजूद ईरान में पुरानी हुकूमत कायम है, उसके परमाणु कार्यक्रम पहाड़ों के भीतर 400 मीटर की गहराई में बदस्तूर जारी हैं, समुद्र के नीचे ईरान का 'मिसाइल शहर' अब भी जिंदा है और वहां से मिसाइल हमले कर दुश्मन को क्षत-विक्षत किया जा रहा है। ईरान का दावा है कि उसने 200 से अधिक अमरीकी सैनिकों को मारा है, करीब 3000 घायल हैं, करीब 150 मिसाइल लॉन्चर ध्वस्त किए हैं और डिफेंस, रडार सिस्टम विनष्ट किए हैं। अमरीकी सैन्य अहंकार के प्रतीक 'जेराल्ड फोर्ड' और 'लिंकन' जैसे विमानवाहक युद्धपोतों को अमरीका लौटना पड़ा है। राष्ट्रपति ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन का कहना है कि ट्रंप ईरान युद्ध में बुरी तरह फंस गए हैं। युद्ध उनके लिए 'गले की फांस' बन चुका है।

युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता दिख नहीं रहा है। विडंबना है कि ट्रंप इजरायल की लड़ाई लड़ने को बाध्य हैं। ट्रंप के प्रशासनिक ढांचे में ही अंतर्विरोध उभरने लगे हैं। 'राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी विभाग' के निदेशक जो केंट ने यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है कि ईरान से अमरीका को कोई तात्कालिक खतरा नहीं था, लिहाजा यह युद्ध समझ के परे है। नाटो और यूरोपीय देशों ने भी राष्ट्रपति ट्रंप को ठेंगा दिखाते हुए युद्ध में शामिल होने या होर्मुज में जहाज भेजने से इंकार कर दिया है। यह इंकार ट्रंप के अहंकार को खारिज करता है। बहरहाल जिस युद्ध से भारत, जापान, चीन समेत पूरी दुनिया प्रभावित हो रहे हैं, उस युद्ध का समापन कैसे होगा? यह सवाल सभी के लिए अनुत्तरित है। कई स्तरों पर विश्व नेता आपस में बातचीत कर रहे हैं। अरब-इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों की भी बैठक हुई है, लेकिन ईरान अब भी युद्धविराम को तैयार नहीं है। ऐसे में यह जरूरी है कि कूटनीतिक प्रयासों को तेज किया जाये। युद्धरत देशों को समझाया जाये कि युद्ध से समस्या हल नहीं होगी। इसलिए पूरी तरह बर्बाद होने से पहले ही बातचीत शुरू की जाये ताकि जो कुछ बचा है, वही बच जाये।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने आगामी पुडुचेरी विधान सभा चुनाव–2026 के लिए अपनी द्वितीय सूची में श्री एम अरुलमुरुगन जी को प्रत्याशी घोषित किया है। केशव प्रसाद मौर्य



जब आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली में बनी तो पहली बार देश में काम की राजनीति की बात भी होने लगी थी.... देश के अंदर लोगों में एक उम्मीद जगी थी। ए. केजरीवाल.



मैं साहित्य आलोचक तो नहीं हूं, लेकिन कम से कम मेरी राय में इस वक्त 'अदनान कफील दरवेश' जो लिख रहे हैं, वो आज के वक्त की महत्वपूर्ण कविताओं में से एक है। योगेन्द्र यादव.



# परम आनन्द की अनुभूति

**अंतर्दृष्टि**

जैसा वातावरण उनको समाज में बालकों को मिलता है उसी के अनुसार उनका चरित्र और व्यक्तित्व विकसित होता है। बालकों के चरित्र निर्माण के लिए यह जरूरी है कि उनमें दुनियादारी की समझ विकसित होने का पूरा मौका देना चाहिए। ऐसा न हो कि हम उन्हें हमेशा बालक ही समझकर व्यवहार करते रहें। चरित्र निर्माण के विषय में एक खास बात यह है कि हम उसे सदैव निष्क्रिय और पराश्रित बनाये रखने का प्रयत्न न करें। यह सच है कि बालक मनुष्य के लिए परम आनन्द का साधन होता है। जिसके घर में बालक नहीं, उसके घर में आनन्द नहीं। आनन्द का ऐसा यथेष्ट उपयोग करने के लिए मनुष्य आकाश-पाताल एक कर देता है। हमारे समाज में भी बांझपन, अपशकुन और अभाग्य का कारण माना जाता है। बांझपन का कलंक टालने के लिए स्त्री-पुरुष अपने वश भर कोई बात उठा नहीं रखते। घर में पालना बंध जाने से जो आनन्द प्राप्त हो सकता है, उसकी तुलना में दूसरे किसी आनन्द से नहीं की जा सकती। यह आनन्द देह और देही दोनों का है। इस परम आनन्द ने ही संसार की सतत्ता को बनाये रखा और मनुष्य की शुभ वृत्तियों को हमेशा ऊपर चढ़ाया है। ऊर्ध्वगामी बनाया है। यह मनुष्य के आनन्द का जनक है। जब ऐसे आध्यात्मिक आनन्द को देने वाला कोई पात्र परिवार में जन्म लेता है तो वह न केवल अपने माता-पिता के, बल्कि सब किसी के आनन्द का साधन बन जाता है। उसे देखकर सब आनन्द मग्न हो जाते हैं। उसे गोद में लेकर सब कोई तृप्ति का अनुभव करते हैं। उसके कारण सारा परिवार आनन्द से परिप्लावित रहता है। बालक के आनन्द में माता-पिता का सच्चा आनन्द समाया हुआ है। जब बालक का आनन्द लुप्त होता है, तो माता-पिता का आनन्द भी जाता रहता है। बालक सममूचे कुटुम्ब के आनन्द का केन्द्र बन जाता है। कुटुम्ब के परिचित लोग भी बालक को देखकर खुश होते हैं और एक प्रकार के गहरे आनन्द का अनुभव करते हैं। किन्तु जैसे-जैसे समय बीतता गया, वैसे-वैसे इस आनन्द की कक्षा और इसका प्रवाह बदलता रहता है। सब किसी के आनन्द का कारण बनने वाला धीरे-धीरे सबके आनन्द का स्थूल और स्वार्थी साधन बनने लगता है। माता-पिता और बड़े-बूढ़े समझते नहीं कि बालक का भी अपना आननद होता है। जन्म के बाद तुरंत ही जो बालक अपनी रक्षा और अपने पोषण की अपेक्षा रखता है और अपने ढंग से अपना विकास करने लगता है। वह धीरे-धीरे समझदार और सशक्त भी बनता जाता है। बालक के लिए कामों को करने में माता-पिता को जो आनन्द मिलता है अथवा घर के बड़ों बूढ़ों द्वारा जो काम या आयोजन बच्चों के लिए, बच्चों का पोषण करने की दृष्टि से किये जाते हैं उनसे हमेशा आनन्द मिलता ही है।

# गरीबी मिटाने की गोष्ठी...

**व्यंग्यलोक**

पांच सितारा कहलाने वाली हिलटॉप जगह पर देश की गरीबी मिटाने पर चिन्तन शुरू किया गया। गरीबी मिटाने का बजट आया हुआ था। बजट के पूरे उपयोग के लिए चिन्तन गोष्ठी में गरीबी से रूबरू होने के लिए फील्ड विजिट का कार्यक्रम बनाया गया, जिससे आस-पास के पर्यटक स्थलों की सैर भी गोष्ठीधिपति कर सकें। मिनरल वाटर से नहाना और ड्राइ फ्रूट खाना गोष्ठी की आवश्यकता रही। गोष्ठी में डिसीजनों की भरमार हो गई थी। गरीबी के विनाश के लिए देश के समस्त मल्टीप्लेक्स को पाबंद किया कि शो प्रारंभ होने से पहले गरीबी मिटाने के आकर्षक संदेशों को एक डॉक्यूमेंट्री के रूप में दिखाया जाए। हर एक सरकारी समारोह समाप्ति पर गरीबी भगाएंगे का गाना जरूर गाया जाए। खाद्य एवं नागरिक रसद विभाग राशन कार्डों पर गरीबी मिटाने के नारों को मल्टी कलर में मुद्रित करे। उचित व अनुचित मूल्यों की दुकानों पर पोस्टरों, दीवार चित्रों, स्लोगनों और टिन प्लेटों आदि द्वारा गरीबी मिटाने से संबंधित संदेशों का प्रदर्शन किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पंचायत क्रेंद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद, आयुर्वेद औषधालय, पटवारी घर, कृषि केंद्र व स्कूल भवनों पर गरीबी मिटाने के नारों को आकर्षक तरीके से लिखवाने की व्यवस्था कराएं। शिक्षा विभाग समस्त टीचरों को निर्देशित करे कि वे हर माह की दस तारीख को देश के सभी स्कूलों में दस बजे 10 नारे गरीबी के विरुद्ध जरूर लगाएं। 10 तारीख 10 बजे 10 नारे कार्यक्रम को अभियान के रूप में चलाया जाए। एक विशाल प्रभात फेरी निकालें जिसमें सभी बच्चे, शिक्षक व प्रधानाध्यापक गांव की प्रत्येक गली को गरीबी मिटाने के नारों से गुंजायमान कर दें। इस रैली में विधायक द्वारा नामित प्रामाणिक गरीब को प्रतिनिधि के रूप में जरूर सम्मिलित करें। सहकारिता विभाग अपने सदस्यों को गरीबी दूर करने के लिए समझाए। समस्त प्रकार की सहकारी समितियां दीवार चित्र, बड़े होर्डिंग व पैम्फलेटों की सहायता से गरीबी मिटाने का प्रचार-प्रसार करें। यातायात विभाग अपने सभी वाहनों पर गरीबी मिटाने के संदेश आकर्षक तरीके से लिख दें। वे निजी वाहन मालिकों से अनुनय-विनय करें कि वे गरीबी मिटाने के नारे और संदेश अपने वाहनों पर लिखवाएं। यातायात विभाग को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी सरकारी वाहन को पकड़कर उन पर गरीबी मिटाने के संदेश लिख दें। राजस्व विभाग अपने पटवारियों को निर्देशित करें कि वे अपने संपर्क में आने वाले ग्रामीणों से गरीबी छोड़ने की गुहार करें। जिला कलेक्टर इन सभी कार्यों की बार-बार मीटिंग लें व समीक्षा करें, ताकि गरीबी की जड़ पर प्रहार किया जा सके।



रामविलास जॉगिड़

# गुड़ी पड़वा, उगादी, चेती चंद और नवरेह



**सांस्कृतिक समुच्चय**

**धीरज बसाक**

गुड़ी पाड़वा, उगादी, नवरेह और चेतीचंद, दरअसल ये अलग-अलग समाजों में मनाये जाने वाले भारतीय नववर्षों का समुच्चय है। इनमें गुड़ी पाड़वा प्रमुख है, जो आस्था और संस्कृति के मिले-जुले प्रतीक के रूप में महाराष्ट्र और गुजरात में प्रमुखता से मनाया जाता है। यह और इसके साथ मनाये जाने वाले सभी पर्व दरअसल भारतीय महादेश के अलग-अलग हिस्सों में नववर्ष या नववर्ष जैसी शुरूआत के आस्था पर्व हैं। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गुड़ी पाड़वा का पर्व मनाया जाता है, जिस दिन देश के सभी हिस्सों में चैत्र मास के नवरात्रों का प्रारंभ होता है। भारतीय पंचांग के मुताबिक यह वह दिन होता है जब नये संवत्सर की शुरूआत होती है।

साल 2026 में अलग-अलग क्षेत्रों में मनाये जाने वाले ये सभी सांस्कृतिक पर्व 19 मार्च 2026 को मनाये जाएंगे और इसी दिन से हिंदू पंचांग के मुताबिक विक्रम संवत का नया वर्ष शुरू होगा, जो अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। वैसे गुड़ी पाड़वा का बहुत व्यापक धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। माना जाता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। इसलिए यह सृष्टि के आरंभ दिन के कारण भी नववर्ष और नवजीवन का प्रतीक दिन है। एक अन्य कथा के मुताबिक इसी दिन भगवान राम की अयोध्या वापसी हुई थी और रावण पर विजय की स्मृति ने अयोध्या के लोगों ने घरों के बाहर विजय ध्वज फहराये थे, जो आगे चलकर गुड़ी के रूप में प्रचलित हो गये। महाराष्ट्र में गुड़ी पाड़वा को इसी दिन के प्रतीक के रूप में देखते हैं। इसलिए लोग घरों के बाहर पारंपरिक विजय ध्वज यानी गुड़ी फहराते हैं। ऐसा विश्वास है कि इस दिन घर के बाहर यह गुड़ी अर्थात विजय ध्वज फहराने से जीवन की तमाम नकारात्मक शक्तियां घर से दूर रहती हैं। गुड़ी पाड़वा को धार्मिक के साथ-साथ नवजागरण का उत्सव माना जाता है। भारत में यही वह समय होता है, जब वसंत ऋतु अपने पूर्ण यौवन के साथ मौजूद होती है। खेतों में नई फसल आने को होती है, प्रकृति में हर तरफ हरियाली की समृद्धि होती है, इसलिए किसान समुदाय के लिए यह दिन बहुत महत्वपूर्ण होता है। लोग गुड़ा पाड़वा के मौके पर नये कपड़े पहनते हैं, घरों के बाहर रंगोलियां सजाते हैं और एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हैं। इस दिन कई तरह के पारंपरिक पकवान बनते हैं और सामूहिक रूप से लोकगीत गाने की परंपरा है। महाराष्ट्र में विशेषकर महिलाएं इस दिन नौवारी साड़ी पहनकर और पारंपरिक रूप से सज-धजकर इस पर्व को मनाती हैं। कई जगहों पर इस दिन सांस्कृतिक जुलूस निकलते हैं, जिनमें लोकनृत्य और लोकसंगीत की धूम होती है। महाराष्ट्र और गुजरात के अलावा गोवा और कोंकण क्षेत्र में भी गुड़ी पाड़वा का न केवल धार्मिक बल्कि विस्तृत सांस्कृतिक महत्व है। जबकि कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में इसी दिन गुड़ी पाड़वा की तरह उगादी का पर्व मनाया जाता है, कश्मीर में विशेषकर कश्मीरी पंडित इस दिन नवरेह का पर्व मनाते हैं, सिंधी समुदाय इस दिन को चेतीचंद के रूप में मनाता है। ये अलग-अलग सांस्कृतिक पर्व एक ही सांस्कृतिक इंद्रधनुष के हिस्से होते हैं। जहां तक गुड़ी पाड़वा की बात है तो इसे गुड़ी स्थापित करने की परंपरा के रूप में मनाया जाता है। गुड़ी वास्तव में एक विशेष प्रकार का ध्वज होता है, जिसे घर के बाहर ऊंचे स्थान पर लगा दिया जाता है। इसे बनाने के लिए बांस की लंबी लकड़ी ली जाती है और उसके ऊपर रंगीन रेशमी कपड़ा बांधा जाता है। इस कपड़े के ऊपर चांदी या तांबे का कलश उलटा रखकर फूलों और नीम, आम की पत्तियों से उसे सजाया जाता है तथा इसे घर के प्रवेश द्वार या खिड़की के पास लगाया जाता है। यह विजय, समृद्धि और शुभ्रता का प्रतीक होता है।

इस दिन लोग सुबह उठकर जल्दी से घर की सफाई करते हैं। कई परिवार नीम की पत्तियों, गुड़ और इमली के मिश्रण को खाने से दिन की शुरूआत करते हैं। यह जीवन के अलग-अलग स्वादों जिसमें कड़वाहट, मिठास और खट्टापन शामिल होता, का साझा प्रतीक समझा जाता है। महाराष्ट्र में इस दिन जो पकवान खास तौरपर बनते हैं, उनमें पूरनपोली, श्रीखंड और साबूदाना की विभिन्न डिशें होती हैं। लोग इन विशेष पकवानों के साथ मंदिरों में जाकर पूजा करते हैं और इस दिन की शुरूआत नये व शुभ कार्यों से करते हैं। कुल मिलाकर गुड़ी पाड़वा घर के बाहर लगाये जाने वाले गुड़ी यानी विजय ध्वज का प्रतीक होता है।

## आप की बात

### चुनाव सुधारों को आगे बढ़ायें

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा हो गयी है। यही समय होता है जब चुनाव सुधारों पर गंभी चर्चा हो, लेकिन इसे कोई गंभीरता से लेने को तैयार ही नहीं है। देश चुनावों की अति हो गयी है। इससे विकास भी प्रभावित होत है, संसाधन भी बेकार होते हैं। इसलिए चुनाव सुधार के जरिए चुनावों की संख्या सीमित करनी चाहिए।

अत्यधिक चुनाव देश के लिए बड़ी समस्या है। इसने हर गली-कूचे में पार्टियां तैयार कर दी हैं, क्षेत्रीय, जातीय, मजहबी, भाषाई आधार पर दलों की भरमार है। अत्यधिक चुनाव, अत्यधिक पार्टियां, दरअसल लोकतंत्र के आदर्श स्वरूप को निगल सकती हैं। इसलिए अगर हमे 'टू-मच डेमोक्रेसी' से बचना है, लोकतंत्र को राष्ट्रीय हितों के साथ आगे बढ़ाना है, तो चुनावों की संख्या को सीमित करने की जरूरत है। चुनावी मौके पर खैरात बांटने की होड़ पर भी विराम लगाना जरूरी है अन्यथा लोकतंत्र में लेबल प्लेइंग फील्ड खत्म हो जायेगी। राजनीति देश की कीमत पर, राष्ट्रीय संसाधनों की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। सुशासन और विकास की राजनीति ही देशहित में है, लेकिन प्रायः देखा जाता है कि जनता चुनावी सौगातों पर अधिक आकर्षित होती है। यही कारण है कि चुनाव के समय पुरानी पेंशन, फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस यात्रा, युवाओं को नौकरी, महिलाओं को आर्थिक मदद, जैसे वायदे पार्टियां करती हैं। ऐसी योजनाओं से देश आर्थिक रूप से तबाह होगा। नब्बे के दशक की शुरूआत में भारत की स्थिति ठीक वैसी ही थी, जैसे आज पाकिस्तान एवं श्रीलंका की स्थिति है।

**सचिन कुमार सिंह, लखनऊ.**

### आतंकवाद का खात्मा

आतंकवाद का जड़ से खात्मा जरूरी है। इसके लिए जितने भी प्रयास करने हों, सरकार को करना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद पर प्रहार की छूट होनी चाहिए। पिछले महीने जिस तरह कई दिनों तक मुठभेड़ चली उसमें कई जवान शहीद हुई, लेकिन हमारे जवानों ने आतंकियों को छोड़ा नहीं। बस ऐसे ही संकल्प की जरूरत है। तभी आतंकवाद खत्म होगा। यह देश आतंकवाद को खत्म करने के अपने महाअभियान पर लगातार आगे बढ़ेगा और एक दिन जम्मू-कश्मीर से आतंक- वाद का पूरी तरह सफाया होगा और भारत को तोड़ने के उनके मंसूबे भी ध्वस्त होंगे। दरअसल बीते कुछ समय से आतंकवाद से निपटने के लिए देश ने अपनी रणनीति बदली है। एक दशक पहले तक आतंकवादियों पर एक्शन सेना तब लेती थी जब उन्होंने कोई हमला किया हो। लेकिन अब सेना और सुरक्षा बल यह इंतजार नहीं करते हैं कि आतंकवादी कोई हमला करें तब उनको जवाब दिया जाये। अब सेना रिएक्टिव के बजाय प्रोएक्टिव एक्शन लेती है। ऐसे में जहां भी पता चलता है कि यहां आतंकी मौजूद हैं या छिपे हुए हैं तो वहां सर्च ऑपरेशन लांच करती है। हालांकि आतंकियों को सरेंडर का मौका देती है, लेकिन ऐसा अगर नहीं करते हैं तो प्रायः मुठभेड़ में आतंकी मारे जाते हैं या पकड़ लिये जाते हैं। लेकिन इस सर्च ऑपरेशन में कई बार हमारे जवानों की शहादत भी होती है। यह बहुत ही दुखद है। लेकिन मुठभेड़ में इस तरह की शहादत होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पहले भी कई सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने छिपकर फायरिंग की जिससे जवानों की शहादत हुई है। इसलिए सेना को सर्च ऑपरेशन, जंगलों और घरों में तलाशी अभियान के दौरान जवानों की सुरक्षा के लिए व्यापक सुरक्षा उपकरणों के साथ एसओपी भी लागू करनी चाहिए ताकि हमारे जवान आतंकियों को खोज भी निकालें और सुरक्षित भी रहें। जब सुरक्षा बल बिना किसी नुकसान के आतंकवादियों को पकड़ने या न्यूट्रलाइज करने में सफल होते हैं, तो वह पूरे राष्ट्र के लिए हर्ष का विषय होता है। लेकिन जवानों की शहादत पर देश गमगीन होता है। आतंकियों के खिलाफ लड़ रही है उसमें शहादत की घटनाएं भी हो जाती है, यह दुखद है।


**राजीव कुमार, लखनऊ.**

संक्षेप

## जीबीटीसी ने सुपर 62 का किया आयोजन

अयोध्या। तकनीकी साक्षरता को बढ़ावा देने एवं निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति के उद्देश्य से स्वयंसेवी संस्था जीबीटीसी ट्रस्ट द्वारा जे बी ए अकादमी में प्रोजेक्ट सुपर 62 का आयोजन किया गया। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों से 62 प्रतिभाशाली बच्चों का चयन किया जाता है। चयनित बच्चों को एक डिजिटल डिवाइस उपलब्ध कराई जाती है तथा उन्हें 11 महीनों तक प्रतिदिन 3 घंटे की विशेष ट्रेनिंग दी जाती है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा 6 से 12 तक के फ्री रेजिडेंशियल स्कूलों में प्रवेश के लिए तैयार करना है। जीबीटीसी ट्रस्ट डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दुर्गेश कुमार शुक्ला ने बताया कि संस्था गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों के ज्ञान स्तर में सुधार कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि देश की अग्रणी टेक्नोलॉजी संस्थाओं के सहयोग से बच्चों को विद्या ज्ञान और नवोदय विद्यालय जैसी संस्थाओं में प्रवेश के लिए तैयार किया जा रहा है। यह कार्य संस्था की संस्थापिका किरण दीप संधू की प्रेरणा से अयोध्या जिले में पहले से संचालित है।

# देश में अमन-चैन व खुशहाली की मांगी दुआ



**अयोध्या**। ईद के पावन अवसर पर जनपद में इस वर्ष 567 स्थानों (मस्जिद व ईदगाह) पर एक साथ नमाज अदा की गई। सभी स्थानों पर मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। सिविल लाइन स्थित ईदगाह पर सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली, जहां हजारों लोग नमाज के लिए एकत्र हुए। नमाज

**● गंगा जमुनी तहजीब से मनायी गयी ईद - उल फितर**

के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विशेष बात यह रही कि नमाज के समय सड़क यातायात सामान्य रूप से चलता रहा और केवल नमाज समाप्ति के दौरान ही बैरियर लगाकर वाहनों को कुछ समय के लिए रोका गया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर सपा सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री पवन पांडेय सहित कई जनप्रतिनिधियों व सामाजिक लोगों ने भी पहुंचकर लोगों को बधाई दी। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। प्रशासन की सतर्कता और जनता के सहयोग से पूरा पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सोहावल तहसील क्षेत्र में मुस्लिम भाइयों का त्यौहार ईद हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक के साथ मनाई गई। ईद के मौके पर हिन्दू भाइयों ने अयोध्या की गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल करते हुए मुस्लिम भइयों के घर पहुँचकर एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। सोमवार की सुबह सबसे पहले क्षेत्र में स्थित ईदगाह पर ईद की नमाज सकुशल संपन्न हुई। जिसमे सभी भइयों ने पुराने गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी। मुस्लिम भाइयों ने कहा कि ईद का त्यौहार 30 दिन रोजा रखकर भूखे, प्यासे, अपने शरीर की हर इच्छा को त्याग कर अपने आप को खुदा को समर्पित करने के बाद ईद का त्यौहार नसीब होता है। क्षेत्र के रौनाही कोला रसूलपुर जगनपुर, चिर्रा, बड़ागांव, ड्योढ़ी बाजार, शेखपुर जाफर, ,सुचित्तागंज बाजार सहित क्षेत्र के सभी ईदगाहों पर शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा हुई। ईद के मौके पर रौनाही पुलिस का सुरक्षा घेरा मजबूत रहा। पुलिस लगातार गस्त करते हुए लोगों से प्रेम पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील करते हुए ईद के दिन सारे शिकवे गिले भुलाकर एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी जाती है। चाहे जिस भी संप्रदाय का पर्व आता है तो दूसरे संप्रदाय के लोग भी बढ़-चढ़कर उस खुशी में शामिल हो जाते हैं। आपसी भाईचारा मेल मिलाप के साथ एक दूसरे की खुशी में शामिल होकर एकता की मिसाल कायम करते हुए शामिल होते हैं। ईद, बकरीद, होली, दीपावली या हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई किसी भी धर्म का त्यौहार हो। सभी के त्यौहारों में एक-दूसरे का सहयोग दिल से करते हैं। सभी त्यौहारों को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। बीकापुर विधान सभा से सपा प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर के आवास पर सभी धर्म के लोगों ने पहुचकर गले मिलकर ईद की बधाई दी। वहीं सपा के जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, प्रधान नदीम, प्रधान प्रतिनिधि खुर्शीद खान ,सभासद अबरार खान, नफीस खान, आफताब वकील, इमरान खान, भुट्टो खान,निजाम खान, अब्दुल रहीम, इमरान चैधरी, हबीब खान,नफीस खान, मोहम्मद सलीम खान, शोएब खान, फैयाज खान,फजील अहमद, अरबाज खान,शीबू खान, जावेद खान , मंजूर अकरम,अब्दुल रहीम, तौसीफ खान आमिर खान,किसान यूनियन नेता फरीद अहमद, सलीम खान, अलीम, मुहीब, पत्रकार आलोक मिश्रा, के के सिंह,अरुण पांडेय , राजन तिवारी,देवी प्रसाद वर्मा, सोहराब खान, धर्मेंद्र वर्मा, राम सुरेश सिंह बाबा, सुधीर मिश्रा ,एडवोकेट, कमाल, पवन वर्मा, डाक्टर सुरेंद्र, अहमद, अफरोज जमाल खान, रिजवान अहमद, अख्तर रफी, अनवर रफी,अहमद समशाद, नन्हे,राजू, उर्फी अहमद, इमरान अहमद, इमरान अहमद, मास्टर शकील, अदनान, मोहम्मद सहीम, मोहम्मद हसीन, अब्दुल कादिर,सिफवान, फहीम अहमद के आवास पर लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी।

## सांसद ने 10 दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल सौंपी



**बहराइच**। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में चल रहे 09 दिवसीय समारोह के अन्तर्गत विकास भवन में आयोजित वितरण शिविर में मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को 10 मोटराईज्ड ट्राई साईकिल का वितरण किया। मुख्य अतिथि सांसद बहराइच डॉ. गोंड ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुखिया मा. योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याणार्थ अनेकों योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। डॉ. गोंड ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, पैर, ऑख, कॉन अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के माध्यम से सहयोग प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लायी जाये।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा सभी उपस्थित को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए मनीष कुमार तथा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिलाओं को अपराधों से बचने के उपाय बताये गये

**बहराइच**। महिलाओं पर होने वाले अपराधों की पहचान और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 1090 वीमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 सीएम हेल्पलाइन, 112 इमरजेंसी सेवा, 181 झ महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध शिकायत हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गयी। महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे वे लाभान्वित हो सकें। साथ ही मानव तस्करी / बाल तस्करी पर विशेष रूप से जानकारी दी गई कि इन अवैध गतिविधियों से कैसे सतर्क व सुरक्षित रहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल व प्रभावी तरीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें।

## अमेलित शिक्षकों को मिलेगा पुरानी पेंशन का लाभ

**बाराबंकी**। प्रदेश के सभी अमेलित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ

**● माध्यमिक शिक्षक संघ उ0प्र0 प्रांतीय संयोजक ने प्रदेश सरकार का किया आभार व्यक्त**

उ0प्र0 प्रांतीय संयोजक व सिटी इण्टर कालेज प्रधानाचार्य वी0पी0सिंह ने सभी विधायकों, शासन के सभी सक्षम अधिकारियों सहित उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के आमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का शासनादेश जारी होने पर संघर्ष कर रहे अमेलित शिक्षको को राहत मिल गई है।

जिसके लिये आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ उ0प्र0 उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करता है।

## फंदे से लटका मिला युवक

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक अपने ही घर में फंदे से लटका मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। मधुपुर गांव निवासी युवक करन (28 वर्ष) पुत्र हरीराम शनिवार को घर पर अकेला था। उसकी पत्नी मायके गई हुई है और परिजन खेत में काम करने चले गए। घरवालों का कहना है कि वह लोग करीब 11:30 बजे खेत से घर पहुंचे तो देखा कि टीन शेड के पाइप में रस्सी के फंदे के सहारे करन लटका हुआ है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मानदेय वृद्धि की घोषणा से खुश शिक्षामित्र संघ ने किया होली मिलन



सोहावल-अयोध्या। क्षेत्र के ठरेसरी बाबा की कुटिया पर प्राथमिक शिक्षामित्र संघ अयोध्या द्वारा आभार व्यक्त एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। धार्मिक स्थल पर होली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय में 80 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा से खुश होकर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा व संचालन डा0 अनुपम मिश्रा ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व विशिष्ठ अतिथि डा. अमित सिंह चैहान एवं विधायक मिल्कीपुर चंद्रभानु पासवान को शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारियों ने 51 किलो की माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस दौरान विधायकों ने अपने संबोधन में मानदेय वृद्धि को एक बड़ी उपलब्धि बताया है । उन्होंने अभिभावकों से सरकार द्वारा मिलने वाली सब्सिडी राशि का उपयोग बच्चों के भविष्य संवारने में करने के साथ किसान सम्मान निधि की किश्त को कृषि कार्य में लगाने का आग्रह किया। इस मौके पर शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में मानदेय में 80 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा के लिए शासन और स्थानीय जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। विधायक चंद्रभान पासवान के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को पहुंचाने का आह्वान किया। जिसमें मानदेय को 11 महीने से बारह महीने करने की मांग की है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर बृजेश पांडेय,जिला संरक्षक सुल्तानपुर संपूणार्नंद पांडेय,मंडल अध्यक्ष विजयधर मिश्रा, मंडल मंत्री राम प्रकट शर्मा, प्रदेश मंत्री सुशील यादव, प्रदेश प्रवक्ता शिव श्याम द्विवेदी, प्रदेश संगठन मंत्री विनोद वर्मा,ब्लाक अध्यक्ष आशुतोष प्रताप सिंह,मीडिया प्रभारी आशीष श्रीवास्तव,रंजीत तिवारी, मो0 मोबीन, शबनम बानो,विनोद कुमार यादव, शैलेंद्र निषाद, साधना सिंह,गीता देवी,रेखा शुक्ला,संगीता वर्मा,साधना पांडेय, राम दर्शन यादव,राम तीरथ बनोधिया, श्याम लाल प्रजापति,ओम प्रकाश यादव,देव नारायण प्रजापति, अमरेश वर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र और ठरेसरी बाबा के भक्त सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बहू-बेटी सम्मेलन और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं/बालिकाओं को किया गया



**बहराइच**। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमण कर बहू-बेटी चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, उनके अधिकारों, तथा सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, मिशन शक्ति टीमों ने उन्हें विभिन्न सहायता सेवाओं, सरकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उपलब्ध कराई।

## होली मिलन में सजा कवि सम्मेलन



**फतेहपुर**। सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह, पटेल नगर में वरिष्ठ समाजसेवी आर.के. सिंह पटेल और अमन सिंह पटेल के नेतृत्व में होली मिलन समारोह एवं भव्य कविसम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। मुख्य अतिथियों ने की सराहनाकार्यक्रम में जिले के प्रतिष्ठित सामाजिक व्यक्तियों को सम्मानित कर उनके योगदान की प्रशंसा की गई। मुख्य अतिथियों में भाजपा जिला अध्यक्ष अनु श्रीवास्तव, एडीएम अविनाश त्रिपाठी, पूर्व जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार विवेक मिश्रा, पूर्व मंत्री अयोध्या पाल, भाजपा जिला महामंत्री सुशीला मौर्य, पत्रकार अजय उमराव, इरशाद अहमद, प्रमोद श्रीवास्तव और पंकज पांडे शामिल रहे। अतिथियों ने समाज में भाईचारा, सौहार्द और एकता मजबूत करने पर जोर देते हुए आयोजकों की सराहना की। कवि सम्मेलन ने बांधे श्रोताकवि सम्मेलन में कवियों ने सामाजिक सरोकार, देशभक्ति और हास्य-व्यंग्य पर रचनाएं पेश कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिवभूषण सिंह पटेल, हिमांशु कुमार, अनूप सिंह, चंद्रभान पटेल, गोलू पटेल और यशवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सकारात्मक ऊर्जा का आयोजकों ने सभी अतिथियों और उपस्थितजनों का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं।

# देवा महादेवा की धरती पर देखने को मिला आपसी प्रेम तहजीब का संगम



**बाराबंकी**। रमजान-उल-मुबारक के पवित्र महीने के बाद एक मजहबी खुशी के त्यौहार में देवा महादेवा की पावन धरती पर कौमी एकता की मिसाल फिर देखने को मिली है। 30 दिन की इबादत के बाद मनाये

**● शांतिपूर्ण ढंग से मस्जिदों में अदा कराई गयी ईदुल फित्र की नमाज**

जाने वाले त्यौहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाते है। और खुदा से सुख-शांति और बरकत के लिए दुआएं मांगते हैं। जनपद में ईद का त्यौहार बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। ईदगाह परिसर में ईद की नमाज अदा की गयी। उसके बाद सभी ने गले लगकर एक दूसरे को ईद मुबारकबाद दी।

इस मौके पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, उपजिलाधिकारी आनन्द तिवारी सहित जनप्रतिनिधियो ने समाज के कई सम्मानित नागरिको को ईद की बधाई दी। पीरबटावन, सट्टी बाजार, बढियन टोला, कटरा, चंदना, बेगमगंज, रसूलपुर, स्टेशन, बंकी, लखपेड़ाबाग, दीनदयाल नगर, असद नगर, कृष्णा नगर, गयास नगर की मस्जिदों में भी शांतिपूर्ण ढंग से ईदुल फित्र की नमाज पढ़ी गयी।

तो वही ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के शोक में जनपद के ग्राम किंतूर में शिया समुदाय ने ईद की खुशियां नहीं मनाई। सुप्रीम लीडर के पूर्वजों के इसी गांव से जुड़े होने की वजह से यहां के लोग भावनात्मक रूप से रिश्ता निभा रहे हैं। तो वही आल इण्डिया पसमादा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन, सभासद मुजीबुद्दीन अंसारी व सपा नेता हाजी उसामा अंसारी के आवास पर जनपद के कई जनप्रतिनिधियो, बुद्धिजीवियो ने पहुंच ईद की बधाई दी।



## शिमला में डॉ. दिवाकर को मिला साइंटिस्ट आफ द इयर अवार्ड

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के जीव रसायन विभाग कृषि महाविद्यालय में कार्यरत सह प्राध्यापक डॉ दिवाकर सिंह को शिमला में आयोजित 13वीं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस (आईसीएएचएफएस - 2026) के दौरान ह्लसाइंटिस्ट आफ द इयर अवार्डह्न से सम्मानित किया गया।

डॉ दिवाकर ने ह्ल एक्सोजेनस एप्लीकेशन ऑफ ब्रासिनोस्टेरॉइड एनहांसेस यील्ड एंड क्वालिटी ऑफ टोमेटो (सोलेनम लाइकोपरसिकम एल.)ह्न विषय पर अपने शोध पत्र की मौखिक प्रस्तुति दी।

इस मौके पर डॉ दिवाकर सिंह ने उदयपुर राजस्थान की वैज्ञानिक डॉ ऋतु मेहता के साथ मिलकर ह्लमेडिसिनल एन्ड न्यूट्रिशनल एट्रीब्यूट्स आफ मेजर हॉर्टिकल्चरल इटेबल्सह्न पुस्तक प्रकाशित की जिसका अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।

इस कांफ्रेंस का आयोजन संयुक्त रूप से आईसीएफआरई - एचएफआरआई, शिमला, नेशनल मेडिसिनल प्लांट बोर्ड (आरआरएस, एचपी) एवं इस्हार्ड सोसाइटी द्वारा शिमला में किया गया।

# जमीन दिलाने के नाम पर 6 लाख की ठगी का आरोप

जिला संवाददाता

अयोध्या। जिले के खण्डासा थाना क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर ठगी और धमकी का मामला सामने आया है। मोहम्मदपुर अमानीगंज गांव निवासी मोनू ने उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर को शिकायती पत्र देकर कई लोगों पर संगठित तरीके से धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसकी मुलाकात कौशलपुरी फेज-2 में अतुल पाण्डेय और उनकी पत्नी कुसुम पाण्डेय से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती हो गई। आरोप है कि अतुल और कुसुम ने चिरौली गांव में प्लाट दिखाकर उसे खरीदने के लिए प्रेरित किया।

उनके भरोसे में आकर मोनू ने अक्टूबर 2024 से लेकर 2025 तक कुल 6 लाख रुपये दे दिए, जिसमें 1.5 लाख रुपये लिखापढ़ी के साथ, 2 लाख रुपये ऑनलाइन और करीब 2.5 लाख रुपये नकद शामिल हैं। पीड़ित का आरोप है कि पैसे लेने के बाद आरोपियों ने कभी जमीन की रजिस्ट्री नहीं करवाई। जब वह 11 मार्च को रजिस्ट्री कराने के लिए चिरौली स्थित अतुल पाण्डेय के घर पहुंचा और पैसे वापस मांगे, तो वहां पहले से मौजूद अन्य आरोपियों ने उसे कमरे में बंद कर दिया और मारपीट की। साथ ही उसे जान से मारने और झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर भगा दिया। मोनू ने यह भी आरोप लगाया कि यह एक संगठित गिरोह है, जो फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को जमीन दिखाकर ठगता है। आरोपियों पर सरकारी खतौनी में हेराफेरी और कंप्यूटर के माध्यम से नाम एडिट कर फर्जी प्लाट दिखाने का भी आरोप लगाया गया है।

पीड़ित का कहना है कि उसने घटना के दिन ही खण्डासा थाने में शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने प्रशासनिक अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई। वहीं, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर अजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा अब तक ठोस दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं, जिससे धोखाधड़ी की पुष्टि हो सके। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## लेखपाल का रिश्वत लेते वीडियो वायरल



**बहराइच** । तहसील महसी के ग्राम जब्दी के लेखपाल का रुपया लेते वीडियो हो रहा वायरल अधिकारी खामोश एंकर जनपद के तहसील महसी के राजस्व गांव जबदी के बाबा पुरवा निवासी एक काश्तकार ने अपनी खतौनी में त्रुटिपूर्ण रकबे के संशोधन के लिए लेखपाल प्रदीप सिंह को दी थी। लेकिन कई दिनों तक काम ना होने पर है हड़बड़हा चौराहे पर स्थित एक फोटो स्टेट की दुकान लेखपाल से मुलाकात की तो काम के बदले प्रदीप सिंह ने रुपए की मांग की गई। वीडियो की आवाज में स्पष्ट सुनाई दे रहा है कोई तीसरा व्यक्ति काश्तकार से लेखपाल को पांच सौ रुपए देने के लिए कह रहा है शेष पांच सौ रुपए काम हो जाने के बाद देने की बात कही है। जिसके बाद काश्तकार रुपए गिनकर देता है और लेखपाल प्रदीप सिंह घूस के रुपयों को लेकर कागजों के अंदर रखते स्पष्ट देखे जा रहे हैं। यह लेखपाल राजस्व गांव जबदी, मोगलहा व मुआफिक पुर गांव में भी तैनात है।

लेखपाल द्वारा घूस लेते वायरल वीडियो के संबंध में जानकारी के लिए एसडीएम महसी प्रकाश सिंह फोन किया गया तो बताया कि अभी बीसी में हैं बाद में काल करेंगे। बड़ी बात ये है कि लेखपाल के भ्रष्टाचार कर घूस लेते वीडियो वायरल होने के बाद भी अभी तक अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही न किया जाना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना दर्शाता है यही कारण है कि लेखपाल प्रदीप सिंह पर कार्यवाही न करना लेखपाल के मनोबल को बढ़ाना है देखना ये होगा कि भ्रष्टाचारी लेखपाल पर कब कार्यवाही होगी।

## जनपद में पीएम किसान सम्मान निधि से 5,84,304 किसानों को मिला सीधा लाभ

जिला संवाददाता


**बाराबंकी**। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष में किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। हमेशा किसानों की समृद्धि के पुष्प सींचे गए हैं। दर्जनों

**● अप्रैल 2017 से मार्च 2026 तक किसानों के खाते में पहुंची करोड़ों की धनराशि**

**● केंद्र-राज्य की पहल से किसानों को मिला निरंतर सहारा: डीएम**

योजनाओं के जरिए किसानों की आय बढ़ाने का कार्य जारी है।

इसी क्रम में डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। जिले की तो कुल 5,84,304 लाख किसानों को इस योजना से सीधा लाभ मिला है। यह योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है। जिसके तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये (तीन किश्तों में 2,000-2,000 रुपये) दिए जाते हैं। बाराबंकी में समय-समय पर सत्यापन और जांच के बाद पात्र लाभार्थियों की संख्या स्थिर हुई, लेकिन कुल मिलाकर लाखों किसानों को निरंतर सहारा मिला। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में भी योजना का व्यापक प्रभाव रहा है। जिले में लाखों किसान पात्र हुए, जिससे जिले से जुड़े क्षेत्रों में भी कृषि आधारित अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। केंद्र और राज्य की समन्वित नीतियों से किसानों को निरंतर सहारा मिला, जिसने उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित की।



## दो बाइको में सीधी टक्कर, एक लखनऊ रेफर

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र में रायबरेली हाइवे पर रविवार की शाम दो बाइकों में सीधी भिंड़त हो गई। हादसे में एक बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरे बाइक सवार को मामूली चोट आई थी। वह मौके से भाग निकला। एक घायल युवक को लखनऊ रेफर किया गया है। थाना क्षेत्र में रानी बाजार के निकट सरियावां क्षेत्र में हुए इस हादसे में घायल फरहान (29 वर्ष) पुत्र वकील निवासी हल्ले सारी थाना इनायत नगर और जीशान (19 वर्ष) पुत्र शमशाद निवासी बारुन बाजार, इनायतनगर को स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया है। दुर्घटना के समय यह दोनों अयोध्या से इनायतनगर की ओर जा रहे थे जबकि दूसरी ब अयोध्या की और जा रहा था। हादसे में दूसरी बाइक सवार को ज्यादा चोट नहीं आई थी और वह मौके से चला गया जिला अस्पताल से हालत फरहान को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया ह।

# शाखा के माध्यम से होता है व्यक्तित्व निर्माण: शिवम




बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ माधव शाखा का वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में नगर कार्यवाह शिवम जी उपस्थित रहे। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने समता, खेल, दंड, योग आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता शिवम जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना का एक शतक पूर्ण कर लिया है' संघ स्थापना का उद्देश्य संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित कर हिंदुत्व के अधिष्ठान पर अपने इस महान राष्ट्र को समर्थ एवं परम वैभवशाली बनाना है। राष्ट्र निर्माण के अभियान में निरंतर कार्य करने के लिए समर्पित कार्यकर्ता आवश्यक थे, ऐसे कार्यकर्ता निर्माण के लिए संघ संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी ने एक सरल अत्यंत परिणामकारक नित्य लगने वाली शाखा की पद्धति विकसित की। संघ शाखा के माध्यम से स्वयंसेवकों में व्यक्तित्व का निर्माण होता है। संघ के स्वयंसेवक अपने पूर्ण मनोयोग से मां भारती की जय जयकार हो इसके लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। संघ के स्वयंसेवक लगातार सामाजिक समस्याओं व चुनौतियों का समाधान करने में लगे हुए हैं। संघ स्वयंसेवक समाज के सहयोग से स्वास्थ्य शिक्षा संस्कार और स्वावलंबन के विषयों पर सेवा कार्य व अन्य गतिविधियां चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि 100 वर्षों की संघ यात्रा बहुत ही रोचक रही है संघ उपहास विरोध को पार कर स्वीकृति एवं समर्थन प्राप्ति की स्थिति में पहुंच गया है। समाज परिवर्तन के लिए संघ के स्वयंसेवक सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन तथा स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों पर लगातार जन जागरण चला रहे हैं। कार्यक्रम में विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़,जिला कार्यवाह भूपेंद्र, प्रांत सामाजिक समरसता संयोजक वरिष्ठ प्रचारक राजकिशोर, उत्तम, अखिलेश,अनूप,नगर प्रचारक अभिषेक इत्यादि संघ के कार्यकर्ता सहित माधव शाखा के स्वयंसेवक एवं समाज से लोग उपस्थित रहे।

## जेठ के खिलाफ हमला व अभद्रता की रिपोर्ट

**अयोध्या**। कैंट थाना क्षेत्र के मुरावन टोला निवासी एक विवाहिता ने अपने जेठ पर हमला और अभद्रता का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है और रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कराई है। पुलिस को दी गई शिकायत में विवाहिता संगीता पत्नी जगदेव निवासिनी मुरावन टोला,सहादतगंज थाना कैंट का आरोप है कि शुक्रवार की देर रात शराब के नशे में उसके जेठ बबलू दरवाजे पर आये और गाली-गलौच शुरू कर दी। दरवाजे को तोड़ दिया और डंडे से हमला किया। डंडे से मारा,जिससे सिर व पैर में चोट आयी। हल्ला-गोहार पर मोहल्ले के लोगो के एकत्र हुए तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला।

संक्षेप

## फियरलेस+ क्यूडब्ल्यूडी 75 को हैरियर.ईवी में लॉन्च

मुंबई। टाटा.ईवी ने आज भारत की सबसे शक्तिशाली घरेलू एसयूवी, हैरियर.ईवी, के लिए बिल्कुल नया फियरलेस+ क्यूडब्ल्यूडी 75 मॉडल लॉन्च किया है। इस लॉन्च के साथ, ग्राहक अब हैरियर.ईवी की बेजोड़ सुपरकार जैसी परफॉर्मेंस और डुअल-मोटर क्वाड व्हील ड्राइव के साथ कहीं भी जाने की ऑफ-रोड क्षमता का आनंद और भी ज्यादा किफायती कीमत रुपये 26.49 लाख (एक्स-शोरूम) पर ले सकते हैं। ग्राहक को पूरी तरह से मन की शांति देने के लिए हैरियर.ईवी फियरलेस+ क्यूडब्ल्यूडी 75 में सहज ओनरशिप अनुभव के लिए अनलिमिटेड लाइफटाइम बैटरी वारंटी* भी मिलती है। हमें यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि हैरियर.ईवी को हमारे ग्राहकों से कितना प्यार मिला है। सिर्फ 6 महीनों में 13,000 से ज़्यादा हैरियर.ईवी डिलीवर होने के साथ, इसकी क्षमता और संभावनाओं में ग्राहकों ने ज़बरदस्त दिलचस्पी दिखाई है।

## सैमसंग गैलेक्सी एम 17ई 5जी की बिक्री शुरू

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी एम 17ई 5जी की बिक्री की घोषणा की, जो प्रमुख स्मार्टफोन फीचर्स के साथ विश्वसनीय प्रदर्शन और रोजमर्रा की उपयोगिता प्रदान करता है। गैलेक्सी एम 17ई 5जी एक स्मूथ डिस्प्ले, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी, कुशल प्रदर्शन, सक्षम कैमरा और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर के साथ आता है और युवा भारतीय उपभोक्ताओं की गतिशील जरूरतों को पूरा करता है। आज से, गैलेक्सी एम 17ई 5जी Samsung.com, अमेजन और चुनिंदा रिटेल आउटलेट्स पर 13999 रुपये की शुरुआती कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। गैलेक्सी एम सीरीज सैमसंग के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन लाइन-अप में से एक है। और गैलेक्सी एम 17ई 5जी इसी विरासत को आगे बढ़ाता है। चाहे आप अपना पसंदीदा ओटीटी कंटेंट स्ट्रीम कर रहे हों या सोशल मीडिया ब्राउज कर रहे हों, इसका डिस्प्ले सटीक रंगों और स्पष्ट क्लैरिटी के साथ विजुअल्स पेश करता है। वाइब वॉयलेट और ब्लिट्ज ब्लू रंगों में उपलब्ध, गैलेक्सी एम 17ई 5जी आकर्षक सुंदरता के साथ कार्यात्मक डिजाइन का मिश्रण है। इसका टिकाऊ ग्लास फाइबर रीइन्फोर्स्ड पॉलीमर बैक और धूल व पानी से सुरक्षा की रेटिंग वाला मजबूत निर्माण, सक्रिय जीवनशैली वाले युवा उपयोगकर्ताओं के लिए इसे एक भरोसेमंद साथी बनाता है।

## रेड्डीज लैबोरेट्रीज ने लॉन्च किया ओबेडा

नयी दिल्ली। डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज लिमिटेड ने आज ह्यओबेडाह्व ब्रांड नाम के तहत अपने इंजेक्टेबल सेमाग्लूटाइड के लॉन्च की घोषणा की। यह भारत में टाइप 2 डायबिटीज के प्रबंधन के लिए उन्नत जीएलपी -1 रिसेप्टर एगोनिस्ट आधारित थेरेपी तक पहुंच का विस्तार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज का यह लॉन्च हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारत और वैश्विक बाजारों में महत्वपूर्ण उपचार क्षेत्रों में हमारे पोर्टफोलियो का विस्तार करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जीएलपी -1 थेरेपी में हमारी एंट्री जटिल उत्पाद विकास और पेप्टाइड साइंस में हमारी क्षमताओं को प्रतिबिंबित करती है।यह नवाचार और पहुंच को साथ लाकर स्वास्थ्य सेवा में एक विश्वसनीय भागीदार बनने के हमारे दृष्टिकोण को मजबूत करता है।

## स्कोडा ऑटो ने की नयी कुशाक की कीमतों की घोषणा

बंगलुरु। स्कोडा ऑटो इंडिया ने रिफ्रेश्ड और अपग्रेडेड नई कुशाक की कीमतों और कस्टमर डिलीवरी शुरू होने की घोषणा कर दी है। इस साल जनवरी में लॉन्च हुई नई कुशाक, वैल्यू, सेफ्टी, ड्राइविंग डायनामिक्स के मामले में सबसे आगे है और पूरी रेंज में यूरोपियन टेक्नोलॉजी को सबके लिए लाने की ब्रांड की स्ट्रैटेजी को आगे बढ़ाती है। सेगमेंट-फर्स्ट टेक्नोलॉजी जैसे बिल्कुल नया एट-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन, रियर सीट मसाजर, और कई नए फीचर्स के साथ-साथ स्टैंडर्ड इक्विपमेंट के साथ, नई कुशाक 1.0 टीएसआई और नई कुशाक 1.5 टीएसआई दोनों ही स्कोडा ऑटो इंडिया की यूरोपियन इंजीनियरिंग और 5-स्टार सेफ्टी को भारतीय सड़कों पर ज्यादा आसानी से चलने वाली बनाने की स्ट्रैटेजी को फॉलो करती हैं। नई कुशाक सभी वेरिएंट्स में कॉम्पिटिटिव वैल्यू प्राइसिंग, बेहतर स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स और ऑल-राउंड परफॉर्मेंस के जरिए सबसे आगे है।

# कंपनियों की पूंजी 1.02 लाख करोड़ घटी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में एचडीएफसी बैंक रहा।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 30.96 अंक या 0.04 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 36.6 अंक या 0.15 प्रतिशत टूट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। शीर्ष 10 में पांच



कंपनियों का बाजार मूल्यांकन कुल 1,02,771.87 करोड़ रुपये कम हो गया। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 56,124.48 करोड़ रुपये घटकर 12,01,267.28 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 18,009.62 करोड़ रुपये घटकर 4,89,631.32 करोड़ रुपये रह गई। बजाज फाइनेंस के पूंजीकरण में 15,338.42 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,16,715.12 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 7,127.63 करोड़ रुपये घटकर 8,64,940 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 6,171.72 करोड़ रुपये घटकर 8,91,673.06 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 45,942.75 करोड़ रुपये बढ़कर 19,14,235.92 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 24,462.03 करोड़ रुपये बढ़कर 10,52,893.75 करोड़ रुपये और एसबीआई का मूल्यांकन 10,707.52 करोड़ रुपये बढ़कर 9,76,968.57 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 2,624.88 करोड़ रुपये बढ़कर 4,91,610.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 2,473.79 करोड़ रुपये बढ़कर 5,08,789.37 करोड़ रुपये हो गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# एफपीआई ने मार्च में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 88180 करोड़ निकाले

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर होते रुपये और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का भारत की वृद्धि और कंपनियों की कमाई पर असर पड़ने की आशंका के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 88,180 करोड़ रुपये (लगभग 9.6 अरब डॉलर) निकाले हैं।

एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई की यह निकासी फरवरी में उनके द्वारा की गई खरीदारी के बाद देखने को मिली है। फरवरी में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयरों में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जो 17 महीनों का सबसे उंचा आंकड़ा था। हालिया निकासी के साथ 2026 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाल



चुके हैं। मार्च में (20 मार्च तक), एफपीआई हर कारोबारी सत्र में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने इस दौरान 88,180 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। हालांकि, यह निकासी अक्टूबर, 2024 की 94,017 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड निकासी से कम है। एफपीआई की निकासी की मुख्य वजह पश्चिम एशिया तनाव है। इसके अलावा होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से कच्चे तेल का दाम 100 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गया है, जिससे एफपीआई जोखिम लेने से बच रहे हैं। बढ़ता अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल एफपीआई की निकासी की एक और बड़ी वजह है। ज्यादा प्रतिफल ने डॉलर वाली संपत्तियों का आकर्षण बढ़ाया है, जिससे भारत जैसे उभरते बाज़ारों से एफपीआई निकासी कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष ने एफपीआई की बिकवाली को तेज कर दिया है। वैश्विक बाजारों में कमजोरी, रुपये में लगातार गिरावट और भारत की वृद्धि और कंपनियों की कमाई पर कच्चे तेल की उंची कीमतों का असर पड़ने की आशंका ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया है।

# तेलंगाना पर दिसंबर 2025 तक आठ लाख करोड़ रुपये का कर्ज

हैदराबाद। तेलंगाना पर कुल कर्ज दिसंबर, 2025 के अंत तक आठ लाख करोड़ रुपये था। राज्य सरकार द्वारा जारी सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट-2026 से यह जानकारी मिली है। इसमें उसकी इकाइयों का कर्ज और सरकारी गारंटी भी शामिल है।

राज्य सरकार ने कहा कि दिसंबर, 2023 में जब कांग्रेस सत्ता में आई थी, उस समय से लेकर 2025 में उसी महीने तक राज्य और उसकी इकाइयों का कुल कर्ज 3,19,179 करोड़ रुपये था, जिसमें से पुनर्भुगतान (मूलधन और ब्याज) 3,04,202 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट कहती है कि कांग्रेस सरकार के लगभग ढाई साल के कार्यकाल के दौरान उठाए गए कर्ज से पता चलता है कि इसका एक बड़ा हिस्सा हिस्सा मौजूदा कर्ज चुकाने में इस्तेमाल किया गया। इसकी वजह यह है कि दिसंबर, 2023 से पहले के समय से राज्य के ऊपर काफी कर्ज था। इसमें कहा गया,, 31 दिसंबर, 2025 तक कुल बकाया कर्ज 8,00,805 करोड़ रुपये था, लेकिन बकाया देनदारियों में बढ़ोतरी को बड़े और ज़रूरी ब्याज भुगतान के संदर्भ में समझने की ज़रूरत है। यह बहुत ज़्यादा पुराने कर्ज की वजह से है... ब्याज चुकाने के साथ-साथ मूलधन का बड़ा भुगतान किया गया। इस समय के दौरान, राज्य और उसकी कंपनियों ने 3.19 लाख करोड़ रुपये के नए कर्ज लिए।

# पश्चिम एशिया संघर्ष से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रमों और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि वैश्विक बाजारों के रुझान, विदेशी निवेशकों के रुख और रुपये-डॉलर की चाल भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगी।

राम नवमी के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस सप्ताह बाजार आंकड़ों के प्रति संवेदनशील रह सकता है। पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव प्रमुख बाहरी कारक बने रहेंगे और निकट अवधि में बाजार रुझान को तय करेंगे। घरेलू मोर्चे



पर निवेशक विनिर्माण, सेवाओं और कंपोजिट श्रेणियों के लिए एचएसबीसी के पीएमआई के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे, जो व्यावसायिक गतिविधियों के रुझानों का शुरुआती संकेत देगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर होते रुपये और कच्चे तेल की उंची कीमतों का भारत की वृद्धि और कॉरपोरेट आय पर पड़ने वाले प्रभाव की चिंताओं के कारण, विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 88,180 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। बाजारों के अत्यधिक अस्थिर और घटना आधारित रहने का अनुमान है। निकट अवधि की दिशा काफी हद तक पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास उभरती स्थिति पर निर्भर करेगी। किसी भी लंबे व्यवधान के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के स्तर से ऊपर बनी रह सकती हैं। इससे मुद्रास्फीति और चालू खाते का घाटा का दबाव बढ़ सकता है और जोखिम से बचने की धारणा बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि एफआईआई प्रवाह, रुपये की चाल और अमेरिकी डॉलर की मजबूती सहित वैश्विक संकेतों पर नजर रहेगी।

# सरकार ने शहरों में गैस की तेजी से मंजूरी के निर्देश दिये

नयी दिल्ली। सरकार ने गैस वितरण को सुव्यवस्थित करने और आपूर्ति दबाव को कम करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। इसके तहत शहरों में पाइपलाइन गैस परियोजनाओं (सीएनजीपीएनजी) के आवेदन तेजी से निपटाने और प्रमुख क्षेत्रों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

ताकि चुनौतीपूर्ण वैश्विक भू-राजनीतिक हालात के बीच घरेलू और व्यावसायिक जरूरतों को पूरा किया जा सके। एक आधिकारिक बयान के अनुसार पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) ने अपने कार्यालयों को निर्देश दिया है कि वे शहर गैस वितरण (सीजीडी) के सभी आवेदन केवल 10 दिनों में निपटाएं। इसका उद्देश्य पाइपलाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस की व्यवस्था को तेजी से शुरू करना है। बड़े शहरों और शहरी क्षेत्रों में व्यावसायिक एलपीजी उपभोक्ताओं को भी एलपीजी पर निर्भरता कम करने की व्यापक रणनीति के तहत पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) की ओर स्थानांतरित होने की सलाह दी गई है। बयान के अनुसार, घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है, वितरकों के पास गैस की कमी की कोई सूचना नहीं है और देशभर में वितरण सामान्य रूप से हो रहा है।

# सभी तेल-तिलहन में कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में युद्ध के माहौल के कारण बढ़ती आपूर्ति चिंताओं तथा डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के साथ-साथ आवक घटने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। इन कारणों की वजह से सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

शनिवार को ईद के कारण बाजार बंद रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में पिछले सप्ताह भी बाजार मजबूत हुआ। युद्ध से पहले के ।,200 डॉलर प्रति टन के आसपास की कीमत के मुकाबले युद्ध भड़कने के बाद सोयाबीन डीगम तेल का दाम बढ़कर ।,325- ।,330 डॉलर प्रति टन हो गया है। युद्ध बढ़ने के बीच खाद्य तेल



एवं रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित रहने की आशंकाओं से भी खाद्य तेल कीमतों में उछाल आया। बीते सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपया भी अपने सर्वकालिक निचले स्तर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये की इस गिरावट ने आयात को और महंगा बना दिया है। आयात के लिए अर्जेन्टीना से मालवहन का भाड़ा जो युद्ध के पहले 70-75 डॉलर प्रति टन था वह अब बढ़कर लगभग 140 डॉलर प्रति टन हो चला है। रुपये के हिसाब से मालभाड़े में 6-6.50 रुपये प्रति किलो की वृद्धि हुई है। उसपर आयातित खाद्य तेल के बीमा की लागत भी बढ़ गई है। बाजार में किसान आवक भी कम ला रहे हैं। इन सभी परिस्थितियों के बीच खाद्य तेलों के दाम में उछाल आया। उन्होंने कहा कि अपने पिछले सप्ताह के अधिकतम 14 लाख बोरी के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों की आवक लगभग 10 लाख बोरी रह गई। किसान रोक-रोक कर अपना माल बेच रहे हैं। उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से भी अच्छा दाम मिल रहा है। आज की परिस्थितियों में उन समीक्षकों को अपने उन तर्कों पर मौजूदा परिस्थिति में फिर से गौर करना चाहिये कि- खाद्य तेलों के दाम बढ़ने से मंहगाई बढ़ती है - कितना उचित है। मौजूदा स्थिति में सरसों का उत्पादन अधिक है, किसानों को एमएसपी से दाम भी अधिक मिल रहे हैं। पश्चिम एशिया युद्ध के कारण आयातित खाद्य तेलों के दाम आसमान छू रहे हैं।

## आईएचसीएल ने पथ्य के तहत जल प्रबंधन की पहल को आगे बढ़ाया

नयी दिल्ली। विश्व जल दिवस की ओर अग्रसर होते हुए इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) अपने ईएसजी+ फ्रेमवर्क पथ्य के मार्गदर्शन में जल प्रबंधन हेतु अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रही है। पानी एक ऐसा संसाधन है जो साझा है और जो तेजी से कम होता जा रहा है, इसके मद्देनजर आईएचसीएल का दृष्टिकोण अपने होटलों में परिचालन दक्षता से आगे बढ़कर पानी की कमी वाले इलाकों में दीर्घकालिक संरक्षण प्रयासों तक फैला हुआ है। आईएचसीएल में, सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारा दृष्टिकोण, हमारे पथ्य के ईएसजी+ फ्रेमवर्क के जरिए लंबे समय तक मूल्य सृजन के हमारे तरीके में शामिल है। जिन जगहों पर हम होटल संचालित करते हैं वहां हमने विचारपूर्वक जल प्रबंधन का फैसला लिया है।

# चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह में कोयला आयात 4.2 प्रतिशत घटकर 21.31 करोड़ टन

नयी दिल्ली। देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 4.2 प्रतिशत घटकर 21.31 करोड़ टन रहा है। समुद्री मार्ग से ढुलाई महंगी होने के कारण अभी कोयला आयात कमजोर ही रहने की संभावना है।

आयात में गिरावट से पता चलता है कि देश कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, जबकि घरेलू उत्पादन बढ़ रहा है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति में आई बाधा की वजह से वैश्विक स्तर पर तापीय कोयले की कीमतें चढ़ रही हैं। बी2बी ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लि. के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जनवरी के दौरान, गैर-



कोकिंग कोयले का आयात 12.78 करोड़ था, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 14.11 करोड़ टन के आंकड़े से कम है। सेल और टाटा स्टील का संयुक्त उद्यम है। अप्रैल-जनवरी, 2025-26 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.03 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 4.58 करोड़ टन था। जनवरी में देश का कोयला आयात 22.1 प्रतिशत घटकर 1.66 करोड़ टन रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 2.13 करोड़ टन रहा था। जनवरी में हुए कुल आयात में से, गैर-कोकिंग कोयले का हिस्सा 94.5 लाख था, जो पिछले साल जनवरी के आंकड़े 1.23 करोड़ टन से कम है। कोकिंग कोयले का आयात 42.3 लाख था, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 52.3 लाख टन रहा था। घरेलू बाजार में ज्यादा स्टॉक होने की वजह से तापीय कोयले के आयात में काफी गिरावट आई है। समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ आयात और कम रहने की संभावना है।

पेज एक का शेष

## जंग झेल

परिवारों को हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही साथ, मृतकों के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द स्वदेश लाने की व्यवस्था की जाए। ओमान जैसे देशों में अचानक आने वाली बाढ़ बेहद खतरनाक होती है। पहाड़ों पर होने वाली बारिश का पानी सूखी घाटियों से होता हुआ कुछ ही मिनटों में रिहायशी इलाकों और सड़कों तक पहुंच जाता है। त्रिथला का यह परिवार भी इसी जल प्रलय का शिकार हुआ है।

## देश में सबसे

में तीन बार जनता से अभूतपूर्व स्नेह प्राप्त हुआ। जनता का विश्वास, स्नेह और समर्थन उनके प्रति दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इस उपलब्धि को सेवा, कड़ी मेहनत और अटूट प्रतिबद्धता पर आधारित एक मील का पत्थर बताते हुए शाह ने अपने पोस्ट में कहा कि अभूतपूर्व विश्वास और अद्वितीय सेवा पर निर्मित एक दुर्लभ विरासत। प्रधानसेवक मोदी। मोदी ने 7 अक्टूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। वह 21 मई, 2014 तक इस पद पर बने रहे। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 282 सीट के साथ शानदार जीत दिलाने के बाद मोदी ने 26 मई को प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार शपथ ली। भाजपा स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाली पहली गैर-कांग्रेसी पार्टी बनी, जिसने कांग्रेस को मात्र 44 सीट पर समेटते हुए धूल चटा दी।

## मध्य पूर्व एशिया

युद्ध ने विश्वव्यापी ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है जो राष्ट्रीय चरित्र की एक गंभीर परीक्षा है और इससे शांति, धैर्य एवं लोगों में अधिक जागरूकता के जरिये निपटने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि उनकी सरकार अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति शृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों से निपटने के लिए लगातार काम कर रही है। यह पता लगाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि आपूर्ति शृंखला में आए व्यवधानों से हम कैसे पार पा सकते हैं।

## सुपर स्पेशलिटी

ऐसे एएनएम प्रशिक्षण केंद्र, जो पूर्व में बंद हो चुके थे, उन्हें पुनः संचालित किया गया है। इसके साथ ही 31 नए नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में केवल मेडिकल कॉलेज ही नहीं, बल्कि नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थानों की भी समान रूप से अहम भूमिका होती है। यदि डॉक्टर स्वास्थ्य प्रणाली का नेतृत्व करता है, तो नर्सिंग स्टाफ उसकी रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करता है। इसी सोच के साथ प्रदेश में नर्सिंग और पैरामेडिकल शिक्षा को भी समान प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दिए जाने का परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। जहां पहले प्रदेश राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे था, वहीं अब उत्तर प्रदेश इन मानकों पर राष्ट्रीय औसत के करीब पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में भी प्रदेश ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज के तहत प्रदेश में लगभग 9.25 करोड़ लोग जुड़ चुके हैं। इसके अलावा डिजिटल हेल्थ आईडी (आभा आईडी) के रूप में 14 करोड़ 28 लाख से अधिक कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जो नागरिकों को एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद कर रहे हैं। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए 976 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर टेलीमेडिसिन और टेली-कंसल्टेशन की सुविधा शुरू की गई है। इसके साथ ही प्रदेश में रियल टाइम डिजीज ट्रैकिंग की व्यवस्था लागू की गई है, जिससे बीमारियों की निगरानी और नियंत्रण में मदद मिल रही है। प्रदेश में मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पहले जहां स्वास्थ्य क्षेत्र में अव्यवस्था और बाहरी हस्तक्षेप की शिकायतें रहती थीं, वहीं अब ह्लवन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेजह्व की अवधारणा को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत हर जिले में मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं।

## सीएम ने

भ्रमण मार्ग और निरीक्षण स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने पैसेंजर टर्मिनल, कार्गो टर्मिनल, रैली स्थल, पार्किंग, विभिन्न मार्गों और हेलीपैड सहित सभी प्रमुख स्थानों पर चल रही तैयारियों की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत एयरपोर्ट परिसर स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और संचालन योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और प्रत्येक कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विशिष्ट अतिथियों, मीडिया एवं बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति को देखते हुए व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और प्रभावी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को भव्य और विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए व्यापक स्तर पर ब्रांडिंग और प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल से जुड़े सभी मार्गों की सुगमता, साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, परिवहन सुविधा, अग्नि सुरक्षा, चिकित्सा सेवाएं और साइनेज की व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही विभिन्न जनपदों से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग स्थलों पर मोबाइल शौचालय, हेल्प डेस्क, पेयजल और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन, पुलिस और वालंटियर्स की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में प्रशासन और पुलिस द्वारा पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन, पार्किंग और वैकल्पिक मार्गों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था चार स्तरीय रखने का निर्णय लिया गया है।

## धामी कैबिनेट

के इस्तीफे के कारण रिक्त हुआ था। इस वजह से कई विभागों का अतिरिक्त भार मुख्यमंत्री के पास था, जिसे अब व्यवस्थित रूप से बांटा गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह विभागीय पुनर्गठन राजनीतिक संतुलन और प्रशासनिक कुशलता दोनों को ध्यान में रखकर किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रमुख मंत्रालय अपने पास रखना शासन की मजबूत पकड़ को दशार्ता है, जबकि अन्य मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपकर कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।

## होर्मुज स्ट्रेट नहीं

गतिविधि तुरंत रोकने को कहा। इस समूह ने खास समुद्री रास्तों और वैश्विक सप्लाई चेन, खासकर रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षा सुनिश्चित करने की अहमियत पर भी जोर दिया।

जी7 देशों ने कहा कि ईरान को कभी भी न्यूक्लियर हथियार हासिल नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने ईरान से अपना बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम रोकने, इलाके और उससे आगे अपनी अस्थिर करने वाली गतिविधियों को खत्म करने और अपने ही लोगों के खिलाफ भयानक हिंसा और दमन बंद करने की अपील की।

साथ ही, जी7 ने प्रभावित देशों के ऐसे हमलों से खुद को बचाने के अधिकार पर जोर दिया। बयान में कहा गया है कि हम उन देशों के अधिकार का समर्थन करते हैं जिन पर ईरान या ईरानी प्रॉक्सी ने गलत तरीके से हमला किया है कि वे अपने इलाकों की रक्षा करें और अपने नागरिकों की रक्षा करें। हम उनकी सुरक्षा, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए अपने पक्के समर्थन की पुष्टि करते हैं।

ईरान के प्रतिनिधि अली मौसवी ने कहा है कि विदेशी जहाज होर्मुज से गुजर सकते हैं, लेकिन उन्हें ईरान के साथ समन्वय करना होगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि यह रास्ता सिर्फ उन देशों के लिए खुला रहेगा जो ईरान के विरोधी नहीं हैं। उनका कहना है कि मौजूदा तनाव की जड़ अमेरिका और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई है, जिससे खाड़ी क्षेत्र में हालात बिगड़े हैं।

ईरान ने अपने बयान में दोहरा संदेश दिया है। एक तरफ वह कह रहा है कि समुद्री रास्ता पूरी तरह बंद नहीं होगा, ताकि वैश्विक व्यापार प्रभावित न हो। दूसरी तरफ उसने साफ कर दिया है कि दुश्मन देशों के जहाजों को रोकने का अधिकार वह अपने पास रखता है। इससे संकेत मिलता है कि ईरान होर्मुज को एक रणनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है।

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है, जहां से करीब 20 प्रतिशत तेल और गैस की सप्लाई गुजरती है। अगर यह रास्ता बंद होता है तो वैश्विक बाजार में तेल और गैस की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। हाल के हमलों और तनाव के कारण पहले ही ऊर्जा बाजार में उथल-पुथल देखने को मिल रही है।

अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ब्रिटेन की एक परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी एचएमएस एनसॉन के अरब सागर में पहुंचने की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह तैनाती ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तेज करने की चेतावनी दे चुका है, जिससे क्षेत्र में पश्चिमी देशों की नौसैनिक मौजूदगी बढ़ती दिख रही है।

## आधी दुनिया ने

बताया कि 2025 के अंत से कई देशों ने स्कूलों में मोबाइल फोन पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंध लागू किया है, जिससे इस प्रवृत्ति में लगातार बढ़ोतरी हुई है। हाल के समय में बोलीविया, कोस्टा रिका, क्रोएशिया, जॉर्जिया, मालदीव और माल्टा जैसे देश इस सूची में शामिल हुए हैं।

फ्रांस उन देशों में शामिल है जहां इस मुद्दे पर बहस अब भी जारी है। यहां स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर शुरुआती और व्यापक रूप से उद्धृत प्रतिबंधों में से एक लागू किया गया था, जिसके तहत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कक्षाओं में फोन के उपयोग पर रोक है। जीईएम की रिपोर्ट के अनुसार, नीति निर्माता अब इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या और अधिक विनियमन की आवश्यकता है। फ्रांसीसी संसद में विचाराधीन एक विधायी प्रस्ताव का उद्देश्य स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को नियंत्रित करने वाले अधिक विशिष्ट नियम स्थापित करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई मामलों में यह प्रतिबंध पूरे स्कूल समय या कक्षा के भीतर लागू होता है, जबकि कुछ व्यवस्थाओं में केवल शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए या विशेष परिस्थितियों (जैसे दिव्यांग या बीमार छात्रों) में ही फोन के उपयोग की अनुमति दी जाती है, या फिर फोन बंद करके सुरक्षित रखने की शर्त होती है।

## फरसा वाले

चौधरी तथा उसके 18 अन्य साथियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि चौधरी गाजियाबाद का शातिर अपराधी है जिस पर प्रदर्शन की आड़ में सरकारी और निजी गाड़ियों पर हमले, लूट, तोड़फोड़ करने के आरोप हैं।

सूत्रों ने बताया कि शनिवार को हिरासत में लिए गए अभियुक्तों का रविवार को मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष उन्हें पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इनमें बाबा के करीबी चेले भूरा व उसके साथियों के साथ गाजियाबाद के शातिर अभियुक्त दक्ष चौधरी और उसके साथी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बाबा के शिष्य हंगामा कर कथित गोकशों पर गोभक्त चंद्रशेखर दास (57) की हत्या किए जाने का आरोप लगा रहे थे। पुलिस के मुताबिक यह हत्या नहीं बल्कि दुर्घटना है।




# आईपीएल में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे ऋषभ पंत



नयी दिल्ली। भारत की टी20 टीम में वापसी करने की कवायद में लगे ऋषभ पंत 28 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के रूप में पंत के लिए यह सत्र निर्णायक साबित हो सकता है। उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा था। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अगर पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भविष्य में भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा बन सकते हैं। पंत खेल के तीनों प्रारूप में से केवल भारतीय टेस्ट टीम के ही अभिन्न सदस्य हैं जबकि वनडे में वह केएल राहुल के बैकअप विकेटकीपर हैं। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 में भारत की विश्व कप जीत के बाद टी20 टीम में अपनी जगह गंवा दी थी। संजू सैमसन और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए टीम में वापसी करने के लिए उन्हें कुछ खास प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। इसलिए पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे। पंत ने पिछले सत्र में अधिकतर समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी लेकिन तब वह आखिर के कुछ मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उस समय तक हालांकि लखनऊकी वापसी की संभावना समाप्त हो गई थी।

पंत के तीसरे नंबर पर उतरने का मतलब होगा कि निकोलस पूरन को बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना पड़ेगा। एलएसजी की टीम अभी लखनऊमें अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास कर रही है। उसका पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होगा। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और उनके सहयोगी स्टाफ अपने कप्तान के बल्लेबाजी क्रम को लेकर एकमत हैं। आईपीएल सूत्रों के अनुसार, टीम प्रबंधन और पंत दोनों इस बात से सहमत हैं कि उनके लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उपयुक्त होगा।

# सही दिशा में आगे बढ़ रही है पंजाब किंग्स की टीम : इरफान पठान



नयी दिल्ली। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का कहना है कि नीलामी में समझदारी भरे और साहसिक फैसले लेने के बाद पंजाब किंग्स अब सही दिशा में आगे बढ़ रही है जिससे इंडियन प्रीमियर लीग खिताब के लिए उसका लंबा इंतजार खत्म होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पठान ने आईपीएल टुडे लाइव पर कहा कि नेतृत्व में स्पष्टता और अच्छी टीम का चयन करने से पंजाब बेहतर प्रदर्शन करने लग गया है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली यह टीम पिछले साल उपविजेता रही थी।

उन्होंने कहा, पंजाब के लिए टीम को नया स्वरूप देने में उसके नेतृत्व ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। आप आईपीएल के आधे मैच नीलामी में जीतते हैं। बड़ी रकम का मतलब यह नहीं है कि आपको हमेशा वही मिलेगा जो आप चाहते हैं, लेकिन उन्हें वही मिला और वे फाइनल तक पहुंचे। पठान ने कहा कि पंजाब किंग्स ने ग्लेन मैक्सवेल जैसे खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बाहर करने का कड़ा फैसला किया और अपनी बेंच स्ट्रेंथ भी मजबूत की। उन्होंने कहा, पंजाब किंग्स ने कुछ साहसिक लेकिन महत्वपूर्ण फैसले किए। अब उसके पास अजमतुल्लाह उमरज़ई, मार्को यानसेन और मार्कस स्टोइनिस जैसे ऑलराउंडर तथा अच्छे युवा भारतीय बल्लेबाज हैं। श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाने का फैसला करने के बाद उन्होंने उन पर पूरा भरोसा जताया। टीम में स्पष्टता है और मुझे लगता है कि पंजाब सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

एक अन्य विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ने कहा कि पूर्व में टीमों में लगातार बदलाव के कारण पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, जहां सफलता नहीं मिलती, वहां टीमें लगातार फेरबदल करती रहती हैं। एक टीम के 15 तो दूसरी के 17 कप्तान हो चुके हैं। अगर आप अपनी वर्तमान स्थिति को बदलना चाहते हैं, तो स्थिरता अनिवार्य है। चोपड़ा ने हालांकि कहा कि दिल्ली ने हाल के समय में अपनी टीम में स्थिरता प्रदान करने की कोशिश की है जिसका उसे फायदा भी मिला है। उन्होंने कहा, दिल्ली ने 2019 से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और उसकी टीम 2020 में फाइनल में पहुंची थी। इस बार मुझे लगता है कि उसके पास काफी मजबूत टीम है।

## संक्षेप

### कैडेट राष्ट्रीय टेबल टेनिस में बंगाल प्रबल दावेदार

गांधीधाम। यहां सोमवार से शुरू हो रही 87वीं अंतर प्रांत सब जूनियर और कैडेट राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में लड़कों के अंडर 15 वर्ग में 32 टीमें भाग लेंगी। पश्चिम बंगाल खिताब का प्रबल दावेदार है जबकि गत चैम्पियन पीएसपीबी अकादमी की टीम में कई नये खिलाड़ी हैं। बंगाल की टीम में आदित्य दास, रिषभ चटोपाध्याय, हिमोन कुमार मंडल और रूद्रनील जना हैं। तमिलनाडु और महाराष्ट्र से भी कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। गुजरात 182 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रतियोगिता में सभी 32 टीमों को आठ समूहों में बांटा जायेगा। इनकी वरीयता हर टीम के शीर्ष दो खिलाड़ियों के राष्ट्रीय रैंकिंग अंकों के आधार पर तय हुई है। अंडर 11 और अंडर 15 युवा लड़कों के मुकाबले भी साथ में होंगे।

### 26 मार्च से दर्शकों के बिना होगा पीएसएल

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को कहा कि ईरान-अमेरिका-इस्राइल युद्ध के कारण क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पाकिस्तान सुपर लीग का पहला चरण दर्शकों के बिना होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि पीएसएल का यह सत्र कराची और लाहौर में ही खेला जायेगा। उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा पीएसएल अंतरराष्ट्रीय ब्रांड और हमारा गौरव है। यह लीग 26 मार्च से ही होगी लेकिन दर्शकों को अनुमति नहीं रहेगी। पीएसएल के सीईओ सलमान नसीर ने पाकिस्तान में पीएसएल के आयोजन को लेकर किसी तरह की सुरक्षा आशंकाओं को खारिज किया। नकवी ने कहा क्षेत्र के हालात को देखते हुए मितव्ययिता की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है। विदेशी खिलाड़ी आज रात से यहां पहुंच रहे हैं। नकवी ने यह भी कहा कि पीसीबी का कानूनी विभाग उन क्रिकेटरों के मामले देख रहा है जिन्होंने आईपीएल खेलने के लिये पीएसएल अनुबंध रद्द किये।

### बायर्न बुंडेसलीगा खिताब के और करीब पहुंचा

बर्लिन। इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने एक बार फिर गोल किया जिससे बायर्न म्यूनिख ने यूनियन बर्लिन को 4-0 से हराकर 14 वर्षों में अपना 13वां बुंडेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया। केन ने हाफ टाइम के बाद जर्मनी की इस लीग के वर्तमान सत्र में अपना 31वां गोल दागा। अभी इस लीग में सात दौर का खेल होना बाकी है और ऐसे में केन के पास रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के एक सत्र में सर्वाधिक 41 गोल करने का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। बायर्न की तरफ से सर्गे ग्नाब्री ने दो गोल किए और माइकल ओलिस ने भी एक गोल दागा। इस तरह से उसके इस सत्र में 97 गोल हो गए हैं और वह 1971-72 में बनाए गए 101 गोल के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गया है। बायर्न के इस जीत से 27 मैच में 70 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर पर काबिज डॉर्टमंड से नौ अंक आगे हो गया है।

### एनआरएआई के राष्ट्रीय कोच कोर्स का समापन

जमशेदपुर। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के सात दिवसीय राष्ट्रीय कोच कोर्स का रविवार को समापन हो गया जिसका आयोजन जमीनी स्तर पर कोचिंग और देश में निशानेबाजी का वैज्ञानिक आधार पर इकोसिस्टम तैयार करने के लिये किया गया था।

# दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराया

## स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला बराबर की

एजेंसी



वेलिंगटन। कॉनर एस्टरहुइज़न के करियर के पहले अर्धशतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 19 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर कर ली। एस्टरहुइज़न ने 33 गेंदों में अपना पहला अर्धशतक बनाया और वह आखिर में 57 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी ने दोनों टीमों के बीच निर्णायक अंतर पैदा किया क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 164 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 18.5 ओवर में 145 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में दो विकेट पर 63 रन बनाए थे जिसमें टिम रॉबिंसन के 22 गेंद पर बनाए गए 32 रन शामिल हैं। लेकिन इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों ने शिकंजा कस दिया। उसकी तरफ से प्रेनेलन सुब्रायन ने अपने पहले मैच में 13 रन देकर दो जबकि केशव महाराज ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। लगभग तीन साल बाद न्यूजीलैंड की टीम में वापसी करने वाले डेन क्लीवर ने 16 गेंदों में 26 रन बनाकर अपनी टीम की उम्मीद बरकरार रखी लेकिन उनके आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित हो गई।

न्यूजीलैंड के कप्तान जिमी नीशम ने कहा, मुझे लगता है कि 165 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। मुझे नहीं लगता कि यह बहुत बड़ा लक्ष्य था। हमारे कुछ खिलाड़ी अनुभवहीन है जिसका हमें नुकसान हुआ। न्यूजीलैंड की पहले से ही कमजोर टीम टॉम लैथम के चोटिल होने और श्रृंखला के आखिरी दो मैचों के लिए डेवोन कॉनवे, मिचेल सेंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के बाहर होने से और कमजोर पड़ गई। इससे पहले एस्टरहुइज़ेन ने दक्षिण अफ्रीका को तब संभाला जब उसने अपनी पारी की दूसरी ही गेंद पर वियान मुल्डर का विकेट खो दिया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने तीसरे ओवर में एक छक्का और एक चौका, तथा चौथे ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया। इसके बाद उन्होंने पांचवें ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाकर 17 रन बनाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका पावर प्ले में एक विकेट पर 50 रन बनाने में सफल रहा। टोनी डी ज़ोर्ज़ी (23) ने एस्टरहुइज़न के साथ दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की। रुबिन हरमन (26) और डियान फॉरेस्टर (19) ने चौथे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी की।

इनके अलावा जेसन स्मिथ ने 15 गेंदों में 19 रन और जॉर्ज लिंडे ने आठ गेंदों में 14 रन बनाए। पांचवा और अंतिम मैच बुधवार को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर कुछ प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों के चोटिल होने या देर से टीम में शामिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में कुछ टीमों के समीकरण गड़बड़ा गए हैं। कुछ प्रमुख विदेशी खिलाड़ी चोटिल होने के कारण पहले ही पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं जबकि कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारणों से टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे। अगर केवल चोट की बात करें तो कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। उसके भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आकाशदीप चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं जबकि श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीसा पथिराना भी पिंडली में लगी चोट के कारण केकेआर के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

सनराइजर्स हैदराबाद को भी शुरू के कुछ मैच में अपने नियमित कप्तान पैट कमिंस के बिना मैदान पर उतरना होगा जो पीठ में खिंचाव की समस्या से उबर रहे हैं। कमिंस की अनुपस्थिति में ईशान किशन सनराइजर्स की अगुवाई करेंगे। सनराइजर्स के एक अन्य ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स पैर में चोट लगने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड भी चोटिल होने के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से शुरू के कुछ मैच में नहीं खेल पाएंगे। चेन्नई सुपर किंग्स को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी क्योंकि वह हैमस्ट्रिंग की चोट के और बढ़ जाने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

दिल्ली कैपिटल्स के प्रमुख गेंदबाज मिचेल स्टार्क का भी शुरू के कुछ मैचों में खेलना संदिग्ध है क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आगामी व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर को देखते हुए उनके कार्यभार पर नजर रख रहा है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन भी पंजाब किंग्स की तरफ से शुरुआती दौर के मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह अपने परिवार और नवजात बेटे के साथ कुछ समय बिताना चाहते हैं। राजस्थान रॉयल्स को भी इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन के चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो जाने से झटका लगा है। वह टी20 विश्व कप के दौरान चोटिल हो गए थे।

# डुप्लांटिस का नए रिकॉर्ड, लगातार चौथी बार विश्व इंडोर पोल वॉल्ट खिताब जीता




टोरुन (पोलैंड)। आर्मंड डुप्लांटिस ने यूनान के एम्मानौइल करालिस से कड़ी टक्कर मिलने के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट में एक और विश्व खिताब जीता। डुप्लांटिस ने 6.25 मीटर की कूद लगाकर लगातार चौथी बार विश्व इंडोर चैंपियनशिप जीती, जो कि एक साल पहले नानजिंग में उनके पिछले रिकॉर्ड से 10 सेंटीमीटर अधिक है। इन दोनों के अलावा अन्य खिलाड़ी 6.05 मीटर तक ही पहुंच पाए।

डुप्लांटिस ने 6.10, 6.15 और फिर 6.25 मीटर कूद लगाई। करालिस ने 6.10 और 6.15 मीटर की लंबाई सफलतापूर्वक पार की, लेकिन 6.25 पर अपने प्रयास में चूक गए, और लगातार दूसरे वर्ष उपविजेता रहे। डुप्लांटिस ने अपना पोल एक तरफ रख दिया और अपने 6.31 मीटर के उस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं किया, जो उन्होंने पिछले सप्ताह स्वीडन में उनके नाम पर आयोजित मोंडो क्लासिक प्रतियोगिता में बनाया था।

## त्रिकोणीय दोस्ताना मैचों के लिए भारत की अंडर 23 टीम घोषित

नयी दिल्ली। अरूणाचल प्रदेश में आगामी त्रिकोणीय दोस्ताना मैचों के लिये भारत की 24 सदस्यीय अंडर 23 पुरूष फुटबॉल टीम की रविवार को घोषणा कर दी गई। टूर्नामेंट में भारत, भूटान और ताजिकिस्तान की अंडर 23 टीमें भाग लेंगी। यह अरूणाचल प्रदेश के यूपिया में 25 से 31 मार्च तक खेला जायेगा। पहला मुकाबला भूटान और ताजिकिस्तान के बीच 25 मार्च को होगा। भारतीय टीम 28 मार्च को भूटान से खेलेगी और ताजिकिस्तान से 31 मार्च को सामना होगा। सभी मैच शाम सात बजे शुरू होंगे। भारतीय अंडर 23 टीमः

गोलकीपर : दीपेश चौहान, मोहनराज के, प्रियांश दुबे

डिफेंडर : दीपेंदु बिश्वास, हर्ष पालंडे, परमवीर, रिकी मीतेइ हाओबाम, रोनी खारबुडोन, सनातोंबा सिंह, शुभम भट्टाचार्य

मिडफील्डर : ई येसुदासन, लालरेम्टलुआंगा फनाइ, लालरिन्लियाना नाम्टे, मैकार्टोन लुईस निकसन, मोहम्मद सनन के, शिवाल्डो सिंह, तोंबा सिंह हाओबाम, विनित वेंकटेश, जोथान्पुइया

फॉरवर्ड : एडिसन सिंह थोकचोम, लालथांकिमा, मोहम्मद अजसल, सुहेल अहमद भट, थोई सिंह।

# आईपीएल : केइआई बना लखनऊ सुपर जायंट्स का प्रमुख पार्टनर

लखनऊ। केइआई इंडस्ट्रीज, जो भारत में तार और केबल के प्रमुख निमार्ताओं में से एक है, ने इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 19 (28 मार्च 2026 से शुरू) के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ प्रिंसिपल पार्टनर के रूप में एक रणनीतिक साझेदारी की है।

इस साझेदारी का उद्देश्य पूरे भारत में केइआई इंडस्ट्रीज के ब्रांड और व्यवसायिक उपस्थिति को और मजबूत करना है। आगामी आईपीएल सीजन देश के प्रमुख क्रिकेट स्टेडियमों में आयोजित होगा, जो ब्रांड विजिबिलिटी और एंगेजमेंट के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। इस सहयोग के तहत, केइआई जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने और वंचित वर्ग के युवा खिलाड़ियों को समर्थन देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल भी कर रहा है, जो अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरित करने की उसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस पहल को प्रतिष्ठित क्रिकेटरों जैसे ऋषभ पंत ,मयंक यादव , अर्जुन तेंदुलकर अन्य खिलाड़ी सहित एलएसजे टीम के अन्य प्रमुख खिलाड़ियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## एम जे डाफी ने जीता डीपी विश्व पीजीटीआई ओपन खिताब

नूंह। दक्षिण अफ्रीका के गोल्फर एम जे डाफी ने आखिरी दौर में बोगीरहित 69 स्कोर करके तीन लाख डॉलर ईनामी राशि का डीपी विश्व पीजीटीआई ओपन खिताब जीत लिया। डाफी का कुल स्कोर 21 अंडर 267 रहा जिन्होंने अमेरिका के झारेड हैक और भारत के सप्तक तलवार को एक शॉट से हराया। यह होटल प्लानर टूर पर उनका दो महीने में दूसरा खिताब है और वह रोड टू मालोरका रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। तलवार को दूसरे स्थान पर रहने से 27000 डॉलर (करीब 25 लाख रूपये) मिले और डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई आर्डर आफ मेरिट में उन्होंने शीर्ष स्थान कायम रखा।

# भारत व ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला

एजेंसी



मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को अपना 2026-27 का अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जारी किया, जिसमें उसका कार्यक्रम काफी व्यस्त है और इसलिए उसे जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला

**2026-27 के लिए कार्यक्रम जारी**

की प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले तैयारी के लिए बहुत कम समय मिलेगा। अगले साल भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला पैट कमिंस की उम्रदराज टीम के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। उसको इसके लिए तैयारी का बहुत कम समय मिलेगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को दिसंबर और मार्च के बीच 14 सप्ताह के अंदर 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने घरेलू सत्र की शुरुआत अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच से करेगा और इसका समापन मार्च 2027 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर खेले जाने वाले दिन रात्रि टेस्ट मैच से होगा। ऑस्ट्रेलिया की इस व्यस्त कार्यक्रम में भारत के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में असली परीक्षा होगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का वह दौरा कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड और नाथन लियोन जैसे खिलाड़ियों के लिए आखरी चुनौती होगी क्योंकि उन्होंने अभी तक भारत में कभी कोई श्रृंखला नहीं जीती है।

ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट कार्यक्रम इस प्रकार हैः

अगस्तः बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच (घरेलू मैदान पर)

अक्टूबरः दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैच (विदेश में)

दिसंबर-जनवरीः न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैच (घरेलू मैदान पर) जनवरी-मार्चः भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैच (विदेश में)

11-15 मार्चः इंग्लैंड के खिलाफ 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट मैच (घरेलू मैदान पर)।

# गोल्फ : शिखर सिंह ने मारा होल -इन -वन

खेल संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ के गोल्फ सर्किट से एक जबरदस्त खबर सामने आई है, जिसने हर किसी को चौंका दिया। शिखर सिंह नाम के एक गोल्फर ने ऐसा कमाल कर दिखाया है, जिसे हर खिलाड़ी अपने सपनों में देखता है। उन्होंने सुषांत गोल्फ सिटी के पाल्म्स कोर्स में खेलते हुए होल-इन-वन मार दिया—यानी एक ही शॉट में गेंद सीधे होल में डाल दी।

ये शानदार कारनामा उन्होंने होल नंबर 3 पर किया। आमतौर पर इस तरह के शॉट के लिए बहुत सटीकता और कंट्रोल चाहिए होता है, लेकिन शिखर ने इसे बड़े ही आत्मविश्वास के साथ अंजाम दिया। उन्होंने 9-आयरन क्लब का इस्तेमाल किया और जैसे ही शॉट लगाया, वहां मौजूद लोग समझ गए कि कुछ खास होने वाला है। गेंद हवा में एकदम सीधी और बैलेंस्ड ट्रैजेक्टरी में गई। कुछ सेकंड के लिए सबकी नजरें उसी पर टिक गईं। और फिर जो हुआ, वो किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था—गेंद सीधे होल में जाकर गिर गई। जैसे ही ये हुआ, वहां मौजूद सभी लोग खुशी से झूम उठे। तालियां और चीयरिंग शुरू हो गई। गोल्फ में होल-इन-वन बहुत ही रेयर अचीवमेंट मानी जाती है। कई प्रोफेशनल खिलाड़ी भी सालों तक खेलते हैं, लेकिन उन्हें ये मौका नहीं मिलता। ऐसे में शिखर का ये कारनामा और भी खास बन जाता है।

ये सिर्फ एक अच्छा शॉट नहीं था, बल्कि उनके स्किल, फोकस और एक्सपीरियंस का बेहतरीन उदाहरण था। क्लब के मेंबर्स और बाकी खिलाड़ियों ने भी शिखर को जमकर बधाई दी। हर कोई उनके इस शॉट की तारीफ कर रहा था और इसे लंबे समय तक याद रखने वाला पल बता रहा था। कई लोगों ने तो इसे अपने करियर का सबसे यादगार लाइव मोमेंट भी कहा। लखनऊ में गोल्फ का क्रेज धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

## यूपी के चिन्मय देव चौहान और वंश यादव मुख्य ड्रा में

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के चिन्मय देव चौहान व वंश यादव ने आइटा पुरुष प्राइजमनी टेनिस टूनार्मेंट में क्वालीफाइंग मुकाबलों में जीत के साथ मुख्य ड्रा में स्थान सुरक्षित किया। एक लाख रुपए की प्राइजमनी वाले टूनार्मेंट का आयोजन एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में किया जा रहा है। रविवार को क्वालीफायर के अंतिम राउंड में चिन्मय ने यश को 6-0, 6-0 से और वंश यादव ने अक्षित को 6-1, 6-3 से हराया। इसी के साथ दिल्ली के रिकी चौधरी, हरियाणा के सुनील कुमार व हर्ष, पंजाब के जसराज, केरल के कौशिक, राजस्थान के अमित ने भी मुख्य ड्रा में जगह बना ली। एसडीएस टेनिस अकादमी के संस्थापक सदस्य पवन सागर ने बताया कि इंडिया पेस्टीसाइड्स लिमिटेड द्वारा प्रायोजित टूनार्मेंट में 23 मार्च मुख्य ड्रा के मैच की शुरूआत सुबह 8:30 बजे होगी।

# चैंपियंस लीग में लिवरपूल व चेल्सी पर खतरा

एजेंसी




लिवरपूल। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण लिवरपूल और चेल्सी के लिए प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब तो दूर की कौड़ी बनता ही जा रहा है, बल्कि उन पर अब चैंपियंस लीग में जगह बनाने की दौड़ से बाहर होने का खतरा भी मंडरा रहा है। लिवरपूल को इस सत्र में प्रीमियर लीग में 10वीं जबकि चेल्सी को 10 दिनों में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है। शनिवार को ब्राइटन के हाथों 2-1 से मिली हार से लिवरपूल का अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। मौजूदा चैंपियन टीम पिछले तीन मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई है। इसके कुछ घंटों बाद चेल्सी को एवर्टन ने 3-0 से हरा दिया। लिवरपूल लीग में पांचवें स्थान पर बना हुआ है। वह चेल्सी से एक अंक और एक स्थान आगे है। प्रीमियर लीग में शीर्ष पांच में रहने वाली टीम ही अगले सत्र के लिए चैंपियंस लीग में जगह बनाएंगी। वहीं दूसीर ओर मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने कहा कि एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने के बाद से भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने काफी सुधार किया है और उन्होंने भरोसा जताया कि थाइलैंड में होने वाले टूर्नामेंट में उनकी टीम एशिया की मजबूत टीमों के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी। भारतीय टीम टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पहले ही बैंकॉक पहुंच चुकी है। ग्रुप सी में उसका पहला मैच दो अप्रैल को जापान के खिलाफ होगा। इसके बाद वह पांच अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और आठ अप्रैल को चीनी ताइपे का सामना करेगी।

प्रत्येक ग्रुप से दो टीमें, साथ ही तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमें इस वर्ष के अंत में पोलैंड में होने वाले फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। एलेक्जेंडर्सन ने कहा कि अगस्त में क्वालीफाई करने के बाद टीम ने सभी विभागों में काफी सुधार किया है। उन्होंने कहा, काफी सुधार हुआ है। मैंने उन्हें अच्छे मूव बनाते हुए देखा है।

# बिहार ने भारत को किया सदैव समृद्ध

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को दी शुभकामनाएं

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को बिहार स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि वे अपनी प्रतिभा तथा कड़ी मेहनत से बिहार और पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश-विदेश में रहने वाले बिहार के सभी लोगों को बिहार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। विश्व के प्रथम गणराज्य की भूमि होने के साथ-साथ, गौरवशाली साम्राज्यों और महान सांस्कृतिक-आध्यात्मिक धाराओं को जन्म देने वाली इस धरती ने विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देकर, भारत-भूमि को सदैव समृद्ध किया है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि राज्य के निवासी अपनी असीम प्रतिभा और परिश्रम से, बिहार और पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मैं राज्य के, तथा सभी निवासियों के, स्वर्णिम भविष्य की मंगलकामना करती हूं। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक अप्रैल को तुमकुरु स्थित सिद्धगंगा मठ में शिवकुमार स्वामीजी की 119वीं जयंती के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना ने शनिवार को यह जानकारी दी। शिवकुमार स्वामीजी का 111 वर्ष की उम्र में 21 जनवरी, 2019 को तुमकुरु में निधन हो गया था। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 31 मार्च की शाम को बेंगलुरु पहुंचेंगी और अगले दिन सुबह तुमकुरु के लिए रवाना होंगी जहां वह मठ में आयोजित स्मृति कार्यक्रम और अन्य संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होंगी। सोमन्ना ने कहा, एक अप्रैल को वह सुबह नौ बजे प्रस्थान करेंगी और सुबह 9:30 बजे हेलीकॉप्टर से तुमकुरु पहुंचेंगी।

### विकसित भारत की परिकल्पना में स्वस्थ भारत भी शामिल होना चाहिए : उपराष्ट्रपति

पुणे (महाराष्ट्र)। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना में स्वस्थ भारत भी शामिल होना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से संतुलित पोषण लेने, नियमित शारीरिक गतिविधियां करने और प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया। पुणे में महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित निसर्गोपचार आश्रम के 81वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, राधाकृष्णन ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य केवल बीमारी से मुक्त होना नहीं है, बल्कि पूर्ण शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण की स्थिति है। उपराष्ट्रपति ने कहा विकसित भारत की परिकल्पना में स्वस्थ भारत भी शामिल होना चाहिए, जिसमें निसर्गोपचार आश्रम जैसे संस्थान इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लोगों को संतुलित पोषण, नियमित शारीरिक गतिविधि, मानसिक स्वास्थ्य और प्रकृति के अनुरूप जीवनशैली अपनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आश्रम की परिकल्पना करने वाले महात्मा गांधी और इस नेक कार्य के लिए भूमि दान करने वाले किसान के प्रति राष्ट्र कृतज्ञ है। राधाकृष्णन ने कहा, गांधीजी प्रकृति को सबसे बड़ा उपचारक मानते थे और इस बात पर जोर देते थे।

# सरकार के इशारे पर काम कर रहे सीईसी ज्ञानेश कुमार : विपक्षी दल

एजेंसी



नयी दिल्ली। विपक्षी सांसदों द्वारा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग करते हुए संसद में दिए गए नोटिसों में उन पर सरकार के इशारे पर काम करने और एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से बड़े पैमाने पर लोगों को मताधिकार से वंचित करने का भी आरोप लगाया गया है। विपक्षी सदस्यों ने कुमार की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए हैं। संसद के दोनों सदनों में 12 मार्च को प्रस्तुत किए गए नोटिसों में मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ साबित कदाचार के आधार पर सात आरोप सूचीबद्ध किए गए हैं, जिनमें उन्हें पद से हटाने का आह्वान किया गया है। लोकसभा में 130 और राज्यसभा में 63 विपक्षी सांसदों ने सीईसी को हटाने की मांग का प्रस्ताव किया है। इन नोटिस के बारे में पूछे जाने पर राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि विपक्षी सांसद इन पर कार्वाई का इंतजार कर रहे हैं। ओ ब्रायन ने कहा, अगर केंद्र सरकार इन नोटिसों पर कार्वाई नहीं करती है, तो कार्यपालिका और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के बीच मिलीभगत को लेकर संदेह पैदा होगा। सिद्ध कदाचार के आरोपों में विपक्ष ने सीईसी पर स्वतंत्रता और संवैधानिक निष्ठा बनाए रखने में विफल रहने और सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया है। विपक्ष के आरोपों में कुमार की मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्ति की प्रक्रिया के अलावा 17 अगस्त, 2025 को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाना बनाते हुए उनकी पक्षपातपूर्ण प्रेस वार्ता और विपक्षी सदस्यों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार, जांच में बाधा डालना, पारदर्शिता के साधन (टूल्स) उपलब्ध कराने से इंकार करना शामिल हैं। विपक्ष का यह भी आरोप है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद का क्रियान्वयन सत्ताधारी पार्टी के राजनीतिक उद्देश्यों के अनुरूप किया गया। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि बिहार में पिछले साल विधानसभा चुनावों से महज पांच महीने पहले एसआईआर कवायद की घोषणा की गई और ऐसे दस्तावेजीकरण आवश्यकताओं को लागू किया, जिसका प्रभाव समाज के सबसे कमजोर वर्गों को व्यवस्थित रूप से मताधिकार से वंचित करने के रूप में सामने आया।

## संक्षेप

### स्वर्ण सिक्के पर अंकित की जाएगी ट्रंप की छवि

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की छवि देश की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जारी होने वाले एक स्वर्ण सिक्के पर चित्रित की जाएगी। हालांकि इस कदम की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं। एक बयान के मुताबिक, 24 कैरेट के इस स्वर्ण सिक्के पर ट्रंप को मुट्ठी बांधे हुए रेसोल्यूट डेस्क के सहारे खड़े हुए दर्शाया गया है। यह किसी जीवित राष्ट्रपति के सिक्के पर चित्रित होने का दूसरा उदाहरण होगा। इससे पहले, अमेरिका के 30वें राष्ट्रपति कैल्विन कूलिज को जॉर्ज वॉशिंगटन के साथ एक स्मारक सिक्के पर दिखाया गया था। यह सिक्का अमेरिका की आज़ादी के 150 साल पूरे होने के मौके पर 1926 में ढाला गया था। अमेरिकी ललित कला आयोग ने 19 मार्च को अपनी बैठक में स्मारक स्वर्ण सिक्के के डिजाइन को मंजूरी दे दी, जिसे अंतिम आकार तय होने के बाद ढाला जाएगा। अमेरिका के वित्त मंत्री ब्रैंडन बीच ने फॉक्स बिजनेस को दिए एक बयान में कहा, जैसे-जैसे हम अपनी 250वीं वर्षगांठ के करीब पहुंच रहे हैं, हम ऐसे सिक्के तैयार करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं जो हमारे देश और लोकतंत्र की अटूट भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसे सिक्कों के अग्रभाग के लिए हमारे वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप की छवि से अधिक उपयुक्त कोई और छवि नहीं हो सकती।

# रूस व यूक्रेन के हमलों में चार लोगों की मौत

कीव। रूस और यूक्रेन द्वारा शनिवार को किये गए हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमले युद्ध समाप्त करने के तरीके को लेकर अमेरिका-यूक्रेन वार्ता से पहले हुए।

क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव ने बताया कि यूक्रेन के जापोरिजिया शहर में एक मकान पर एक रूसी ड्रोन द्वारा किए गए हमले में एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई जबकि दो बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, रूसी हमलों के कारण उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहिव क्षेत्र के अधिकतर हिस्से में बिजली आपूर्ति गुल हो गई। रूस के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लाडकौव ने बताया कि बेलगोरोड सीमा क्षेत्र में यूक्रेनी गोलाबारी में दो महिलाओं की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गई। अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि मियामी में अमेरिका-यूक्रेन वार्ता रचनात्मक थी। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर भी शामिल हुए और ये जारी मध्यस्थता प्रयासों का हिस्सा थीं।

# दिल्ली में एम्स जैसा संस्थान बनाने की योजना

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि गुरु तेग बहादुर अस्पताल, दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान और राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को एम्स जैसे संस्थान के रूप में एकीकृत करने के प्रस्तावित कदम से राजधानी में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ-साथ स्नातकोत्तर और एमबीबीएस सीट में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सरकारी बयान के अनुसार, दिल्ली सरकार एम्स मॉडल की तर्ज पर एक स्वायत्त चिकित्सा निकाय बनाने के लिए तीनों अस्पतालों का विलय करने की योजना बना रही है। इसमें यह भी कहा गया कि मानव व्यवहार एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (आईएचबीएएस) को दूसरे



राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (एनआईएमएनएचएस-2) के रूप में विकसित करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों के एकीकरण संबंधी पहल का एक प्रमुख उद्देश्य स्नातकोत्तर और एमबीबीएस सीट की संख्या बढ़ाना है ताकि अधिक डॉक्टरों को विशेष प्रशिक्षण मिल सके और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। गुप्ता ने कहा, संस्थानों को एकीकृत करके, हम संकाय, बुनियादी ढांचे और उन्नत चिकित्सा उपकरणों का इष्टतम उपयोग कर पाएंगे, जिससे विद्यार्थियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण अवसर और (मरीजों के लिए) बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित होगी। बयान के अनुसार, गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल, दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान (डीएससीआई) और राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल (आरजीएसएसएच) में वर्तमान में अलग-अलग संचालित विभागों को एकीकृत किया जाएगा ताकि संसाधनों और मानव संसाधन के बिखराव का समाधान हो।

# राहुल गांधी ने बिहार राज्य को ज्ञान-पुंज बताया

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को बिहार दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और राहुल गांधी ने इस राज्य को भारत का ज्ञान-पुंज बताया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार भारत का ज्ञान-पुंज और हमारा गौरव है- जिसने अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति से हमेशा देश का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा, बिहार दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार को लोकतंत्र की पावन धरा और ज्ञान-पंरपरा व सभ्यता का प्रतीक बताया। उन्होंने एक्स पर कहा, इसी भूमि से महात्मा गांधी ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध देशवासियों की आवाज को एक नयी दिशा दी थी।

उन्होंने कहा, बिहार दिवस के इस शुभ अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। खरगे ने कहा, हमारी कामना है कि आप सभी राष्ट्र की प्रगति और विकास में निरंतर अपना अमूल्य योगदान देते रहें। बिहार दिवस 22 मार्च, 1912 को राज्य के गठन की याद में मनाया जाता है।

# न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से मांगी जेलों पर अद्यतन जानकारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे जेलों से संबंधित अद्यतन जानकारी 18 मई तक उपलब्ध कराएं, जिसमें प्रत्येक जेल में कैदियों की स्वीकृत संख्या और क्षमता से अधिक कैदी रखने से रोकने के लिए उठाए गए कदम शामिल हों।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से यह भी कहा कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में महिला जेलों की संख्या और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का ब्योरा दें। पीठ ने कहा कि साथ ही महिला कैदियों के साथ रहने वाले बच्चों की शिक्षा और समग्र कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी दें।

पीठ ने कहा कि जेलों में अमानवीय परिस्थितियों से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले में न्यायालय की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल ने अदालत का ध्यान इस ओर दिलाया है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा प्रस्तुत आंकड़े 2023 के हैं। पीठ ने कहा कि मामले की प्रकृति और प्रभावी निर्णय के लिए अद्यतन और समकालीन आंकड़ों का उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है।

उच्चतम न्यायालय ने 17 मार्च को पारित अपने आदेश में कहा, अतः हम यह उचित समझते हैं कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने-अपने अधिकार क्षेत्र की सभी जेलों से संबंधित अद्यतन और व्यापक आंकड़े रिकॉर्ड पर प्रस्तुत करें।

# सीमा पार तस्करी का भंडाफोड़, 24 किलो हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल के साथ संयुक्त अभियान में तीन लोगों की गिरफ्तारी के साथ सीमा पार तस्करी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और उनसे 24.5 किलोग्राम हेरोइन और 21.5 लाख रुपये नकद बरामद किए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी के पाकिस्तान स्थित दलालों से संबंध थे। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों की पहचान अमृतसर के नूरवाल गांव के रहने वाले जगजीत सिंह उर्फ राणा, अमृतसर के औलख खुर्द के निवासी मनप्रीत सिंह उर्फ प्रीत और अमृतसर के धूपसारी गांव के रोशन सिंह के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पुलिस ने एक मल्टी-कॉप्टर ड्रोन भी बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान स्थित तस्कर सीमा पार से खेप पहुंचाने के लिए करते थे। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा मादक पदार्थों के खेप की आपूर्ति के लिए इस्तेमाल की जा रही दो कारें भी बरामद की हैं।

### राहुल गांधी आज वडोदरा में आदिवासी समुदाय से जुड़े कांग्रेस के कार्यक्रम में शामिल होंगे

वडोदरा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को गुजरात के वडोदरा शहर में पार्टी के आदिवासी अधिकार संविधान सम्मेलन में भाग लेंगे। पार्टी प्रवक्ता मनीष दोशी ने रविवार को बताया कि राहुल गांधी अपराह्न दो बजे हवाई अड्डा पहुंचेंगे और एक घंटे बाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोशी ने कहा, इस कार्यक्रम में गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों के आदिवासी कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होंगे, जो आदिवासी संस्कृति, शिक्षा, वन अधिकार अधिनियम सहित समुदाय को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। शिक्षा, सामाजिक उत्थान, रोजगार, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में कार्यरत आदिवासी कार्यकर्ता पैनल चर्चा में हिस्सा लेंगे और आदिवासियों को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों की समीक्षा करेंगे। दोशी ने कहा कि राहुल गांधी आदिवासियों को सशक्त बनाने के तरीकों और समुदाय के प्रति भाजपा और कांग्रेस के दृष्टिकोण में अंतर पर चर्चा करेंगे। कांग्रेस विधायक अमित चावड़ा ने बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष आदिवासी समुदाय से जुड़े संवाद में शामिल होने के साथ-साथ आदिवासी महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं से सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षिक मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

## इंटरटेनमेंट...

# धुरंधर 2 ने दुनियाभर में कमाये 500 करोड़



मुंबई। फिल्म धुरंधर 2 में रणवीर सिंह ने हमजा अली मजारी (असली नाम जसकिरत सिंह रंगी) का किरदार निभाया है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 ने रिलीज के तीसरे दिन यानी शनिवार को भारत में 113 करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म का पेड प्रीव्यू समेत तीन दिनों में कुल कलेक्शन 339.27 करोड़ रुपए हो गया। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने दुनियाभर में 500 करोड़ रुपए की कमाई कर ली

❍ तीसरे दिन ? 113 करोड़ का कलेक्शन किया पुष्पा 2- जवान और दंगल को पीछे छोड़ा

और पहले शनिवार की कमाई के मामले में इसने पुष्पा 2, जवान, बाहुबली 2 और दंगल जैसी बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया। फिल्म ने अब तक विदेशों में करीब 96.50 करोड़ रुपए कमाए हैं, जिसके चलते दुनियाभर में फिल्म का कुल कलेक्शन 501.04 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च को रिलीज हुई, जबकि इसके पेड प्रीव्यू शो एक दिन पहले 18 मार्च को हुए थे। तीसरे दिन 20,917 शोज में फिल्म की 81.6% ऑक्यूपेंसी रही। हिंदी वर्जन ने 105 करोड़ के साथ सबसे ज्यादा कमाई की। वहीं, तेलुगु में 5 करोड़ और तमिल में 2.95 करोड़ का कलेक्शन हुआ। धुरंधर 2 रिलीज के पहले शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर हिंदी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। इससे पहले अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 के हिंदी वर्जन ने पहले शनिवार को 73.50 करोड़ रुपए की कमाई की थी। जवान ने 68.72 करोड़ रुपए कमाए, जबकि एनिमल ने 58.37 करोड़ रुपए और पठान ने 51.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं, बाहुबली 2 ने 40.50 करोड़ रुपए और केजीएफ चैप्टर 2 ने 40 करोड़ रुपए कमाए। स्त्री 2 ने 43.85 करोड़ रुपए और गदर 2 ने 43.08 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

इसके अलावा संजू ने 38.60 करोड़ रुपए, दंगल ने 33.93 करोड़ रुपए, धुरंधर ने 32 करोड़ रुपए और फफफ ने 24 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन किया था। फिल्म ने दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए की कमाई की। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। वहीं, 894.49 करोड़ रुपए की कमाई के साथ ही यह हिंदी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। विदेशी बाजारों में भी फिल्म धुरंधर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया।

### करण जौहर की 'नजदीकिया' में दिखेंगे 'हीरामंडी' के नवाब ताजदार

मुंबई। ताहा शाह ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि धर्मा प्रोडक्शन के साथ फिर काम करना उनके लिए खास है। बॉलीवुड अभिनेता ताहा शाह बदुशा इन दिनों लगातार चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने 'हीरामंडी' में नवाब ताजदार का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस सीरीज में उनके अभिनय को खूब सराहा गया और इससे उन्हें एक नई पहचान मिली। अब ताहा शाह जल्द ही फिल्म निमार्ता करण जौहर की नई वेब सीरीज 'नजदीकियां' में नजर आने वाले हैं। यह सीरीज धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनेगी और प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी। वेब सीरीज करण जौहर की फिल्म 'कभी अलविदा ना कहना' से प्रेरित हो सकती है, जिसमें रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया था।

### शकीरा का इंडिया कॉन्सर्ट पोस्टपोन

मुंबई। ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा का अप्रैल में होने वाला 'फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट' फिलहाल टाल दिया गया है। ऑर्गनाइजर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और ईरान-इजराइल युद्ध की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अभी तक कॉन्सर्ट की नई तारीखों का एलान नहीं किया गया है। शकीरा का मुंबई में 10-11 अप्रैल और दिल्ली में 15 अप्रैल को परफॉर्म करने का शेड्यूल था। इससे पहले अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट का कॉन्सर्ट भी भारत में दो महीने के लिए आगे बढ़ा दिया गया था। कॉन्सर्ट ऑर्गनाइजर 'डिस्ट्रिक्ट' ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा पोस्ट शेयर किया है।


# लैक्मे फैशन वीक में दिशा पाटनी बनीं शोस्टॉपर



मुंबई। फैशन शो में 'शोस्टॉपर' वह होता है जो डिजाइनर के कलेक्शन का सबसे खास आउटफिट पहनकर रैंप वॉक करता है। मुंबई में शनिवार को लैक्मे फैशन वीक के तीसरे दिन दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया, शनाया कपूर और खुशी कपूर ने अलग-अलग डिजाइनरों के लिए 'शोस्टॉपर' के रूप में रैंप वॉक किया। दिशा पाटनी ने ब्लैक आउटफिट के साथ स्टेटमेंट दुपट्टा और ब्लाउज कैरी किया। उन्होंने बालों को बन में स्टाइल किया, जिसमें कुछ लटें खुली रखीं। ज्वेलरी में डायमंड नेकलेस के साथ एमराल्ड पेंडेंट पहना। वहीं, खुशी कपूर ने भी तीसरे दिन रैंप वॉक किया। उन्होंने फ्लोरल एम्बेलिश्ड क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग लहंगा पहना और कलेक्शन के रंग, पैटर्न और डिटेलिंग की सराहना की। शो का समापन एक्ट्रेस मालविका मोहनन ने किया। उन्होंने ऑल-व्हाइट लुक में क्रॉप्ड जैकेट, व्हाइट शर्ट और असिमेट्रिक स्कर्ट पहनकर रैंप वॉक किया। दिशा पाटनी ने डिजाइनर अमित अग्रवाल के 'ओरिजन' कलेक्शन के लिए शोस्टॉपर के तौर पर रैंप वॉक किया। तमन्ना भाटिया ने डिजाइनर भूमिका शर्मा के 'आफ्टरग्लो' कलेक्शन के लिए रैंप वॉक किया। एक्ट्रेस शनाया कपूर ने डिजाइनर रितिका मीरचंदानी के लिए शोस्टॉपर के रूप में रैंप वॉक किया। डायना पेंटी ने डिजाइनर अंजलि पटेल मेहता के लिए रैंप वॉक किया। निमरत कौर ने डिजाइनर लेबल 'जाजाबोर' के लिए रैंप वॉक किया।

❍ तमन्ना भाटिया और खुशी कपूर ने भी रैंप वॉक किया, देखें तस्वीरें

मालविका मोहनन ने डिजाइनर अनुराग गुप्ता के कलेक्शन के लिए रैंप वॉक कर दिन का समापन किया। लैक्मे फैशन वीक भारत का एक प्रमुख फैशन इवेंट है, जिसे लैक्मे और फकरए वर्ल्डवाइड मिलकर आयोजित करते हैं। अब यह फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी में होता है। यह मंच भारतीय डिजाइनरों को अपने नए कलेक्शन दिखाने और ग्लोबल पहचान बनाने का मौका देता है। यह इवेंट साल में दो बार होता है। मार्च में समर-रिसॉर्ट या फॉल-विंटर कलेक्शन और अक्टूबर में विंटर-फेस्टिव कलेक्शन पेश किए जाते हैं। इसका आयोजन मुख्य रूप से मुंबई में होता है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com